रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16072025-264709
CG-DL-E-16072025-264709

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 425] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 14, 2025/आषाढ़ 23, 1947
No. 425] NEW DELHI, MONDAY, JULY 14, 2025/ASHADHA 23, 1947

खान मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 जुलाई, 2025

सा.का.नि. 468(अ).—केन्द्रीय सरकार, अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2002 (2003 का 17) की धारा 35 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:—

अध्याय 1
प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 है।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**—(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2002 (2003 का 17) अभिप्रेत है;

(ख) "तटीय बालू खनिज" का वही अर्थ होगा जो उसका खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की प्रथम अनुसूची के भाग ख की क्रम संख्या 6 में है;

(ग) "बोर्ड" से परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) की धारा 27 के अधीन गठित परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड अभिप्रेत है;

(घ) "विभाग" से केन्द्रीय सरकार का परमाणु ऊर्जा विभाग अभिप्रेत है;

(ङ) "निदेशालय" से विभाग के अधीन परमाणु खनिज खोज एवं अनुसंधान निदेशालय अभिप्रेत है;

(च) "प्ररूप" से इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(छ) "अवैध खनन" से किसी व्यक्ति या कंपनी द्वारा अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के अधीन यथा अपेक्षित संक्रिया संबंधी अधिकार के बिना किसी अपतट क्षेत्र में या उस अपतट क्षेत्र की सीमाओं के बाहर ऐसा संक्रिया संबंधी है जिसके लिए संक्रिया संबंधी अधिकार प्रदान किया गया है, की गई कोई आवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया या उत्पादन संक्रिया अभिप्रेत है;

परंतु, किसी अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार द्वारा अनुज्ञप्ति क्षेत्र या पट्टा क्षेत्र के भीतर अधिनियम की धारा 35 की उप-धारा (2) के खंड (त क) के अधीन बनाए गए नियमों के अलावा किसी अन्य नियम का उल्लंघन अवैध खनन नहीं माना जाएगा;

(ज) "पट्टा क्षेत्र" से वह क्षेत्र, जिसके लिए अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार उत्पादन पट्टा प्रदान किया गया है, अभिप्रेत है;

(झ) "अनुज्ञप्ति क्षेत्र" से वह क्षेत्र, जिसके लिए अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, अभिप्रेत है;

(ञ) "विहित पदार्थ" से परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) के अधीन विहित पदार्थों की सूची में सम्मिलित खनिज अभिप्रेत हैं;

(ट) "रन-ऑफ-माइन" से पट्टा क्षेत्र के खनिजयुक्त क्षेत्र से ड्रेजिंग या खनन के बाद प्राप्त प्राकृतिक अवस्था में कच्ची, अप्रसंस्कृत या अपरिष्कृत सामग्री अभिप्रेत है;

(ठ) "अनुसूची" से इन नियमों की अनुसूची अभिप्रेत है; और

(ड) "परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य" से परमाणु खनिज का वह ग्रेड अभिप्रेत है, जो अयस्क में निहित विहित पदार्थों के भार के प्रतिशत के रूप में विनिर्दिष्ट है, जैसा कि परमाणु खनिज रियायत नियम, 2016 की अनुसूची क में विनिर्दिष्ट और अधिसूचित किया गया है, जो उस विशेष परमाणु खनिज के लिए प्रारंभिक मूल्य है जो उस रूप में या एक या अधिक खनिजों के साथ पाया जाता है; और

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्दों और अभिव्यक्तियों के, जो इसमें परिभाषित नहीं हैं, किन्तु उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) में परिभाषित है, वही अर्थ होंगे, जो उनके इस अधिनियम या उनके अधीन बनाए गए नियमों में है।

3. लागु होना.—(1)ये नियम केवल ऐसे परमाणु खनिजों से संक्रिया संबंधी अधिकारों पर लागू होंगे जो इस रूप में या एक या एक से अधिक अन्य खनिजों के साथ पाए जाते हैं, परंतु, ऐसे परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक हो।

(2) परमाणु खनिजों से संबंधित संक्रिया संबंधी अधिकार, जहां अयस्क में निहित परमाणु खनिज का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य से कम है, *को यथावश्यक परिवर्तनों सहित,* लागू अपतट

क्षेत्र संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2024 के उपबंधों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

(3) खनिज संसाधनों की विद्यमानता हेतु परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के आकलन के अनुसरण में इन नियमों के लागु होने का अवधारण निदेशालय द्वारा नियम 4 के उप-नियम (5) या नियम 6 के उप-नियम (6) या नियम 7 के उप-नियम (6) के उपबंधों, जैसा भी मामला हो, के अनुसार किया जाएगा ।

(4) यदि एक या एक से अधिक परमाणु खनिज अन्य खनिजों के साथ पाए जाते हैं, लेकिन परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य से कम है, तो उत्पादन संक्रिया, प्रसंस्करण या सज्जीकरण से उत्पन्न किसी भी परमाणु खनिज को परमाणु खनिजों के संरक्षण के संबंध में विभाग द्वारा जारी निर्देशों और रेडियोलॉजिकल सुरक्षा के संबंध में बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और उनका निपटान किया जाएगा।

अध्याय 2
परमाणु खनिजों के लिए अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया

4. अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के परंतुक के अधीन परमाणु खनिजों के लिए अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया.—(1)अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के परंतुक के अधीन अनुमति प्राप्त एजेंसियां, संक्रिया संबंधी अधिकार के बिना परमाणु खनिजों के लिए अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया कर सकती हैं और ऐसी संक्रियाएं अनुसूची क के अनुपालन में की जाएंगी:

परंतु, जहां इस उप-नियम के अधीन अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया की जानी हो, वहां ऐसी संक्रियाएं करने की इच्छुक एजेंसियां, अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया के लिए अपेक्षित क्षेत्र और अवधि के ब्यौरा सहित प्रशासनिक प्राधिकारी को अनुरोध प्रस्तुत करेंगी।

(2) प्रशासनिक प्राधिकारी, विभाग के साथ पूर्व परामर्श करके, अनुरोध प्राप्त होने के तीस दिन की अवधि के भीतर राजपत्र में अधिसूचना जारी करेगा।

(3) अधिसूचना जारी होने पर, प्रशासनिक प्राधिकारी किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी को उस क्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए कोई संक्रिया संबंधी अधिकार नहीं देगा जिसके संबंध में अधिसूचना जारी की गई है।

(4) उप-नियम (1) के अधीन अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया के पूरा होने पर, ऐसी संक्रियाएं करने वाली एजेंसी अनुसूची क में विनिर्दिष्ट प्रारूप में विभाग, निदेशालय और प्रशासनिक प्राधिकारी को अपने निष्कर्षों की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(5) उप-नियम (4) के अधीन भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्राप्त होने पर निदेशालय परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य सहित उस क्षेत्र में परमाणु खनिजों के ग्रेड की तुलना करेगा जहां अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया की गई है और, यदि—

(क) परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य से कम है, तो निदेशालय भूवैज्ञानिक रिपोर्ट की एक प्रति के साथ एक लिखित सूचना केंद्रीय सरकार को प्रदान करेगा, जो अधिनियम की धारा 8, धारा 12 या धारा 13 के अनुसार, और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसे क्षेत्र पर संक्रिया संबंधी अधिकार प्रदान कर सकता है:

परंतु, खोज संबंधी संक्रियाओं या उत्पादन संक्रियाओं के दौरान निष्कर्षित परमाणु खनिजों को परमाणु खनिजों के संरक्षण के संबंध में विभाग द्वारा जारी निर्देशों और रेडियोलॉजिकल

सुरक्षा के संबंध में बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और उनका निपटान किया जाएगा;

(ख) परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक है और,—

(i) संकेतित खनिज संसाधन (332) सिद्ध करने के लिए कम से कम सामान्य खोज (जी2) पूरा हो चुकी है, तो प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा केवल इन नियमों के अनुसार ही उत्पादन पट्टा प्रदान किया जाएगा, या

(ii) यदि अवीक्षण खनिज संसाधन (334) का आकलन करने के लिए कम से कम अवीक्षण सर्वेक्षण (जी4) पूरा हो गया है या उपलब्ध भूविज्ञान आंकड़ों के आधार पर खनिज ब्लॉक की खनिज क्षमता की पहचान कर ली गई है, लेकिन संसाधनों को अभी सिद्ध किया जाना है, तो प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा केवल इन नियमों के अनुसार ही संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी।

(6) निदेशालय, निदेशालय द्वारा तैयार की गई अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया के लिए भूवैज्ञानिक रिपोर्टों की उप-नियम (5) में यथा विनिर्दिष्ट समान जांच करेगा और उप-नियम (5) के खंड (क) और (ख) के अधीन अपेक्षित कार्रवाई के लिए आंकड़ा को प्रशासनिक प्राधिकारी को सौंप देगा।

(7) यदि निदेशालय को उप-नियम (4) के अधीन प्रस्तुत भूवैज्ञानिक रिपोर्ट उप-नियम (5) के अधीन निर्धारण करने के लिए अपर्याप्त लगती है, तो वह निदेशालय द्वारा विनिर्दिष्ट अतिरिक्त आंकड़ों के संबंध में अतिरिक्त सूचना मांग सकता है या आगे अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया तथा निष्कर्ष प्रस्तुत करने का निदेश दे सकता है और ऐसे निष्कर्षों एवं आंकड़ों की प्राप्ति के पश्चात् निदेशालय उप-नियम (5) में यथा निर्दिष्ट कार्रवाई करेगा।

(8) यदि निदेशालय लिखित रूप में सूचित करता है कि अवीक्षण संक्रिया या खोज संबंधी संक्रिया पूरी हो गई है, तो प्रशासनिक प्राधिकारी उप-नियम (2) के अधीन दी गई अधिसूचना को रद्द कर सकता है।

अध्याय 3
खोज और संक्रिया संबंधी अधिकार प्रदान करना

5. विभाग के अनुरोध पर संक्रिया संबंधी अधिकार प्रदान करना.—जहां निदेशालय द्वारा नियम 4 के उप-नियम (5) के उपबंधों के अनुसार अनुसूची क में विनिर्दिष्ट मापदंडों के अनुरूप तैयार की गई भूवैज्ञानिक रिपोर्ट की जांच से यह पता चलता है कि परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक है, वहां प्रशासनिक प्राधिकारी,—

(क) उस क्षेत्र की पहचान और सीमांकन करना जहां, यथास्थिति, संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टा प्रदान किया जाना प्रस्तावित है;

(ख) खंड (क) के अधीन पहचाने गए और सीमांकित क्षेत्र पर संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टा प्रदान करने के लिए सटीक क्षेत्रों के साथ देशांतर और अक्षांश सहित एक प्रस्ताव विभाग और केंद्रीय सरकार को इस अनुरोध के साथ प्रस्तुत करना कि ऐसे उत्पादन पट्टे या संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए सरकार, किसी सरकारी कंपनी या निगम को नामित किया जाए।

6. संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने की प्रक्रिया.—(1)नियम 5 के खंड (ख) के अधीन प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा किए गए अनुरोध के प्रत्युत्तर में, विभाग केन्द्रीय सरकार से परामर्श करके निदेशालय और भावी अनुज्ञप्तिधारी के प्रशासनिक प्राधिकारी को लिखित रूप में सूचित करेगा, साथ ही ऐसे क्षेत्र में परमाणु खनिजों के ग्रेड के बारे में पुष्टि भी करेगा जो परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन सूचित करने पर, केन्द्रीय सरकार, प्रशासनिक प्राधिकारी से परामर्श करके, अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1) के अनुसार ऐसे क्षेत्र को राजपत्र में अधिसूचना द्वारा आरक्षित कर सकेगी।

(3) केन्द्रीय सरकार उप-नियम (2) के अन्तर्गत किसी अपतट क्षेत्र को अधिसूचित करने से पूर्व विभाग; रक्षा मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; गृह मंत्रालय; विदेश मंत्रालय; अंतरिक्ष विभाग; दूरसंचार विभाग; मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अधीन मत्स्यपालन विभाग; पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय; पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय; नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और किसी अन्य मंत्रालय या विभाग, जिसे केन्द्रीय सरकार आवश्यक समझे, से परामर्श करेगी।

(4) उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट सूचना को अधिनियम की धारा 6 के खंड (ख) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनों के लिए क्षेत्र में परमाणु खनिजों के लिए खनिज संसाधनों की विद्यमानता को दर्शाने के लिए साक्ष्य माना जाएगा।

(5) उप-नियम (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्र को अधिसूचित किए जाने पर उप-नियम(1) में विनिर्दिष्ट सूचना की एक प्रति प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा भावी अनुज्ञप्तिधारी को भेजी जाएगी।

(6) उप-नियम (1), उप-नियम (2) और उप-नियम (4) में निहित किसी भी बात के बावजूद, विभाग, जहां भी आवश्यक हो, यूरेनियम और थोरियम युक्त खनिजों के मामले में क्षेत्र और निक्षेप-विशिष्ट प्रारंभिक मूल्यों को अतिरिक्त रूप से अधिसूचित करने के अपने अधिकारों को सुरक्षित रखेगा और विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों के अधीन, परमाणु खनिजों से जुड़े एक या अधिक विशिष्ट खनिजों के लिए संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु प्रशासनिक प्राधिकारी को अधिकृत करेगा।

(7) भावी अनुज्ञप्तिधारी, उप-नियम (5) के अधीन सूचना की एक प्रति प्राप्त होने से दो मास की अवधि के भीतर, विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में एक संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रशासनिक प्राधिकारी को एक आवेदन प्रस्तुत करेगा, साथ ही प्रति मानक ब्लॉक दस हजार रुपये का आवेदन शुल्क भी देना होगा।

(8) प्रशासनिक प्राधिकारी उप-नियम (7) के अधीन सम्यक पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के नब्बे दिन की अवधि के भीतर, संभावित अनुज्ञप्तिधारी को संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए, अनुमोदित गवेषण योजना और संबंधित सरकारी एजेंसियों से अपेक्षित अन्य आवश्यक मंजूरी प्रस्तुत करने के लिए सूचित करेगा;

(9) **उप-नियम (8) के अधीन प्रशासनिक प्राधिकारी से ऐसी सूचना प्राप्त होने पर, भावी अनुज्ञप्तिधारी—**

(क) अध्याय 4 के उपबंधों के अनुसार गवेषण योजना तैयार करेगा और उप-नियम (8) के अधीन प्रशासनिक प्राधिकारी से सूचना जारी करने की तारीख से बारह मास की अवधि के भीतर निदेशालय के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा;

(ख) अनुमानित संसाधनों के मूल्य के 0.25 प्रतिशत के समतुल्य राशि के लिए प्ररूप क में बैंक प्रत्याभूति या प्रतिभूति जमा के रूप में प्रशासनिक प्राधिकारी को निष्पादन प्रतिभूति प्रदान करेगा, जिस निष्पादन प्रतिभूति को प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा गवेषण अनुज्ञप्ति विलेख या संयुक्त अनुज्ञप्ति की निबंधन और शर्तों के अनुसार लागू किया जा सकता है;

(ग) खोज संबंधी संक्रियाएं प्रारंभ करने के लिए तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन अपेक्षित सरकारी प्राधिकारियों से अनुमोदन, अनुज्ञापत्र या अनापत्ति आदि प्राप्त करना;

(घ) यथा निर्दिष्ट अन्य शर्तों को पूरा करेगा।

(10) भावी अनुज्ञप्तिधारी उप-नियम (9) में विनिर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करेगा और ऐसे दस्तावेजों की प्राप्ति के नब्बे दिन की अवधि के भीतर प्रशासनिक प्राधिकारी अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (3) के अधीन संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए भावी अनुज्ञप्तिधारी को आदेश जारी करेगा।

(11) भावी अनुज्ञप्तिधारी उप-नियम (10) के अनुसार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के आदेश की प्राप्ति से नब्बे दिन की अवधि के भीतर गवेषण अनुज्ञप्ति विलेख या संयुक्त अनुज्ञप्ति निष्पादित करेगा और यदि भावी अनुज्ञप्तिधारी की ओर से किसी चूक के कारण उक्त अवधि के भीतर ऐसा कोई विलेख निष्पादित नहीं किया जाता है तो प्रशासनिक प्राधिकारी संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने वाले आदेश को रद्द कर सकेगा और उस स्थिति में उप-नियम (7) के अधीन भुगतान किया गया शुल्क प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा समपहृत कर लिया जाएगा।

(12) **संयुक्त अनुज्ञप्ति का गवेषण अनुज्ञप्ति विलेख निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा, अर्थात्:—**

(क) संयुक्त अनुज्ञप्ति का गवेषण अनुज्ञप्ति विलेख प्ररूप ख में होगा;

(ख) ऐसी संयुक्त अनुज्ञप्ति का क्षेत्र वही होगा जो नियम 5 के खंड (क) में प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ग) विभाग के पूर्वानुमोदन के बिना प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा:

परंतु, विभाग से परामर्श के पश्चात् केंद्रीय सरकार का यह मत है कि परमाणु खनिज या उद्योग के विकास के हित में ऐसा करना आवश्यक है, तो वह लिखित में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, अधिनियम की धारा 13क के अनुसार, किसी खनिज या ऐसे खनिज के निक्षेपों की किसी विनिर्दिष्ट श्रेणी या सहबद्ध खनिजों के ऐसे समूह के संबंध में उक्त क्षेत्र सीमा को बढ़ा या घटा सकेगी।

(घ) यदि परमाणु खनिजों के संबंध में निर्धारित प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक ग्रेड वाले परमाणु खनिज अन्य खनिजों के साथ विद्यमान हैं, तो परमाणु खनिजों सहित ऐसे सभी खनिजों के लिए एक ही अनुज्ञप्तिधारी को संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी।

(13) वह अवधि जिसके लिए संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है, प्रारंभ होने की तारीख वह तारीख होगी जिसको संयुक्त अनुज्ञप्ति का सम्यक् रूप से निष्पादित गवेषण अनुज्ञप्ति विलेख रजिस्ट्रीकृत किया जाता है।

(14) इन नियमों के अधीन प्रदत्त सभी संयुक्त अनुज्ञप्तियां, संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होंगे:

परंतु, प्रशासनिक प्राधिकारी, उक्त अवधि की समाप्ति से पूर्व तीन मास की अवधि के भीतर अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए आवेदन पर, कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करके तथा यथा निर्दिष्ट शर्तों के अधीन अनुज्ञप्तिधारी को खोज संबंधी संक्रियाओं के संतोषप्रद समापन के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा:

आगे यह भी उपबंध है कि प्रथम परंतुक के अधीन बढ़ाई गई अवधि, यदि कोई हो, की समाप्ति पर उसे और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

(15) प्रशासनिक प्राधिकारी, विभाग का पूर्वानुमोदन प्राप्त किए बिना सरकार, सरकारी कंपनी या निगम को दिए गए विद्यमान अनुज्ञप्ति क्षेत्र में पाए गए किसी भी नए खनिज को सम्मिलित नहीं करेगा:

परंतु, प्रशासनिक प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त होने पर अनुज्ञप्तिधारी नए खनिजों सहित गवेषण योजना को संशोधित करेगा तथा निदेशालय से अनुमोदन प्राप्त करेगा:

परन्तु यह और कि, जहां संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के पश्चात्, अनुज्ञप्ति क्षेत्र में एक या एक से अधिक खनिज पाए जाते हैं और ऐसे खनिज संयुक्त अनुज्ञप्ति में सम्मिलित हैं, वहां ऐसे खनिज के लिए संयुक्त अनुज्ञप्ति की अवधि, जो संयुक्त अनुज्ञप्ति में सम्मिलित की गई है, वही होगी जिसके लिए प्रथम संयुक्त अनुज्ञप्ति मूल रूप से प्रदान की गई थी।

(16) संयुक्त अनुज्ञप्ति धारक संयुक्त अनुज्ञप्ति के अधीन क्षेत्र में खोज संबंधी संक्रिया करेगा जिससे खनिज संसाधनों की विद्यमानता का पता लगाया जा सके और खोज संबंधी संक्रियाओं के लिए लागू आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा तथा संयुक्त अनुज्ञप्ति के अधीन क्षेत्र में खोज संबंधी संक्रियाओं से संबंधित सभी रिपोर्ट, अध्ययन और अन्य दस्तावेज निदेशालय और प्रशासनिक प्राधिकारी को प्रस्तुत किए जाएंगे।

(17) **यदि कोई संयुक्त अनुज्ञप्तिधारक,—**

(क) खोज संबंधी संक्रियाओं को पूरा करने में विफल रहता है या अनुसूची क के उपबंधों के अनुसार परमाणु खनिज संसाधनों की विद्यमानता को सिद्ध करने में विफल रहता है, या संयुक्त अनुज्ञप्ति की शर्तों या अधिनियम की आवश्यकताओं और इसके अधीन बनाए गए नियमों का पालन करने में विफल रहता है, ऐसा धारक उत्पादन पट्टा प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं होगा और संयुक्त अनुज्ञप्ति व्यपगत कर दी जाएगी;

(ख) खोज संबंधी संक्रियाओं को पूरा करता है और खोज संबंधी संक्रियाओं के परिणाम को भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के रूप में निदेशालय और प्रशासनिक प्राधिकारी को प्रस्तुत करता है, जिसमें अनुसूची क के अनुरूप खनिज संसाधनों की विद्यमानता को प्रदर्शित किया जाता है, और निदेशालय भूवैज्ञानिक रिपोर्ट की प्राप्ति की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर प्रशासनिक प्राधिकारी को लिखित रूप में भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के अधीन अनुज्ञप्तिधारी के निष्कर्षों की पुष्टि करेगा।

परंतु, भूवैज्ञानिक रिपोर्ट में उत्पादन पट्टा प्रदान करने के लिए आवश्यक क्षेत्र को विनिर्दिष्ट करने वाले ब्यौरा सम्मिलित होंगे

परंतु, निदेशालय को खंड (ख) के अधीन प्रस्तुत भूवैज्ञानिक रिपोर्ट निर्धारण करने के लिए अपर्याप्त लगती है, तो वह अतिरिक्त जानकारी मांग सकता है या निदेशालय द्वारा यथा निर्दिष्ट अतिरिक्त आंकड़ों के संबंध में आगे खोज संबंधी संक्रिया और निष्कर्ष प्रस्तुत करने का निदेश दे सकता है तथा ऐसे निष्कर्षों और आंकड़ों की प्राप्ति पर निदेशालय खंड (ख) में यथा निर्दिष्ट कार्रवाई करेगा:

परंतु, निदेशालय द्वारा अतिरिक्त सूचना या निष्कर्ष प्रस्तुत करने की अपेक्षा के बावजूद, खोज संबंधी संक्रियाएं पूरी करने के लिए अनुज्ञप्तिधारी को उपलब्ध अधिकतम समयावधि उप-नियम (14) में विनिर्दिष्ट अनुसार होगी।

(18) निदेशालय से पुष्टि प्राप्त होने पर, प्रशासनिक प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारी को नियम 7 के उप-नियम (7) के अनुसार उत्पादन पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन करने हेतु अपनी पात्रता की सूचना देगा।

(19) उपनियम (17) के खंड (ख) के अधीन निदेशालय और प्रशासनिक प्राधिकारी को भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने पर, संयुक्त अनुज्ञप्ति धारक इस नियम के अनुसार संपूर्ण क्षेत्र का त्याग कर सकेगा और ऐसे मामले में प्रशासनिक प्राधिकारी यह संतुष्टि हो जाने के पश्चात कि भूवैज्ञानिक रिपोर्ट अनुसूची क के अनुरूप तैयार की गई है, निष्पादन प्रतिभूति वापस कर देगा।

7. **उत्पादन पट्टा प्रदान करने की प्रक्रिया.**—(1)नियम 5 के खंड (ख) के अधीन प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा किए गए अनुरोध के प्रत्युत्तर में, विभाग, केन्द्रीय सरकार के परामर्श से, भावी पट्टेदार के निदेशालय और प्रशासनिक प्राधिकारी को लिखित रूप में सूचित करेगा, साथ ही इस बात की पुष्टि भी करेगा कि ऐसे क्षेत्र में परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन सूचना के पश्चात्, केन्द्रीय सरकार, प्रशासनिक प्राधिकारी के परामर्श से, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1) के अनुसार ऐसे क्षेत्र को आरक्षित करेगी।

(3) केन्द्रीय सरकार उप-नियम (2) के अन्तर्गत किसी अपतट क्षेत्र को अधिसूचित करने से पहले रक्षा मंत्रालय; पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; गृह मंत्रालय; विदेश मंत्रालय; अंतरिक्ष विभाग; दूरसंचार विभाग; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अन्तर्गत मत्स्यपालन विभाग; पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय; पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और केन्द्रीय सरकार आवश्यक समझे जाने वाले किसी अन्य मंत्रालय या विभाग से परामर्श करेगी।

(4) उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट सूचना को अधिनियम की धारा 6 के खंड (ख) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनों के लिए क्षेत्र में परमाणु खनिजों के लिए खनिज संसाधनों की विद्यमानता को दर्शाने के लिए साक्ष्य माना जाएगा।

(5) उप-नियम (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्र को अधिसूचित किए जाने पर, उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट सूचना की एक प्रति प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा भावी पट्टेदार को भेजी जाएगी।

(6) उप-नियम (1), (2) और (4) में निहित किसी भी बात के बावजूद, विभाग, जहां भी आवश्यक हो, यूरेनियम और थोरियम युक्त खनिजों के मामले में क्षेत्र और निक्षेप-विशिष्ट प्रारंभिक मूल्यों को अतिरिक्त रूप से अधिसूचित करने के अपने अधिकारों को सुरक्षित रखेगा और विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट निबंधन और शर्तों के अधीन, परमाणु खनिजों से जुड़े एक या अधिक विशिष्ट खनिजों के लिए उत्पादन पट्टा देने हेतु प्रशासनिक प्राधिकारी को अधिकृत करेगा।

(7) भावी पट्टेदार उप-नियम (5) के अधीन सूचना की प्रति प्राप्त होने से दो मास की अवधि के भीतर, या नियम 6 के उप-नियम (18) के अधीन सूचना की प्रति प्राप्त होने से दो मास की अवधि के भीतर विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में उत्पादन पट्टा प्रदान करने के लिए प्रशासनिक प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करेगा, जिसके साथ प्रति मानक ब्लॉक दस हजार रुपये का आवेदन शुल्क भी होगा।

(8) प्रशासनिक प्राधिकारी उप-नियम (7) के अधीन सम्यक् रुप से पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के नब्बे दिन की अवधि के भीतर, उत्पादन पट्टा प्रदान करने के लिए संभावित पट्टेदार को अनुमोदित उत्पादन योजना और संबंधित सरकारी एजेंसियों से अपेक्षित अन्य आवश्यक मंजूरी प्रस्तुत करने के लिए सूचित करेगा;

(9) **उप-नियम (8) के अधीन प्रशासनिक प्राधिकारी से ऐसी सूचना प्राप्त होने पर, भावी पट्टेदार—**

(क) अध्याय 4 के उपबंधों के अनुसार उत्पादन योजना तैयार करेगा और उप-नियम (8) के अधीन प्रशासनिक प्राधिकारी से संचार जारी करने की तारीख से बारह मास की अवधि के भीतर निदेशालय के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगा;

(ख) प्ररूप ग में बैंक प्रत्याभूति के रूप में या प्रतिभूति जमा के रूप में, अनुमानित संसाधनों के मूल्य के 0.50 प्रतिशत के बराबर राशि के लिए प्रशासनिक प्राधिकारी को एक निष्पादन प्रतिभूति प्रदान करेगा, जिसे प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा अपतट खनिज विकास तथा उत्पादन करार और उत्पादन पट्टा विलेख की शर्तों के अनुसार लागू किया जा सकता है;

(ग) निष्पादन प्रतिभूति को प्रत्येक पांच वर्ष में समायोजित करें ताकि यह अनुमानित संसाधनों के पुनर्मूल्यांकित मूल्य के 0.50 प्रतिशत के अनुरूप बनी रहे;

(घ) उत्पादन संक्रियाएं प्रारंभ करने के लिए तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन अपेक्षित सरकारी प्राधिकारियों से अनुमोदन या अनुज्ञापत्र या अनापत्ति आदि प्राप्त करेगा;

(ङ) इस उप-नियम के खंड (क), (ख), (ग) और (घ) में विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुपालन के बाद केंन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार प्रशासनिक प्राधिकारी के साथ अपतट खनिज विकास और उत्पादन करार पर हस्ताक्षर करेगा; और

(च) यथा निर्दिष्ट अन्य शर्तों को पूरा करेगा।

(10) भावी पट्टेदार उप-नियम (9) में विनिर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करेगा और ऐसे दस्तावेजों की प्राप्ति के नब्बे दिन की अवधि के भीतर प्रशासनिक प्राधिकारी अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (3) के अधीन उत्पादन पट्टा प्रदान करने के लिए भावी पट्टेदार को आदेश जारी करेगा।

(11) भावी पट्टेदार उप-नियम (10) के अनुसार पट्टा प्रदान करने के आदेश की प्राप्ति से नब्बे दिन की अवधि के भीतर उत्पादन पट्टा विलेख निष्पादित करेगा और यदि भावी पट्टेदार की ओर से किसी चूक के कारण उक्त अवधि के भीतर ऐसा कोई विलेख निष्पादित नहीं किया जाता है, तो प्रशासनिक प्राधिकारी उत्पादन पट्टा प्रदान करने के आदेश को रद्द कर सकता है और उस स्थिति में उप-नियम (7) के अधीन भुगतान किया गया शुल्क प्रशासनिक प्राधिकारी के लिए समपहृत कर लिया जाएगा।

(12) उत्पादन पट्टा विलेख निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा, अर्थात्:—

(क) उत्पादन पट्टा विलेख प्ररूप घ में होगा;

(ख) ऐसे उत्पादन पट्टे का क्षेत्र वही होगा जो नियम 5 के खंड (क) में प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ग) विभाग के पूर्वानुमोदन के बिना प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा:

परंतु, यदि विभाग से परामर्श के पश्चात् केंद्रीय सरकार का यह मत है कि परमाणु खनिज या उद्योग के विकास के हित में ऐसा करना आवश्यक है, तो वह लिखित में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, अधिनियम की धारा 13क के अनुसार, किसी खनिज या ऐसे खनिज के निक्षेपों की किसी विनिर्दिष्ट श्रेणी या सहबद्ध खनिजों के ऐसे समूह के संबंध में उक्त क्षेत्र सीमा को बढ़ा या घटा सकेगी।

(घ) यदि परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक ग्रेड वाले परमाणु खनिज अन्य खनिजों के साथ मौजूद हैं, तो परमाणु खनिजों सहित ऐसे सभी खनिजों के लिए उत्पादन पट्टा उसी पट्टेदार को प्रदान किया जाएगा।

(13) जिस अवधि के लिए उत्पादन पट्टा प्रदान किया जाता है, उसके प्रारंभ की तारीख वह तारीख होगी जिस दिन विधिवत् निष्पादित उत्पादन पट्टा रजिस्ट्रीकृत किया जाता है।

(14) इन नियमों के अधीन प्रदत्त सभी उत्पादन पट्टे, उस अवधि के लिए प्रदान किए जाएंगे जब तक कि खान में ऐसे खनिजों का सम्पूर्ण भंडार व्यपगत नहीं हो जाता।

(15) प्रशासनिक प्राधिकारी, विभाग के पूर्वानुमोदन के बिना सरकार, सरकारी कंपनी या निगम को प्रदत्त मौजूदा पट्टा क्षेत्र में पाए गए किसी भी नए खनिज को सम्मिलित नहीं करेगा:

परंतु, विभाग से अनुमोदन प्राप्त होने पर पट्टेदार नये खनिजों सहित उत्पादन योजना को संशोधित करेगा तथा निदेशालय से अनुमोदन प्राप्त करेगा:

आगे यह भी उपबंध है कि जहां उत्पादन पट्टा दिए जाने के पश्चात् पट्टा क्षेत्र में एक या एक से अधिक खनिज पाए जाते हैं और ऐसे खनिज उत्पादन पट्टे में सम्मिलित हैं, वहां ऐसे सम्मिलित खनिज के लिए उत्पादन पट्टे की अवधि वही होगी जिसके लिए प्रथम उत्पादन पट्टा मूलतः स्वीकृत किया गया था।

8. संक्रिया संबंधी अधिकार धारक द्वारा परमाणु खनिजों की खोज.—(1)यदि अपतट क्षेत्र संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2024 के अधीन प्रदान किए गए संक्रिया संबंधी अधिकार का धारक किसी परमाणु खनिज की खोज करता है, तो उसे विभाग, निदेशालय और प्रशासनिक प्राधिकारी को विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में इसकी रिपोर्ट देनी होगी।

(2) उप-नियम (1) के अधीन रिपोर्ट प्राप्त होने पर निदेशालय उस क्षेत्र में परमाणु खनिजों के ग्रेड की तुलना परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के साथ करेगा जिसके लिए संक्रिया संबंधी अधिकार प्रदान किया गया है, और—

(क) यदि परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य से कम है, तो संक्रिया संबंधी अधिकार धारक अपतट क्षेत्र संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2024 के उपबंधों के अनुसार अपने संक्रिया संबंधी जारी रख सकता है;

(ख) यदि परमाणु खनिजों का ग्रेड परमाणु खनिजों के संबंध में प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक है, तो,

(i) धारा 12 के अधीन संयुक्त अनुज्ञप्ति के मामले में, ऐसा संयुक्त अनुज्ञप्ति धारक विभाग के परामर्श के पश्चात् प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा, केवल तभी संयुक्त अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का पात्र होगा, जब वह सरकार, सरकारी कंपनी या निगम है; या

(ii) उत्पादन पट्टे के मामले में, पट्टेदार उस विशेष खनिज के लिए उत्पादन संक्रिया जारी रखेगा, जिसके लिए उत्पादन पट्टा विभाग के पूर्वानुमोदन से प्रदान किया गया था और विभाग द्वारा अस्वीकृत किए जाने की स्थिति में, प्रशासनिक प्राधिकारी के परामर्श के पश्चात्, केन्द्रीय सरकार द्वारा उत्पादन पट्टा व्यपगत कर दिया जाएगा:

परंतु, उत्पादन संक्रियाओं के दौरान इस प्रकार खोजे गए परमाणु खनिजों का, परमाणु खनिजों के संरक्षण के संबंध में विभाग द्वारा जारी निर्देशों तथा विकिरण सुरक्षा के संबंध में बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रयोग और निपटारा किया जाएगा:

परंतु, केन्द्रीय सरकार संयुक्त अनुज्ञप्ति को व्यपगत कर दे या यदि केन्द्रीय सरकार विभाग द्वारा अस्वीकृत करने के आधार पर उत्पादन पट्टे को व्यपगत कर दे तो केन्द्रीय सरकार खोज संबंधी संक्रिया के धारक को ऐसी राशि का भुगतान करेगी जो उसकी राय में, यथास्थिति, ऐसी खोज संबंधी संक्रिया या उत्पादन संक्रिया पर किए गए व्यय का उचित अनुमान होगी।

(3) यदि निदेशालय को उप-नियम (1) के अधीन प्रस्तुत रिपोर्ट उप-नियम (2) के अधीन निर्धारण करने के लिए अपर्याप्त लगती है, तो वह संक्रिया संबंधी अधिकार धारक से अतिरिक्त सूचना मांग सकता है या संक्रिया संबंधी अधिकार धारक को खोज जारी रखने तथा निदेशालय द्वारा यथा निर्दिष्ट अतिरिक्त आंकड़ों के संबंध में निष्कर्ष प्रस्तुत करने का निदेश दे सकता है।

(4) उप-नियम (3) में विनिर्दिष्ट निष्कर्ष और आंकड़ा प्राप्त होने पर निदेशालय उप-नियम (2) में यथा निर्दिष्ट कार्रवाई करेगा।

अध्याय 4
परमाणु खनिजों के लिए गवेषण योजना और उत्पादन योजना

9. गवेषण योजना.—नियम 6 के उप-नियम (10) के अधीन दी गई संयुक्त अनुज्ञप्ति के संबंध में कोई भी खोज संबंधी संक्रिया नहीं की जाएगी, सिवाय उस गवेषण योजना के अनुसार जो अपतट क्षेत्र खनिज संरक्षण और विकास नियम, 2024 के अधीन तैयार, प्रस्तुत, अनुमोदित, संशोधित और समीक्षा की गई हो।

(2) यदि नियम 6 के उपनियम (10) के अधीन प्रदत्त संयुक्त अनुज्ञप्ति, उपनियम (12) के खंड (ग) या नियम 6 के अनुसार परमाणु खनिजों से भिन्न खनिजों के लिए भी है, तो अनुज्ञप्तिधारी संयुक्त अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परमाणु खनिजों सहित सभी खनिजों के संबंध में खोज संबंधी संक्रियाएं करने के लिए एक संयुक्त गवेषण योजना तैयार करेगा।

10. उत्पादन योजना.—नियम 7 के उप-नियम (10) के अधीन प्रदत्त उत्पादन पट्टे के संबंध में कोई भी उत्पादन कार्य नहीं किया जाएगा, सिवाय उस उत्पादन योजना के अनुसार जो अपतट क्षेत्र खनिज संरक्षण और विकास नियम, 2024 के अधीन तैयार, प्रस्तुत, अनुमोदित, संशोधित और समीक्षा की गई हो।

(2) यदि नियम 7 के उपनियम (10) के अधीन प्रदत्त उत्पादन पट्टा, नियम 7 के उपनियम (12) के खण्ड (ग) के अनुसार, परमाणु खनिजों से भिन्न खनिजों के लिए भी है, तो पट्टेदार, परमाणु खनिजों सहित, उत्पादन पट्टे में विनिर्दिष्ट सभी खनिजों के संबंध में उत्पादन संक्रियाएं करने के लिए एक संयुक्त उत्पादन योजना तैयार करेगा।

अध्याय 5
संयुक्त अनुज्ञप्ति और उत्पादन पट्टा की निबंधन और शर्तें

11. संयुक्त अनुज्ञप्ति के निबंधन और शर्तें.—(1) प्रत्येक संयुक्त अनुज्ञप्ति निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगी, अर्थात्:—

(क) अनुज्ञप्ति क्षेत्र के लिए अनुज्ञप्तिधारी वाणिज्यिक प्रयोजनों के अतिरिक्त

(i) अनुसूची ख के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट सीमाओं के भीतर ऐसे परमाणु खनिजों की बिना किसी भुगतान की कोई मात्रा;

(ii) ऐसे खनिजों की कोई मात्रा जो अनुसूची ख के स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक न हो, उन खनिजों के संबंध में अधिनियम की प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट स्वामिस्व के भुगतान पर अन्य प्रयोजनों के लिए खनिज निष्कासन कर सकता है और ले जा सकता है:

परंतु, यदि इस खंड में विनिर्दिष्ट मात्रा से अधिक कोई मात्रा जीती है और ले जाई जाती है, तो प्रशासनिक प्राधिकारी जीती और ले जाई गई खनिजों की अधिक मात्रा का कीमत वसूल करेगा और अधिनियम की धारा 23 के अधीन कार्रवाई प्रारंभ कर सकेगा;

(ख) प्रशासनिक प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, अनुज्ञप्तिधारी, रासायनिक, धातुकर्म, सज्जीकरण या अयस्क की ड्रेसिंग करने तथा अन्य परीक्षण प्रयोजनों के लिए अधिनियम की प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट स्वामिस्व के भुगतान पर, अनुसूची ख में विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक मात्रा में परमाणु खनिजों को ले जा सकता है;

(ग) यदि अनुज्ञप्तिधारी अवैध खनन के लिए दोषसिद्ध हो जाता है और ऐसी दोषसिद्धि के आदेश के क्रियान्वयन को निलम्बित करने वाला किसी न्यायालय के कोई आदेश नहीं हैं, तो केंद्रीय सरकार, विभाग के परामर्श से और प्रशासनिक प्राधिकारी को सूचना देकर, अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन प्रारंभ की जाने वाली किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसी संयुक्त अनुज्ञप्ति को व्यपगत कर सकेगी और अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात तथा कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करके अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करने के पश्चात, प्रशासनिक प्राधिकारी को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत संपादन प्रतिभूति को समपहृत कर सकेगी;

(घ) अनुज्ञप्तिधारी खोज संबंधी संक्रियाओं से प्रभावित समुद्र तल के प्राकृतिक पुनर्वास को समर्थ बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम और उपाय करेगा, जिसमें केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा निर्दिष्ट कोई भी उपाय सम्मिलित होंगे;

(ङ) अनुज्ञप्तिधारी परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) सहित अधिनियम, नियमों और तत्समय प्रवृत्त विधियों के उपबंधों का अनुपालन करेगा;

(च) अनुज्ञप्तिधारी सभी खोज आंकड़े, रिपोर्ट, नमूने, जिसमें खनिज निष्कासन और निकाले गए ऐसे नमूनों की मात्रा से संबंधित आंकड़े और खोज संबंधी संक्रिया के दौरान उसके द्वारा एकत्र की गई अन्य सुसंगत जानकारी सम्मिलित है, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण निदेशालय, विभाग, प्रशासनिक प्राधिकरी और यथा निर्दिष्ट ऐसे अन्य प्राधिकारी को उपलब्ध कराएगा और निम्नलिखित रिपोर्टें प्रस्तुत करेगा, अर्थात्:—

(iii) तिमाही की समाप्ति के पश्चात तीस दिन की अवधि के भीतर त्रिमासिक रिपोर्ट;

(iv) वर्ष की समाप्ति के पश्चात साठ दिन की अवधि के भीतर वार्षिक रिपोर्ट;

(v) संयुक्त अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट कोई अन्य रिपोर्ट;

(छ) अनुज्ञप्तिधारी खोज संबंधी संक्रियाओं के दौरान एकत्रित किसी भी आंकड़ा को प्रशासनिक प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना भंडारकरण, प्रसंस्करण या निर्वचन के लिए किसी तृतीय पक्षकार के साथ साझा नहीं करेगा;

(ज) अनुज्ञप्तिधारी उसका निरीक्षण करने के प्रयोजन के लिए अनुज्ञप्ति क्षेत्र में किसी जलयान, प्लेटफार्म, स्थापना या किसी अन्य अवसंरचना में प्रवेश करने वाले विभाग या निदेशालय या प्रशासनिक प्राधिकारी या केन्द्रीय सरकार द्वारा किसी प्राधिकृत प्राधिकारी को अनुज्ञात करेगा;

(झ) अनुज्ञप्तिधारी खोज संबंधी संक्रियाओं पर उसके द्वारा किए गए सभी व्ययों का सटीक और सही लेखा रखेगा, तथा ऐसी संक्रियाओं के दौरान प्राप्त सभी खनिजों की मात्रा और अन्य ब्यौरे और उनके प्रेषण का लेखा भी रखेगा;

(ञ) अनुज्ञप्तिधारी, उस जलयान या संस्थापन पर खोज संबंधी संक्रियाओं के दौरान एकत्रित आंकड़ों का दैनिक लॉग बनाएगा जिसके द्वारा अनुज्ञप्ति क्षेत्र में ऐसी संक्रियाएं की जा रही हैं और विभाग या निदेशालय या केंद्रीय सरकार या इस संबंध में प्रशासनिक प्राधिकरी द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी अधिकारी को ऐसे आंकड़ा लॉग का निरीक्षण करने की अनुमति देगा और अनुज्ञप्तिधारी, संयुक्त अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किसी भी अन्य रिपोर्ट देने से संबंधित आवश्यकताओं का भी अनुपालन करेगा;

(ट) अनुज्ञप्तिधारी को जलयानों, ड्रोनों को तैनात करने और अनुज्ञप्ति क्षेत्र में ऐसे सभी अस्थायी बोया, संरचनाओ, भाप और अन्य इंजनों, मशीनरी, सुविधाओं और मालमत्ता को लाने का अधिकार होगा, जिन्हें उसकी खोज संबंधी संक्रियाओं को प्रभावी ढंग से चलाने या वहां कामगारों के रोजगार के लिए उचित और आवश्यक समझा जा सकता है;

(ठ) अनुज्ञप्तिधारी को अपतट क्षेत्रों में जलयानों, प्रतिष्ठानों, मशीनरी, इंजनों, प्लेटफार्मों, ड्रोनों और अन्य प्रतिष्ठानों या उपस्करों की आवाजाही और तैनाती से संबंधित सभी लागू विधियों और विनियमों का पालन करना होगा;

(ड) अनुज्ञप्तिधारी यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी जलयान, स्थापना, मशीनरी, इंजन, प्लेटफॉर्म, ड्रोन और अन्य स्थापनाएं या उपस्कर जो उसके द्वारा अपतट क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं, उन

पर उपग्रह ट्रेकिंग उपस्कर और यात्रा आंकड़ा रिकॉर्डर जैसे उपस्कर लगे हों और उनका उपयोग किया जाए, जो उनके क्रियाकलापों पर मॉनीटरी रखते हैं और रिपोर्ट करते हैं;

(ढ) अनुज्ञप्तिधारी, संयुक्त अनुज्ञप्ति की समाप्ति या अवसान या संक्रिया संबंधी के परित्याग या अतिरिक्त क्षेत्र के अभ्यर्पण की तारीख के पश्चात छह मास की अवधि के भीतर, जो भी पहले हो,—

(i) खोज संबंधी संक्रियाओं से प्रभावित समुद्र तल के प्राकृतिक पुनर्वास को समर्थ बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा, जिसमें केंद्रीय सरकार द्वारा यथानिर्दिष्ट कोई भी उपाय सम्मिलित है; और

(ii) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञप्ति क्षेत्र में या उसके भीतर बनाए गए या लाए गए सभी जलयानों, संरचनाओं, उत्प्लवों, इंजनों, मशीनों, औजारों, उपस्करों और अन्य संपत्ति और मालमत्ता को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा खनिज निष्कासन के अर्जित सभी खनिजों के साथ अपनी लागत शीघ्रता से हटाएगा:

परंतु, इस खंड के उपबंध उस क्षेत्र के मामले में लागू नहीं होंगे, जिस पर अनुज्ञप्तिधारी को संयुक्त अनुज्ञप्ति की समाप्ति या समाप्ति पर या उससे पहले उत्पादन पट्टा दिया गया हो, जैसा भी मामला हो;

(ण) अनुज्ञप्तिधारी खोज संबंधी संक्रिया प्रारंभ करने से कम ये कम दो मास पहले विभाग, निदेशालय, प्रशासनिक प्राधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो और नौसेना मुख्यालय (नौसेना आसूचना निदेशालय), रक्षा मंत्रालय को नोटिस देगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी संक्रियाओं से संक्रिया संबंधी क्षेत्र में किसी भी नौसैनिक अभ्यास में बाधा न आए;

(त) यदि विदेशी अधिवसित इकाईयां या विदेशी ईकाईयां या ठेकेदार, कार्मिक, जलयान या उपस्कर खोज संबंधी संक्रियाओं के लिए नियुक्त या तैनात किए जाते हैं, तो सरकारी प्राधिकारियों से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा, जिसमें केन्द्रीय सरकार द्वारा अनिवार्य घोषित किए गए कोई विशिष्ट अनुमोदन भी सम्मिलित है; एकत्र किया गया कोई भी आंकड़ा और निष्पादित कार्य अनुज्ञप्तिधारी के भारतीय प्रतिनिधियों के पर्यवेक्षण और नियंत्रण में होगा, जो उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करेंगे;

(थ) अनुज्ञप्तिधारी यह सुनिश्चित करेगा कि खोज संबंधी संक्रियाओं के दौरान उत्पन्न आंकड़ा, जिसमें कोई भी भूवैज्ञानिक आंकड़ा भी सम्मिलित है, भारत में विदेशी इकांईयों या ठेकेदारों द्वारा संसाधित किया जाता है तथा ऐसा संसाधित और गैर-संसाधित आंकड़ा किसी विदेशी इकाई को केवल प्रशासनिक प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से ही दिया जा सकता है;

(द) खोज संबंधी संक्रियाओं के लिए अनुज्ञप्तिधारी द्वारा स्वयं या अनुबंधित कंपनियों द्वारा तैनात किए जाने वाले सभी जलयानों और स्थापित किए जाने वाले प्रतिष्ठानों को उनकी तैनाती से पहले संबंधित नौसेना कमान के फ्लैग अफसर कमांडिंग-इन-चीफ और फ्लैग अफसर, अपतट रक्षा सलाहकार समूह के तत्वावधान में भारतीय नौसेना के सुरक्षा निरीक्षण से गुजरना होगा और उसे मंजूरी देनी होगी और ऐसे निरीक्षण और मंजूरी को सुकर बनाने के लिए अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उक्त अधिकारियों को एक मास का स्पष्ट नोटिस दिया जाएगा;

(ध) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा खोज संबंधी संक्रियाओं के लिए तैनात किए जाने वाले सभी जलयानों को वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार नौवहन महानिदेशालय से पूर्व मंजूरी प्राप्त करनी होगी;

(न) अनुबंधित कंपनियों या व्यक्तियों को संविदा अधिनिर्णीत करने के संबंध में सूचना, संविदा इकाई का नाम, संविदा की अवधि, संविदा की विषय-वस्तु, प्रयुक्त उपस्करों की प्रकृति और एकत्र किए जाने वाले आंकड़ा, यदि कोई हो, सहित अनुबंधों के सुसंगत ब्यौरा के साथ, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्राचलन प्रारंभ करने के पूर्व, प्रशासनिक प्राधिकारी को एक प्रति के साथ नौसेना मुख्यालय (नौसेना आसूचना निदेशालय), रक्षा मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसमें संक्रिया संबंधी कंपनियों द्वारा जलयानों की तैनाती पर छह मास लंबा मामला उपलब्ध कराया जाएगा;

(प) जलयानों पर सवार सभी विदेशी कार्मिकों के लिए वीजा और अन्य अनुमतियां जो तत्समय प्रवृति विधि के अधीन आवश्यकता हो सकती है, सरकारी प्राधिकारी से प्राप्त करनी होंगी;

(फ) अनुज्ञप्तिधारक खोज संबंधी संक्रियाओं के लिए तैनात सभी जलयानों और उपस्करों तथा जलयानों पर सवार कर्मियों की सुरक्षा के लिए सभी पूर्वावधानी उपाय करेगा;

(ब) अनुज्ञप्तिधारी समुद्री सुरक्षा चेतावनियां जारी करने के लिए, अनुज्ञप्ति क्षेत्र के भीतर तैनात सभी जलयानों, मौजूदा और निर्माणाधीन अपतट प्रतिष्ठानों या प्लेटफार्मों, उपस्करों और मशीनरी के निर्देशांकों को दर्शाते हुए स्थान की सूचना तुरंत फ्लैग अफसर, अपतट रक्षा सलाहकार समूह और प्रशासनिक प्राधिकारी को देगा और उसके बाद जब भी इसे स्थानांतरित किया जाता है, इसके नए स्थान की सूचना देगा;

(भ) अनुज्ञप्तिधारी नौवहन के प्रयोजनों या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्यता प्राप्त समुद्री मार्गों में किसी भी मार्ग के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं करेगा;

(म) अनुज्ञप्तिधारी, अन्य अनुज्ञप्तिधारियों या पट्टेधारियों को किसी ऐसे क्षेत्र में पहुंच की उचित सुविधाएं देगा जो अनुज्ञप्तिधारी द्वारा धारित अनुज्ञप्ति क्षेत्र में समाहित है या उससे सटा हुआ है या उससे पहुंचा जा सकता है:

परंतु अनुज्ञप्तिधारियों या पट्टेधारियों द्वारा अनुज्ञप्तिधारी के संक्रिया संबंधी में कोई सारभूत बाधा या हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा और उचित प्रतिकर, जैसे कि पारस्परिक रूप से सहमत हो सकता है या असहमति की स्थिति में जैसा कि प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा तय किया जा सकता है, अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उठाए गए किसी भी नुकसान या क्षति के लिए भुगतान किया जाएगा;

(य) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति क्षेत्र के भीतर सरकारी प्राधिकारी द्वारा विधिवत् प्राधिकृत किसी प्रचालक द्वारा किए जा रहे या किए जाने के लिए प्रस्तावित किसी भी पेट्रोलियम संक्रिया संबंधी या अपतट पवन ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित किसी संक्रिया संबंधी या ऐसे अन्य परिचालनों में बाधा या हस्तक्षेप से बचने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास करेगा;

(यक) अनुज्ञप्तिधारी यह सुनिश्चित करेगा कि अनुज्ञप्ति क्षेत्र में खोज संबंधी संक्रियाओं के प्रयोजनों के लिए तैनात सभी कार्मिक, जलयान, संस्थापन, उपस्कर और अवसंरचना का, संयुक्त अनुज्ञप्ति की अवधि के दौरान, हर समय अनुज्ञप्तिधारी द्वारा तत्समय प्रवृत किसी विधि के अधीन लागू ऐसी विनियामक अपेक्षाओं और अन्य निबंधनों और शर्तें, जो केंद्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, के अनुसार बीमा कराया जाएगा;

(यख) केन्द्रीय सरकार या विभाग को हर समय उस अनुज्ञप्ति क्षेत्र से निकाले गए खनिजों के अग्रक्रय का अधिकार होगा, जिसके संबंध में संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है:

परंतु, अग्रक्रय के समय प्रचलित निदेशालय द्वारा प्रकाशित औसत विक्रय कीमत का भुगतान अनुज्ञप्तिधारी को ऐसे सभी खनिजों के लिए किया जाएगा;

(यग) अनुज्ञप्तिधारी, सक्षम प्राधिकारी और इस संबंध में प्रशासनिक प्राधिकारी या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के अनुमोदन के अधीन और उसके अनुसार किसी भी दूरसंचार केबल, अपतट पवन चक्की जनरेटर, अपतट बिजली उप-स्टेशन, तेल प्लेटफार्म या पाइपलाइनों, पानी के नीचे के पुरातात्विक स्थलों, रक्षा स्थापनों या किसी पत्तन क्षेत्र से पांच सौ मीटर की दूरी के भीतर किसी भी बिंदु पर कोई खोज संबंधी संक्रिया नहीं करेगा या करने की अनुमति नहीं देगा, और पांच सौ मीटर की उक्त दूरी यथास्थिति, सुसंगत जलयान, संरचना या स्थापना के बाहरी किनारे से मापी जाएगी;

(यघ) केन्द्रीय सरकार, या उस संबंध में प्रशासनिक प्राधिकारी या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी पट्टेदार या व्यक्ति को, कोई पाइपलाइन, केबल, अपतट पवन चक्की जनरेटर, अपतट विद्युत उप-स्टेशन बिछाने या उसका रख रखाव करने, उसकी मरम्मत करने या उसे बदलने के लिए उसके ऊपर या उसके माध्यम से या, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य प्रयोजन के लिए अनुज्ञप्ति क्षेत्र में प्रवेश करने का अधिकार होगा:

परंतु, अनुज्ञप्तिधारी की स्वतंत्रता, शक्तियों और विशेषाधिकारों में कोई सारभूत बाधा या हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा, और उचित प्रतिकर, जिस पर परस्पर सहमति हो, या असहमति की स्थिति में, जो प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा तय किया जाए,—

(i) अनुज्ञप्तिधारी को ऐसे अन्य पट्टेदार या यथास्थिति, प्रशासनिक प्राधिकारी या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति, सारभूत, द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को पहुंचाई गई सभी हानि या नुकसानी या सारभूत बाधा या हस्तक्षेप के लिए; या

(ii) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ऐसे अन्य पट्टेदार या यथास्थिति प्रशासनिक प्राधिकारी या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा पहुंचाई गई सभी हानि या नुकसानी या सारभूत बाधा या हस्तक्षेप के लिए, दिया जाएगा;

(यङ) अनुज्ञप्तिधारी, खोज संबंधी संक्रियाओं के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना की रिपोर्ट, जो मृत्यु या गंभीर शारीरिक क्षति या संपत्ति को गंभीर क्षति पहुचाती हो या जीवन या संपत्ति को गंभीर रूप से प्रभावित या खतरे में डालती हो, बिना किसी देरी के, पोत परिवहन महानिदेशालय, महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक, प्रशासनिक प्राधिकारी और किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा;

(यच) अनुज्ञप्तिधारी, खोज संबंधी संक्रियाओं के संबंध में, प्रशासनिक प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त नहीं करेगा जो भारतीय नागरिक नहीं है;

(यछ) अनुज्ञप्तिधारी अपने अभयानों को इस प्रकार नहीं करेगा जिससे किसी व्यक्ति को क्षति पहुंचे या किसी संस्थापन, जलयान, संकर्म, संपत्ति या अन्य व्यक्तियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े तथा अनुज्ञप्तिधारी द्वारा खोज संबंधी संक्रियाओं के लिए किसी अपतट क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जाएगा, जो संयुक्त अनुज्ञप्ति में सम्मिलित नहीं हैं;

(यज) अनुज्ञप्तिधारी, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति प्रशासनिक प्राधिकारी या किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी के समाधान के लिए अनुज्ञप्ति क्षेत्र में जलयानों, संस्थापनों या अन्य उपस्करों की सुरक्षा, सुनिश्चित करेगा; तथा;

(यझ) अनुज्ञप्तिधारी खोज संबंधी संक्रियाओं को उचित रुप से, कुशल और कुशलता करेगा।

(2) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों या संयुक्त अनुज्ञप्ति के अधीन किसी भी नियम और शर्त को पूरा करने में अनुज्ञप्तिधारी की ओर से विफलता से केन्द्रीय सरकार या

प्रशासनिक प्राधिकारी या विभाग को अनुज्ञप्तिधारी के विरुद्ध कोई दावा प्राप्त नहीं मिलेगा या इसे संयुक्त अनुज्ञप्ति का उल्लंघन नहीं माना जाएगा, जहां तक ऐसी विफलता को केन्द्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी या विभाग द्वारा किसी अप्रत्याशित घटना कारण से उत्पन्न माना जाता है और किसी अप्रत्याशित घटना के कारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों या संयुक्त अनुज्ञप्ति के अधीन किसी भी नियम और शर्त को पूरा करने में पट्टेदार द्वारा किसी विलंब की स्थिति में, ऐसे विलंब की अवधि को इन नियमों या संयुक्त अनुज्ञप्ति द्वारा निर्धारित अवधि में जोड़ दिया जाएगा;

स्पष्टीकरण.— इस खंड के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "*अप्रत्याशित घटना*" से दैवीय कृत्य, युद्ध, विप्लव, बलवा, सिविल अशांति, हड़ताल, भूकंप, तूफान, ज्वारीय लहर, बाढ़, आकाशीय विद्युत, विस्फोट, आग और किसी अन्य घटना अभिप्रेत है जिसे अनुज्ञप्तिधारी उचित रूप से रोक या नियंत्रित नहीं कर सकता है।

(3) उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट शर्तों के अतिरिक्त, संयुक्त अनुज्ञप्ति में निम्नलिखित शर्तें अंतर्विष्ट हो सकती हैं, जिन्हें विभाग या निदेशालय या प्रशासनिक प्राधिकारी या केंद्रीय सरकार, अधिरोपित करना उपयुक्त समझे, अर्थात:—

(i) तीसरे पक्ष के दावों के विरुद्ध केंन्द्रीय सरकार, विभाग और प्रशासनिक प्राधिकारी को क्षतिपूर्ति;

(ii) समुद्री क्षेत्रों, जिसके अधीन समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, समुद्री अभयारण्य या कोई अन्य क्षेत्र भी है, केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाए, में समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के निवारण और नियंत्रण तथा उसके संरक्षण से संबंधित उपाय;

(iii) किसी भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिषिद्ध किसी भी क्षेत्र में खोज संबंधी संक्रियाओं पर निर्बधन;

(iv) दुर्घटनाओं की रिपोर्टिंग;

(v) अपतट क्षेत्रों के कतिपय हिस्सों में प्रवेश के संबंध में शर्तें;

(vi) अनुज्ञप्तिधारक द्वारा अनुज्ञप्ति क्षेत्र या आसन्न क्षेत्रों में अन्य खनिजों, खनिज तेल और हाइड्रोकार्बन संसाधनों पर काम करने के लिए दी जाने वाली सुविधाएं; और

(vii) संयुक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु नीलामी के लिए निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट अन्य शर्तें।

(4) प्रशासनिक प्राधिकारी, विभाग या केन्द्रीय सरकार के अनुरोध पर विभाग या केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, और शर्तें अधिरोपित कर सकेगा, जो खनिजों के संरक्षण और विकास के हित में आवश्यक हों।

(5) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन किसी अनुज्ञप्तिधारी पर लगाई गई किसी शर्त के भंग की स्थिति में, केन्द्रीय सरकार विभाग के परामर्श के बाद और प्रशासनिक प्राधिकारी को सूचना देकर लिखित आदेश द्वारा संयुक्त अनुज्ञप्ति को व्यपगत कर सकती है और प्रशासनिक प्राधिकारी को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत पालन प्रतिभूति को पूर्णतः या भागत: रूप से समपहृत कर सकेगी तथा अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसी अन्य कार्रवाई कर सकेगी:

परंतु, अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना तथा लिखित में कारण अभिलिखित किए बिना ऐसा कोई आदेश नहीं दिया जाएगा।

12. उत्पादन पट्टे की शर्ते और निबंधन.—प्रत्येक उत्पादन पट्टा निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा, अर्थात्: —

(क) पट्टेदार को सदैव अधिनियम, नियमों और परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) सहित तत्समय प्रवृत सभी अन्य विधियों के उपबंधों का पालन करना होगा;

(ख) पट्टेदार, उत्पादन पट्टा अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए, अधिनियम की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट दरों पर ऐसा वार्षिक नियत किराया संदत्त करेगा, और यदि उत्पादन पट्टा एक ही क्षेत्र में एक से अधिक खनिजों के खनन की अनुमति देता है, तो केन्द्रीय सरकार प्रत्येक खनिज के संबंध में अलग-अलग नियत किराया प्रभारित नहीं लेगी:

परंतु, पट्टेदार प्रत्येक खनिज के संबंध में नियत किराया या स्वामिस्व, जो भी अधिक हो, का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा;

(ग) पट्टेदार उत्पादन संक्रियाओं के प्रयोजनों के लिए उसके द्वारा उपयोग किए जाने वाले किसी क्षेत्र के लिए सतह किराया और अन्य लागू प्रभार, फीस, कर, उपकर, शुल्क और उदग्रहणों का भी भुगतान करेगा, जो ऐसे क्षेत्र के लिए लागू हो, जो केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट या अधिरोपित किया जाए;

(घ) पट्टेदार उत्पादन पट्टा विलेख के संपादन की तारीख से अधिनियम की धारा 14 के खंड (ग) के अधीन यथा निर्दिष्ट दो वर्ष की अवधि के भीतर उत्पादन संक्रिया संबंधी प्रारंभ करेगा और उसके पश्चात् इन उचित रुप से, कौशल और कुशलता से ऐसी संक्रियाओं का संक्रिया संबंधी संचालित करेगा;

स्पष्टीकरण.—इस खंड के प्रयोजनों के लिए, "उत्पादन संक्रिया संबंधी" में किसी भी जलयान की तैनाती, बोया का परिनिर्माण, इंजन या मशीनरी का संक्रिया संबंधी, उपस्करों का कार्यान्वयन, पट्टा क्षेत्र में कृत्रिम द्वीप या मंच का संनिर्माण या खनिजों को प्राप्त करने के उद्देश्य से कि गई कोई भी अन्य संबंधी संक्रिया सम्मिलित होगा;

(ङ) पट्टेदार, सक्षम प्राधिकारी और इस संबंध में प्रशासनिक प्राधिकारी या केंन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अधीन और उसके अनुसार के सिवाय किसी भी दूरसंचार केबल, अपतट विद्यतु उप-स्टेशन, तेल मंच या पाइपलाइनों, पानी के नीचे के पुरातात्विक स्थलों, रक्षा स्थापनों या किसी पत्तन क्षेत्र से पांच सौ मीटर की दूरी के भीतर किसी भी बिंदु पर कोई उत्पादन संबंधी संक्रिया नहीं करेगा या करने की अनुमति नहीं देगा, और पांच सौ मीटर की उक्त दूरी यथा लागू, सुसंगत जलयान, संरचना या स्थापना के बाहरी किनारे, से मापी जाएगी;

(च) पट्टेदार निम्नलिखित की परिमाप और अन्य विशिष्टियां दर्शित करते हुए, सटीक और सही लेखा रखेगा—

(i) पट्टा क्षेत्र से प्राप्त और भेजे गए सभी खनिज;

(ii) पट्टा क्षेत्र से उत्खनित अपशिष्ट पदार्थ;

(iii) उसमें नियोजित व्यक्तियों की संख्या और राष्ट्रीयता;

(iv) पट्टा क्षेत्र की पूर्ण योजनाएं, तथा विभाग या निदेशालय या केन्द्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी को उसके द्वारा रखे गए किसी खाते, योजना, डाटा लॉग और अभिलेखों की किसी भी समय जांच करने की अनुमति देगा और प्रशासनिक प्राधिकारी को ऐसी जानकारी और

विवरणियां प्रदान करेगा, जिनकी वह या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी अपेक्षा करें; और

(v) उत्पादन पट्टे में विनिर्दिष्ट कोई अन्य रिपोर्टिंग अपेक्षाएं;

परंतु विहित पदार्थों वाले खनिजों के मामले में ऐसी जानकारी और विवरणियां केवल निदेशालय के निदेशक को ही प्रस्तुत की जाएंगी;

(छ) पट्टेदार उत्पादन पट्टे के अधीन पट्टेदार द्वारा किए गए उत्पादन संक्रियाओं के दौरान पट्टेदार द्वारा किए गए सभी उत्खनन, गड्ढों और ड्रिलिंग का सटीक अभिलेख रखेगा और विभाग या निदेशालय या केंद्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को उनका निरीक्षण करने की अनुज्ञा देगा और ऐसे अभिलेख में निम्नलिखित विशिष्टियां सम्मिलित होंगी, अर्थात:—

i. समुद्र तल के नीचे की उप-भूमि और परत जिसके माध्यम से ऐसा उत्खनन, गड्ढे या ड्रिलिंग गुजरती है;

ii. पाए गए किसी भी खनिज का ब्यौरा; और

iii. ऐसे अन्य ब्यौरा जिनकी विभाग या निदेशालय या केन्द्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी को अपेक्षा हो;

(ज) पट्टेदार अपतट क्षेत्रों में जलयानों, स्थापनों, मशीनरी, इंजन, प्लेटफार्म, ड्रोन और अन्य स्थापनों या उपस्करों की आवाजाही और तैनाती से संबंधित सभी लागू विधियों और विनियमों का पालन करेगा;

(झ) पट्टेदार यह सुनिश्चित करेगा कि अपतट क्षेत्रों में उसके द्वारा तैनात किया गया कोई भी जलयान, स्थापन, मशीनरी, इंजन, प्लेटफार्म, ड्रोन और अन्य स्थापनों या, उपस्करों में उपग्रह ट्रैकिंग उपस्करों और यात्रा आंकड़ा रिकॉर्डर जैसे उपस्करों लगे हों और उनका उपयोग किया जाए, जो उनके क्रियाकलापों की मॉनीटरी, और रिपोर्ट करते हों;

(ञ) पट्टेदार, विभाग या निदेशालय या केन्द्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को निरीक्षण करने के उद्देश्य से पट्टा क्षेत्र में किसी भी जलयान, प्लेटफार्म, स्थापना या किसी अन्य बुनियादी ढ़ांचे में प्रवेश करने की अनुमति देगा;

(ट) जब कभी भी तटीय बालू खनिज भंडारों या भारी खनिज भंडारों या अन्य खनिजों के साथ परमाणु खनिज युक्त क्षेत्रों के लिए उत्पादन संक्रिया की जाती है, तो पट्टेदार को खनन किए गए खनिजों की सूची के अभिलेख और ब्यौरा, इन खनिजों के उत्पादन पद्धति और भंडारण स्थान का ब्यौरा, ऐसे खनिजों का टन भार, खनिज विज्ञान, इन खनिजों के संरक्षण के लिए पूर्ण सामग्री संतुलन को यथास्थान खनिज सामग्री के संबंध में बनाए रखना होगा:

परंतु, समुद्र तट की रेत के खनिजों के मामले में, समुद्र तट की रेत के खनिजों से वाणिज्यिक हित के एक या अधिक भारी खनिजों को तरजीही रूप से अलग करने से अनिवार्य रूप से शेष समुद्र तट की रेत में मोनाजाइट सहित अन्य खनिजों और परमाणु खनिजों की सापेक्ष सामग्री में वृद्धि होगी और पट्टेदार—

(i) उत्पादन संक्रियाओं और खनिज सज्जीकरण कार्यकलापों के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट और अवशेषों की मात्रा का ब्यौरा बनाए रखेगा;

(ii) योजनाओं और रजिस्टरों में स्पष्ट रूप से भंडारण स्थान का रखरखाव;

(iii) परमाणु खनिजों के संरक्षण के संबंध में विभाग के पूर्वानुमोदन और रेडियोलॉजिकल सुरक्षा के संबंध में बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के बिना ऐसी सामग्रियों का अंतरण, विक्रय या निपटारा नहीं करेगा;

(ठ) केन्द्रीय सरकार या विभाग को हर समय उस पट्टा क्षेत्र से प्राप्त खनिजों के अग्रक्रय का अधिकार होगा जिसके संबंध में उत्पादन पट्टा प्रदान किया गया है:

परंतु अग्रक्रय के समय प्रचलित निदेशालय द्वारा प्रकाशित औसत विक्रय कीमत का भुगतान पट्टेदार को ऐसे सभी खनिजों के लिए किया जाएगा;

खोज के स्तरों और खोज के विभिन्न स्तरों के माध्यम से प्राप्त संसाधनों और भंडारों की श्रेणी से संबंधित प्रयुक्त शब्दों को अनुसूची के भाग । में परिभाषित किया गया है। किसी क्षेत्र में मात्रा और ग्रेड के संदर्भ में खनिज सामग्री के साक्ष्य को सिद्ध करने के मापदंडों को अनुसूची के भाग II, भाग III, भाग IV और भाग V में विनिर्दिष्ट किया गया है।

भाग । परिभाषाएं

इस भाग में प्रयुक्त परिभाषाएं और कोड संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क वर्गीकरण और खनिज भंडार अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग मानक समिति टेम्पलेट के अनुसार प्रस्तावित हैं और देश की आवश्यकताओं के अनुरूप इन्हें संशोधित किया गया है।

(क) खोज के चरणों की परिभाषा:

किसी भी खनिज भंडार के खोज में चार चरण अर्थात्, अवीक्षण सर्वेक्षण (जी4), प्रारंभिक खोज (जी3), सामान्य खोज (जी2) और विस्तृत खोज (जी1) सम्मिलित होते हैं और खोज के ये चरण क्रमशः चार संसाधन श्रेणियों अर्थात् अवीक्षण खनिज संसाधन, अनुमानित खनिज संसाधन, संकेतित खनिज संसाधन और मापित खनिज

संसाधन की ओर ले जाते हैं, जो भूवैज्ञानिक आश्वासन की डिग्री को दर्शाते हैं, जिन्हें निम्नानुसार समझाया गया है:—

क्र. सं.	खोज के चरण	स्पष्टीकरण सहित परिभाषा
1.	**अवीक्षण सर्वेक्षण (खोज) (जी4)** ग्रेड के साथ मात्रा का अनुमान मुख्यतः क्षेत्रीय समुद्रतल मानचित्रण पर आधारित है, जो सीमित भूमिगत नमूनाकरण और अप्रत्यक्ष साक्ष्य द्वारा समर्थित है।	अवीक्षण सर्वेक्षण (जी4) मुख्य रूप से क्षेत्रीय समुद्र तल मानचित्रण के परिणामों के आधार पर संवर्धित खनिज क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान करता है, जिसमें प्रयोगशाला अध्ययनों के माध्यम से तलछटी और खनिज संबंधी आंकड़ों के लिए गहराई माप सर्वेक्षण, सीमित उप-तल प्रोफाइलर, उथले भूकंपीय सर्वेक्षण, विस्तृत सतह तलछट नमूनों का अध्ययन और सीमित उपसतह समुद्र तल नमूनों का अध्ययन सम्मिलित है।
2.	**प्रारंभिक खोज (जी3)** कम आत्मविश्वास के साथ अनुमानित ग्रेड वाली मात्रा	प्रारंभिक खोज में खोज के पिछले चरण (जी4) के पहचाने गए खनिज भंडार क्षेत्र का प्रारंभिक चित्रण सम्मिलित है, जो अयस्क निकाय के पार्श्व और ऊर्ध्वाधर नीचे (तीसरे आयाम) दोनों तरफ विस्तार और पहचान करने के लिए खोज को आगे बढ़ाता है। उपयोग की जाने वाली पद्धतियों में: नज़दीकी अंतराल वाली सर्वेक्षण रेखाओं पर किया गया विस्तृत गहराई माप सर्वेक्षण, नज़दीकी अंतराल वाला सब-बॉटम प्रोफाइलर और/या उथला भूकंपीय सर्वेक्षण, नज़दीकी अंतराल पर कोर नमूनों का संग्रह, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों तरह से खनिज युक्त तलछट इकाई के चित्रण के लिए कण आकार वितरण और खनिज सामग्री के लिए नमूनों का विस्तृत अध्ययन, प्रमुख ऑक्साइड, हानिकारक तत्वों सहित ट्रेस तत्वों, आरईईई (दुर्लभ मृदा तत्वों) के लिए चयनित थोक नमूनों का रासायनिक विश्लेषण सम्मिलित हो सकते हैं।
3.	**सामान्य खोज (जी2)** मध्यम स्तर के विश्वास के साथ अनुमानित ग्रेड वाली मात्रा	सामान्य खोज में भूवैज्ञानिक विश्वास स्तर को बढ़ाना और खनिजकरण की घटना की शैली और रीति को समझना सम्मिलित है। उपयोग की जाने वाली पद्धतियों में समुद्र तल की विस्तृत आकृति विज्ञान के लिए मल्टीबीम गहराई माप सर्वेक्षण या स्वैथ गहराई मापन, निकट अंतराल पर उप-तल प्रोफाइलिंग या उथले भूकंपीय प्रोफाइलिंग, अधिक निकट अंतराल पर गहरी कोरिंग/ड्रिलिंग के साथ उप-समुद्र तल नमूनाकरण (प्रत्येक प्रकार के खनिज के लिए अंतराल उसके निक्षेपण विशेषताओं के आधार पर भिन्न हो सकते हैं), क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों तरह से खनिज युक्त तलछट इकाई के चित्रण के लिए कण आकार वितरण और खनिज सामग्री के लिए नमूनों का विस्तृत अध्ययन सम्मिलित हो सकता है। प्रमुख ऑक्साइड, हानिकारक तत्वों सहित ट्रेस तत्वों, दुर्लभ मृदा तत्वों के लिए चयनित थोक नमूनों का रासायनिक विश्लेषण और प्रयोगशाला पैमाने पर खनिज सज्जीकरण और खनिज भंडार के आकलन के लिए चयनित थोक नमूनाकरण यदि आवश्यक हो। पर्यावरणीय मापदंडों जैसे धारा, लहरें, हवा, पानी की गुणवत्ता, कुल निलंबित का संग्रह, ठोस पदार्थ आदि। इसका उद्देश्य किसी भंडार की मुख्य भूवैज्ञानिक विशेषताओं को सिद्ध करना है, और पार्श्विक और ऊर्ध्वाधर (तृतीय आयाम) विस्तार के साथ निरंतरता का उचित संकेत देना है, जो खनिज भंडार के आकार, आकृति, खनिज क्षेत्र की संरचना, मात्रा और श्रेणी का प्रारंभिक अनुमान कराता है।
4.	**विस्तृत खोज (जी1)** उच्च स्तर के विश्वास के साथ	विस्तृत खोज में ज्ञात खनिज भंडार का विस्तृत त्रि-आयामी खोज में ज्ञात खनिज भंडार का विस्तृत त्रि-आयामी चित्रण सम्मिलित है, जिसे

	अनुमानित ग्रेड वाली मात्रा	विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें विस्तृत उप-समुद्री आकृति विज्ञान के लिए निकट अंतराल वाले उप-तल प्रोफाइलिंग और/या उथले भूकंपीय प्रोफाइलिंग, गहरी कोरिंग/ड्रिलिंग के साथ निकट अंतराल वाले उप-समुद्र तल नमूनाकरण (प्रत्येक प्रकार के खनिज के लिए अंतराल उसके निक्षेपण विशेषताओं के आधार पर भिन्न हो सकते हैं), कण आकार वितरण और खनिज सामग्री के लिए निकट उप-नमूनाकरण के साथ नमूनों का विस्तृत अध्ययन सम्मिलित हो सकता है ताकि क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों तरह से खनिज युक्त तलछट इकाई का चित्रण किया जा सके। प्रमुख ऑक्साइड, हानिकारक तत्वों सहित ट्रेस तत्वों, आरईई (दुर्लभ मृदा तत्वों) के लिए चयनित थोक नमूनों का रासायनिक विश्लेषण, पर्यावरणीय मापदंडों जैसे धारा, लहरें, हवा, पानी की गुणवत्ता, कुल निलंबित ठोस (टीएसएस) आदि का संग्रह। नमूना स्थान इतने निकट अंतराल वाले होते हैं कि आकार, आकृति, संरचना, मात्रा, ग्रेड और भंडार की अन्य सुसंगत विशेषताओं को उच्च स्तर के विश्वास के साथ सिद्ध किया जाता है। रिकवरी और किसी भी अतिरिक्त उप-उत्पादों को समझने के लिए कुछ मामलों में थोक नमूनाकरण को सम्मिलित करते हुए बेंच स्केल सज्जीकरण परीक्षण की आवश्यकता हो सकती है।

(ख) व्यवहार्यता अध्ययन के चरणों की परिभाषा:

क्र. सं.	वर्ग	स्पष्टीकरण सहित परिभाषा
1.	**भूवैज्ञानिक अध्ययन (एफ3)**	भूवैज्ञानिक अध्ययन में मात्रा और ग्रेड के साथ खनिज संसाधनों के मूल्यांकन सहित खोज के प्रत्येक चरण के दौरान की गई सभी खोज कार्यकलापों की रिपोर्टिंग सम्मिलित है। निक्षेप का प्रारंभिक आर्थिक मूल्यांकन एकत्रित क्षेत्र आंकड़ा और पहले से ही संक्रिया में समान निक्षेप के साथ तुलना के आधार पर किया जाना चाहिए। यह सार्थक सीमा मूल्यों, ग्रेड, मोटाई और खनिज क्षेत्र की गहराई के लिए कट ऑफ मूल्यों को लागू करके प्राप्त किया जाता है ।
2.	**पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन (एफ2)**	पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन विभिन्न संशोधित कारकों के अनुप्रयोग के माध्यम से खनिज निक्षेप की संभावित तकनीकी-आर्थिक और सामाजिक-पर्यावरणीय व्यवहार्यता को प्रदर्शित करने के लिए किया जाने वाला अध्ययन है, जिसमें खनिज सज्जीकरण पद्धति, यदि कोई हो, सहित एक पसंदीदा उत्पादन पद्धति का पता लगाया गया है। अध्ययन में लागू संशोधित कारकों पर उचित मान्यताओं और किसी भी अन्य सुसंगत कारकों के मूल्यांकन के आधार पर एक प्रारंभिक वित्तीय विश्लेषण भी सम्मिलित होगा जो संसाधनों के सभी हिस्से को भंडार में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त हैं। इस अध्ययन से खनिज संसाधन के हिस्से या पूरे खनिज संसाधन को खनिज भंडार में परिवर्तित किया जाना चाहिए। एक पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन में व्यवहार्यता अध्ययन की तुलना में कम विश्वास स्तर होता है (जिसमें परियोजना के लागत अनुमानों में +30% सटीकता होगी)।

3.	**व्यवहार्यता अध्ययन (एफ1)**	व्यवहार्यता अध्ययन एक खनिज निक्षेप का विस्तृत व्यापक तकनीकी-आर्थिक और सामाजिक-पर्यावरणीय मूल्यांकन है, जो खनिज निक्षेप की तकनीकी व्यवहार्यता, आर्थिक और वित्तीय व्यवहार्यता सिद्ध करने के लिए विभिन्न संशोधित कारकों के अनुप्रयोग के माध्यम से किया जाता है। इस स्तर पर अधिमानित उत्पादन पद्धति, निक्षेप की सज्जीकरण तकनीक को लागू संशोधित कारकों, सुसंगत संक्रिया कारकों और विस्तृत वित्तीय विश्लेषण के विस्तृत आकलन के साथ पर्याप्त रूप से सिद्ध किया गया है ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि निष्कर्षण व्यवहार्य रूप से उचित है। यह आशा की जाती है कि उत्पादन संक्रिया प्रारंभ करने के लिए सभी सरकारी मंजूरी रिपोर्टिंग के समय पहले से ही मौजूद हैं और जहां ऐसी मंजूरी नहीं मिली है, वहां उत्पादन संक्रिया प्रारंभ होने से पहले ऐसी मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इस अध्ययन के परिणामस्वरूप खनिज संसाधन का हिस्सा या पूरा खनिज संसाधन, खनिज भंडार में परिवर्तित हो सकता है। इस अध्ययन का परिणाम परियोजना के विकास को आगे बढ़ाने या वित्तपोषित करने के लिए प्रस्तावक या वित्तीय संस्थान द्वारा अंतिम निर्णय के लिए उचित आधार के रूप में कार्य कर सकता है (जिसमें परियोजना के लागत अनुमानों में +20% सटीकता होगी)।
4.	**संशोधित कारक**	संशोधित कारक वे कारक हैं जिन्हें खनिज संसाधनों को खनिज भंडार में परिवर्तित करने के लिए पूर्व-व्यवहार्यता या व्यवहार्यता अध्ययन करते समय ध्यान में रखा जाता है। इनमें उत्पादन, प्रसंस्करण, अंतिम उपयोग, कट-ऑफ ग्रेड, सीमा मूल्य, धातुकर्म, अवसंरचना, आर्थिक, विपणन, परिवहन, भंडारण, विधिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और सरकारी कारक सम्मिलित हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

(ग) आर्थिक व्यवहार्यता के चरणों की परिभाषा:

क्र. सं.	वर्ग	स्पष्टीकरण सहित परिभाषा
1.	**आंतरिक रूप से आर्थिक (ई3)**	मात्रा, ग्रेड या गुणवत्ता के साथ टन या आयतन में रिपोर्ट की गई, जो आंतरिक आर्थिक हित के रूप में पहचानी गई है, जिसका अर्थ है कि पहचाने गए संसाधनों का कोई तत्काल आर्थिक मूल्य हो भी सकता है और नहीं भी। संसाधनों की आर्थिक व्यवहार्यता को उपयुक्त संशोधित कारकों के अनुप्रयोग द्वारा पूर्व व्यवहार्यता या व्यवहार्यता अध्ययन के माध्यम से आगे पता लगाया जाता है। परिभाषित वर्ग मापे गए, संकेतित, अनुमानित और अवीक्षण खनिज संसाधन हैं।
2.	**संभावित आर्थिक (ई2)**	पूर्व-व्यवहार्यता (एफ2) या व्यवहार्यता (एफ1) अध्ययन के माध्यम से बढ़ती सटीकता के क्रम में रिपोर्ट की गई ग्रेड के साथ मात्रा, मौजूदा तकनीकी, आर्थिक, पर्यावरणीय और अन्य सुसंगत स्थितियों के अधीन निष्कर्षण को उचित नहीं ठहराती है, जो निर्धारण के समय वास्तविक रूप से मानी जाती है, लेकिन भविष्य में ऐसा हो सकता है। संभावित रूप से आर्थिक (ई2) निक्षेप को आम तौर पर पूर्व-व्यवहार्यता खनिज संसाधनों (एफ2) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, लेकिन कभी-कभी व्यवहार्यता खनिज संसाधनों (एफ1) के रूप में जिन्हें संकेतित और मापे गए संसाधनों में उन्नत किया जाता है।

3.	**आर्थिक (ई1)**	पूर्व-व्यवहार्यता या व्यवहार्यता अध्ययन के आधार पर पहचानी गई ग्रेड वाली मात्राएँ, बढ़ती सटीकता के क्रम में, जो प्रचलित तकनीकी-आर्थिक, सामाजिक-पर्यावरणीय और अन्य सुसंगत स्थितियों के अधीन निष्कर्षण को उचित ठहराती हैं, जिन्हें निर्धारण के समय वास्तविक रूप से ग्रहण किया गया है। परिभाषित वर्ग प्रमाणित और संभावित खनिज भंडार हैं।

(घ) खनिज संसाधनों और भंडार के वर्गों की परिभाषा:

क्र. सं.	वर्ग	स्पष्टीकरण सहित परिभाषा
1.	**खनिज संसाधन**	खनिज संसाधन पृथ्वी की सतह (समुद्र तल) पर ठोस पदार्थ का संकेन्द्रण या उपस्थिति है, जिसके ग्रेड या गुणवत्ता के साथ मात्रा का अनुमान कुछ भूवैज्ञानिक विचारों और समझ के आधार पर लगाया गया है, जिसका तत्काल या निकट-अवधि आर्थिक मूल्य हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन उनका मूल्यांकन उनके भविष्य के संभावित मूल्य के आधार पर किया जाता है।
2.	**अवीक्षण खनिज संसाधन (334)**	अवीक्षण खनिज संसाधन (334) अप्रत्यक्ष साक्ष्य पर आधारित मात्रा और ग्रेड के अनुमान हैं, जिसमें अवीक्षण सर्वेक्षण के माध्यम से सृजित आंकड़ा और सूचना, खोज ब्लॉक के भीतर से सीमित सतह और उपसतह नमूना आंकड़ा या आस-पास के उत्पादन या खोज किए गए क्षेत्रों से निकाले गए आंकड़ें सम्मिलित हैं, जैसा कि अपेक्षित किया जाए। मात्रा और ग्रेड अनुमानों में अनुमानित खनिज संसाधनों की तुलना में कम आत्मविश्वास का स्तर होता है।
3.	**अनुमानित खनिज संसाधन (333)**	(1) अनुमानित खनिज संसाधन किसी खनिज भंडार से संबद्ध ग्रेड सहित वह मात्रा है जिसका अनुमान कम विश्वास स्तर के साथ लगाया जा सकता है। (2) यह उपयुक्त खोज तकनीकों के अनुप्रयोग के माध्यम से प्राप्त किया जाता है जिसमें व्यापक रूप से फैले हुए समुद्र तल कोरिंग या ड्रिलिंग के बाद उपयुक्त उप-नमूनाकरण और विश्लेषण, समुद्र तल की विस्तृत आकृति विज्ञान, उप-तल प्रोफाइलिंग जैसे संवेदी सर्वेक्षण और/या उथले भूकंपीय सर्वेक्षण सम्मिलित होते हैं ताकि खनिजयुक्त निकाय की भूवैज्ञानिक निरंतरता को पार्श्व और ऊर्ध्वाधर दोनों तरह से माना जा सके। अयस्क निकाय को समझने के लिए निक्षेप के प्रकार और उसके होने के रीति के आधार पर उपयुक्त औचित्य के साथ नमूना बिंदुओं से परे बहिर्वेशन के कुछ स्तर की अनुमति दी जा सकती है। (3) इस संसाधन को खनिज भंडार में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है, लेकिन अतिरिक्त सूचना के साथ इसे संकेतित खनिज संसाधन में उन्नत किया जा सकता है।

4.	**संकेतित खनिज संसाधन (332)**	(1) संकेतित खनिज संसाधन किसी खनिज निक्षेप से संबद्ध ग्रेड सहित वह मात्रा है जिसका अनुमान मध्यम स्तर के विश्वास के साथ लगाया जा सकता है। (2) यह उचित खोज तकनीकों के अनुप्रयोग के माध्यम से प्राप्त किया जाता है जिसमें पिछले चरण की तुलना में कम अंतराल पर समुद्र तल कोरिंग या ड्रिलिंग और/या उथली ड्रिलिंग, समुद्र तल की विस्तृत रूपरेखा, बंद अंतराल वाले संवेदी सर्वेक्षण (सब-बॉटम प्रोफाइलिंग और/या उथले भूकंपीय सर्वेक्षण) सम्मिलित हैं, जिसमें मापे गए संसाधनों के अनुमान के लिए आवश्यक अंतराल से अधिक अंतराल होता है जो पार्श्व और ऊर्ध्वाधर दोनों तरह से खनिजयुक्त निकाय की भूवैज्ञानिक निरंतरता की धारणा सुनिश्चित करता है। इसमें यदि आवश्यक हो तो पुनर्प्राप्ति और उप-उत्पादों, यदि कोई हो, को समझने के लिए प्रयोगशाला पैमाने पर सज्जीकरण अध्ययन भी सम्मिलित है। (3) संकेतित खनिज संसाधन को अधिक भूवैज्ञानिक आंकड़ा, विस्तृत आर्थिक मूल्यांकन आदि एकत्र करके पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन के माध्यम से पूर्णतः या आंशिक रूप से संभावित खनिज भंडार में परिवर्तित किया जा सकता है।
5.	**मापित खनिज संसाधन (331)**	(1) मापित खनिज संसाधन किसी खनिज निक्षेप से संबद्ध ग्रेड सहित वह मात्रा है जिसका अनुमान भूवैज्ञानिक विश्वास के बहुत उच्च स्तर के साथ लगाया जा सकता है। (2) यह उचित खोज तकनीकों के अनुप्रयोग के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, जिसमें पर्याप्त रूप से निकट अंतराल वाले समुद्र तल कोरिंग/ड्रिलिंग, उथली ड्रिलिंग के बाद उपयुक्त उप-नमूनाकरण और विश्लेषण सम्मिलित है, ताकि पार्श्व और ऊर्ध्वाधर दोनों तरह से खनिजयुक्त निकाय की भूवैज्ञानिक निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। यदि आवश्यक हो, तो अतिरिक्त खनिजों के साथ प्रतिशत पुनर्प्राप्ति की पुष्टि करने के लिए बेंच स्केल सज्जीकरण अध्ययन किए जा सकते हैं, यदि कोई वापस कराया गया हो। (3) मापित खनिज संसाधन को संभाव्यता या पूर्व संभाव्यता अध्ययन के माध्यम से पूर्णतः या आंशिक रूप से प्रमाणित या संभावित खनिज भंडार में परिवर्तित किया जा सकता है।
6.	**खनिज भंडार**	खनिज भंडार मापित और/या संकेतित खनिज संसाधन का आर्थिक रूप से खनन योग्य हिस्सा है। इसमें कमजोर करने वाली सामग्री और नुकसान के लिए भत्ते सम्मिलित हैं, जो सामग्री के खनन या निष्कर्षण के दौरान हो सकते हैं। खनिज भंडार की मात्रा और ग्रेड उपयुक्त संशोधित कारकों के अनुप्रयोग द्वारा उपयुक्त पूर्व व्यवहार्यता या व्यवहार्यता अध्ययन के माध्यम से पता लगाया जाता है।

7.	**प्रमाणित खनिज भंडार (111)**	प्रमाणित खनिज भंडार मापित खनिज संसाधन का आर्थिक रूप से खनन योग्य हिस्सा है। ग्रेड के साथ मात्रा को व्यवहार्यता अध्ययन के माध्यम से आर्थिक रूप से खनन योग्य चित्रित किया जाता है। प्रमाणित खनिज भंडार का तात्पर्य संशोधित कारकों में उच्च स्तर के विश्वास से है।
8.	**संभावित खनिज भंडार (121 और 122)**	(1) संभावित खनिज भंडार एक संकेतित खनिज संसाधन का आर्थिक रूप से खनन योग्य हिस्सा है, और कुछ परिस्थितियों में, एक मापित खनिज संसाधन है। ग्रेड के साथ मात्रा को पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन के माध्यम से आर्थिक रूप से खनन योग्य प्रदर्शित किया जाता है। (2) संभावित खनिज भंडार पर लागू होने वाले संशोधित कारकों में विश्वास, प्रमाणित खनिज भंडार पर लागू होने वाले विश्वास से कम है।
9.	**व्यवहार्यता खनिज संसाधन (211)**	व्यवहार्यता खनिज संसाधन मापित खनिज संसाधन का वह हिस्सा है जो आर्थिक रूप से खनन योग्य नहीं है और व्यवहार्यता स्तर पर अध्ययनों द्वारा इसे इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि वर्तमान में निष्कर्षण उचित नहीं है। इस सामग्री की पहचान तकनीकी, आर्थिक और पर्यावरणीय या अन्य सुसंगत स्थितियों में परिवर्तन के अधीन संभवतः आर्थिक रूप से व्यवहार्य के रूप में की जाती है।
10.	**पूर्व-व्यवहार्यता खनिज संसाधन (221 और 222)**	पूर्व-व्यवहार्यता खनिज संसाधन, संकेतित खनिज संसाधन का वह भाग है, और कुछ परिस्थितियों में मापित खनिज संसाधन है, जो आर्थिक रूप से खनन योग्य नहीं है तथा पूर्व-व्यवहार्यता स्तर पर अध्ययनों द्वारा इसे वर्तमान में निष्कर्षण के लिए उपयुक्त नहीं माना गया है। इस सामग्री की पहचान तकनीकी, आर्थिक, एवं पर्यावरणीय और/या अन्य सुसंगत स्थितियों में परिवर्तनों के अधीन संभवतः आर्थिक रूप से व्यवहार्य के रूप में की जाती है।

भाग 2

खोज के लिए भूवैज्ञानिक मापदंड

1.	**भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (समुद्रतल मानचित्रण):** प्रादेशिक जल क्षेत्र में अवीक्षण सर्वेक्षण (जी4) चरण के लिए 1:50,000 पैमाने पर; प्रादेशिक जल क्षेत्र से परे अवीक्षण सर्वेक्षण (जी4) चरण के लिए विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में 1:3,00,000 पैमाने पर; प्रारंभिक खोज (जी3) चरण के लिए 1:50,000 या बड़े पैमाने पर; सामान्य खोज (जी2) चरण के लिए 1:10,000 या बड़े पैमाने पर; विस्तृत खोज (जी1) चरण के लिए 1:5,000 या बड़े पैमाने पर। आम तौर पर, मानचित्रण के इस चरण में गहराई मापन, सब-बॉटम प्रोफाइलिंग और/या उथले भूकंपीय प्रोफाइलिंग, व्यापक अंतराल पर समुद्र तल की सतह का नमूना लेना, उप-समुद्र तल की सीमित कोरिंग/ड्रिलिंग, जल नमूना लेना, चयनित स्थानों (जी4) चरण में अवीक्षण सर्वेक्षण में वर्तमान माप; (जी4) चरण के परिणामों के आधार पर प्रारंभिक खोज (जी3) चरण में कम अंतराल के साथ सर्वेक्षण के सभी या कुछ तरीकों की गहनता; मल्टीबीम गहराई मापन /स्वैथ गहराई मापन, कम अंतराल पर सब-बॉटम प्रोफाइलिंग या उथले भूकंपीय प्रोफाइलिंग, बहुत कम अंतराल पर समुद्र तल की गहन कोरिंग या उथली ड्रिलिंग, बल्क नमूना लेना, प्रयोगशाला सज्जीकरण अध्ययन, जल नमूना लेना, सामान्य खोज (जी2) चरण में लक्ष्य क्षेत्रों में वर्तमान अध्ययन; विस्तृत संवेदी अध्ययनों के साथ बहुत करीब से, गहन जांच, विस्तृत खोज (जी1) चरण में बेंच स्तर सज्जीकरण।

2.	**तकनीकी:** समुद्र तल पर स्थित स्थानों से उपयुक्त तकनीकों का उपयोग करके खोज और नमूनाकरण। खनिज समृद्ध निकायों और इसकी पार्श्व और ऊर्ध्वाधर निरंतरता के साक्ष्य को सिद्ध करने के लिए नमूनाकरण स्थानों को उपयुक्त रूप से (जहां तक संभव हो ग्रिड पैटर्न में और समुद्र तल की आकृति विज्ञान संबंधी विशेषताओं के आधार पर संशोधित किया जा सकता है) स्थान दिया गया है। अधिक ब्यौरा के लिए अनुसूची के भाग-3 को उल्लिखित किया जा सकता है। यदि संभव हो तो, अवीक्षण सर्वेक्षण (जी4) चरण के लिए समुद्र तल से नमूना आंकड़ा का उपयोग संसाधनों के आकलन के लिए किया जा सकता है। खनिजीकरण की गहन निरंतरता को उस गहराई तक सीमित माना जा सकता है, जहां तक खनिजीकरण का प्रत्यक्ष साक्ष्य सिद्ध होता है। संसाधन मूल्यांकन के लिए विचार किया जाने वाला पार्श्व विस्तार भूवैज्ञानिक विचारों पर निर्भर करेगा, जो मानचित्रण या अन्य माध्यमों के माध्यम से भूवैज्ञानिक निरंतरता द्वारा पूरित होगा और किसी भी मामले में जांच बिंदुओं के ग्रिड अंतराल के 50% से अधिक नहीं होगा। पृथक नमूनों और विश्लेषण जैसी चयनित सूचना के आधार पर निर्धारण की सिफारिश नहीं की जाती है।
3.	**नमूनाकरण और उप-नमूनाकरण:** (क) व्यवस्थित रूप से व्यापक अंतराल पर ग्रैब नमूनाकरण, सीमित कोर नमूनाकरण और अवीक्षण चरण के लिए कोर नमूनों से उप-नमूने। (ख)भूवैज्ञानिक मूल्यांकन के अन्य चरणों के लिए भूवैज्ञानिक और ग्रेड निरंतरता की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त निकटता से लगाए गए कोर नमूनों और सीमित ड्रिल कोर से व्यवस्थित नमूनाकरण। (ग) नियमित अंतराल पर तलछट कोर का भूवैज्ञानिक लॉगिंग और नमूनाकरण, अधिमानतः पूरे कोर के लिए 1 मीटर या उससे कम। (घ) अपतट अशांत परिस्थितियों में ड्रिलिंग अभियान बहुत महत्वपूर्ण है और उपयोग की जाने वाली तकनीक सामान्य रूप से समुद्र की स्थिति और मौसम के अनुसार मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगी। कोर रिकवरी ड्रिलिंग उपस्कर और फ्लोटिंग प्लेटफ़ॉर्म की स्थिरता पर निर्भर करती है। (ड.) प्रतिनिधि खोज नमूने, सतह के नमूने, कोर को भविष्य में उपयोग के लिए संरक्षित किया जाएगा।
4.	**प्रयोगशाला परीक्षण:** तलछट और जल के नमूनों का रासायनिक विश्लेषण।
5.	**तलछट विज्ञान, शैल विज्ञान और खनिज विज्ञान अध्ययन:** तलछट कण के आकार, तलछट के प्रकार, बनावट और मौजूद खनिजों और उनके संयोजन का पता लगाना।
6.	**थोक घनत्व अध्ययन:** थोक घनत्व, छिद्रण, कतरनी शक्ति, तरलता, संघनन आदि को चयनित नमूनों के लिए भू-तकनीकी गुणों और ढलान स्थिरता के लिए मानक तरीकों से मापा जाना चाहिए।
7.	**सज्जीकरण अध्ययन के लिए थोक नमूनाकरण:** प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए यदि आवश्यक हो तो थोक नमूनाकरण।
8.	**समुद्री पर्यावरणीय सेटिंग:** धारा, लहर, शोर का स्तर, सतह और उप-सतह तलछट में मौजूद हानिकारक तत्व (यदि कोई हो), समुद्री जल की गुणवत्ता, निलंबित ठोस पदार्थ, कुल घुलित ठोस (टीडीएस), लवणता, तापमान, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी), समुद्री जीव आदि के बारे में ब्यौरा और पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आवश्यक कोई अन्य आंकड़ा जांच के जी 2 चरण में लिया जा सकता है।

9.	भू-तकनीकी और ढलान स्थिरता अध्ययन **सहित कोई अन्य आंकड़ा जो सुसंगत हो सकता है।**

भाग 3
विभिन्न प्रकार के निक्षेपों और खनिजों के लिए खोज मानदंड

निक्षेप का प्रकार और प्रमुख खनिज

I. **समुद्रतटीय रेत खनिज** (समुद्रतल तलछट जिसमें इल्मेनाइट, मैग्नेटाइट, सिलिमेनाइट, गार्नेट, मोनाजाइट, जिरकोन, रूटाइल, ल्यूकोक्सीन जैसे आर्थिक रूप से भारी खनिजों की मात्रा पाई जाती है, और अन्य आर्थिक रूप से खनन योग्य भारी खनिज जो महाद्वीपीय शेल्फ पर व्यापक निक्षेपों के रूप में पाए जाते हैं)।

जी4 चरण	जी3 चरण	जी2 चरण	जी1 चरण
(क) 1:50,000 स्केल में गहराई माप मानचित्र, जिसे उचित अंतराल पर सिंगल बीम इको साउंडर या स्पॉट डेप्थ मापन और टाई लाइनों के साथ तैयार किया गया हो (ख) ब्लॉक में एक या एक से अधिक उथले भूकंपीय प्रोफाइल या उप तल प्रोफाइलर जो उपसतह तलछटी इकाइयों/चट्टानों के विन्यास को दर्शाते हैं, 1: 50,000 के क्षैतिज पैमाने और 1:10,000 के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर प्रस्तुत किए जाते हैं। (ग) 5 x 5 किमी ग्रिड स्पेसिंग पर ग्रैब या किसी अन्य उपस्कर का उपयोग करके समुद्र तल का नमूना लेना। (घ) विभिन्न खनिज घटकों, उनके आकार, सीमा और सामग्री (भार, थोक नमूने में प्रतिशत), उपस्थिति की प्रकृति आदि की पहचान करने के लिए नमूने का तलछटीय या शैलविज्ञान और खनिज विज्ञान विश्लेषण। (ङ) यह निर्धारित करने के	500 मीटर या उससे कम अंतराल पर एकल बीम इको साउन्डर माप के साथ 1:50,000 पैमाने पर गहराई माप मानचित्र तैयार किया गया तथा उचित अंतराल पर टाई लाइनें बनाई गईं। ब्लॉक में उथली भूकंपीय प्रोफाइल या उप तल प्रोफाइलर, जो 2 किमी के अंतराल पर उपसतह तलछटी इकाइयों या चट्टानों की स्थिति को दर्शाती है, 1:50,000 के क्षैतिज पैमाने और 1:10,000 के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर प्रस्तुत की गई है। उपयुक्त कोरर या किसी अन्य युक्ति का उपयोग करके 2 कि.मी. x 2 किमी ग्रिड स्पेसिंग पर कम से कम 4 मीटर की गहराई तक या खनिजकरण की गहराई तक, जो भी कम हो, समुद्र तल का नमूना लेना।	आसन्न लाइनों के बीच 50% साइड ओवरलैप के साथ निर्बाध कवरेज के साथ मल्टीबीम गहराई माप सर्वेक्षण। 1:5,000 स्केल में मल्टीबीम गहराई माप मानचित्र, एमबीईएस (मल्टी बीम इको साउंडर) बैकस्कैटर आंकड़ा के साथ चित्र भी प्रस्तुत किए जाने हैं। ब्लॉक में उथली भूकंपीय प्रोफाइल या उप तल प्रोफाइलर, जो 1 किमी के अंतराल पर उपसतह तलछटी इकाइयों या चट्टानों की स्थिति को दर्शाती है, 1:5,000 के क्षैतिज पैमाने और 1:1,000 के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर प्रस्तुत की गई है। उपयुक्त कोरर या किसी अन्य उपस्कर का उपयोग करके 1,000 मीटर x 1,000 मीटर ग्रिड स्पेसिंग पर कम से कम 6 मीटर की गहराई तक या खनिजकरण की गहराई तक, जो भी कम हो, समुद्र तल तलछट या चट्टान का नमूना लेना।	आसन्न लाइनों के बीच 50% साइड ओवरलैप के साथ निर्बाध कवरेज के साथ मल्टीबीम गहराई माप सर्वेक्षण। 1:2,500 स्केल में मल्टीबीम गहराई माप मानचित्र। एमबीईएस बैकस्कैटर आंकड़ा वाली छवियां भी प्रस्तुत की जानी हैं। ब्लॉक में उथली भूकंपीय प्रोफाइल या उप तल प्रोफाइलर, जो 500 मीटर के अंतराल पर उपसतह तलछटी इकाइयों या चट्टानों की स्थिति को दर्शाता है, 1:2,500 के क्षैतिज पैमाने और 1:500 के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर प्रस्तुत किया गया है। उपयुक्त कोरर या किसी अन्य उपस्कर का उपयोग करके 500 X 500 मीटर ग्रिड स्पेसिंग पर कम से कम 6 मीटर की गहराई तक या खनिजकरण की गहराई तक, जो भी कम हो, समुद्र तल तलछट या चट्टान का नमूना लेना। कोर नमूनों को ऊपर से 1

लिए कि क्या तलछट इस श्रेणी में आती है, प्रमुख ऑक्साइड और ट्रेस तत्वों या दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) के लिए थोक तलछट/चट्टान का रासायनिक विश्लेषण। (च) सर्वेक्षण क्षेत्रों में विभिन्न खनिजों की पहचान करने और आगे खोज के लिए उनके संभावित स्थानों की पहचान करने के लिए सभी उपलब्ध आंकड़ों का संश्लेषण। (छ) उपरोक्तानुसार कार्यकलाप या प्रारंभिक खोज (जी3) चरण के लिए अपेक्षित कार्यकलापों से कम।	कोर नमूनों को ऊपर से 1 मीटर के अंतराल में विभाजित किया जाना है। तलछट/चट्टान का तलछट विज्ञान या शैल विज्ञान और खनिज विज्ञान संबंधी विश्लेषण, जिससे विभिन्न खनिज घटकों, उनके आकार, सीमा और सामग्री (थोक नमूने में भार प्रतिशत), उपस्थिति की प्रकृति आदि की पहचान की जा सके। यह निर्धारित करने के लिए कि तलछट इस श्रेणी में आती है या नहीं, प्रमुख ऑक्साइड और ट्रेस तत्वों या दुर्लभ मृदा तत्वों के लिए थोक तलछट या चट्टान का रासायनिक विश्लेषण। सर्वेक्षण क्षेत्र में मौजूद खनिजों की प्रकृति और मात्रा या ग्रेड की व्याख्या करने के लिए सभी उपलब्ध आंकड़ों का संश्लेषण। सामान्य खोज (जी2) चरण के लिए आवश्यक कार्यकलापों के समान या उससे कम।	कोर नमूनों को ऊपर से 1 मीटर के अंतराल में विभाजित किया जाना है। तलछट या चट्टान का तलछट विज्ञान या शैल विज्ञान और खनिज विज्ञान संबंधी विश्लेषण, जिससे विभिन्न खनिज घटकों, उनके आकार, तलछट के प्रकार और सामग्री (थोक नमूने में भार प्रतिशत), उपस्थिति की प्रकृति आदि की पहचान की जा सके। खनिज की संरचना और उसके आर्थिक मूल्य का मूल्यांकन करने के लिए थोक तलछट या चट्टान और आर्थिक महत्व के घटक खनिजों का रासायनिक विश्लेषण। रुचिकर खनिज या धातु की मात्रा का आकलन करने के लिए तलछट या चट्टान का प्रयोगशाला पैमाने पर सज्जीकरण अध्ययन। सर्वेक्षण क्षेत्रों में विभिन्न खनिजों की पहचान करने और आगे खोज के लिए उनके संभावित स्थानों की पहचान करने के लिए सभी उपलब्ध आंकड़ों का संश्लेषण। विस्तृत खोज (जी1) चरण के लिए उपरोक्त या उससे कम कार्यकलाप आवश्यक हैं। नमूनों का विश्लेषण, खोजात्मक उत्पादन और प्रारंभिक पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन।	मीटर के अंतराल में विभाजित किया जाना है। तलछट या चट्टान का तलछट विज्ञान या शैल विज्ञान और खनिज विज्ञान संबंधी विश्लेषण, जिससे विभिन्न खनिज घटकों, उनके आकार, तलछट के प्रकार और सामग्री (थोक नमूने में भार प्रतिशत), उपस्थिति की प्रकृति आदि की पहचान की जा सके। खनिज की संरचना और उसके आर्थिक मूल्य का मूल्यांकन करने के लिए थोक तलछट या चट्टान और आर्थिक महत्व के घटक खनिजों का रासायनिक विश्लेषण। रुचिकर खनिज या धातु की मात्रा का आकलन करने के लिए तलछट या चट्टान का प्रयोगशाला पैमाने पर सज्जीकरण अध्ययन। उपस्थित खनिजों की प्रकृति और मात्रा या ग्रेड की व्याख्या करने के लिए सभी उपलब्ध आंकड़ों का संश्लेषण।

भाग 4
खनिज संसाधनों की रिपोर्टिंग

भूवैज्ञानिक अध्ययन रिपोर्ट के लिए मानक टेम्पलेट जो पूर्व-साध्यता या साध्यता रिपोर्ट का भी एक भाग होगा

1. खनिज संसाधनों के आकलन और रिपोर्टिंग के लिए प्रौद्योगिकीय, जिसमें समुद्री भू-भौतिकीय, भू-रासायनिक, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, समुद्री पर्यावरण और प्रौद्योगिकीय अध्ययन के माध्यम से की गई खोज, नमूनाकरण और परीक्षण के सभी आंकड़ों को एकीकृत किया जाएगा तथा संसाधनों का निर्धारण करने के लिए खोज के प्रत्येक चरण यानी जी4 से जी1 तक के लिए एक भू-वैज्ञानिक अध्ययन रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

2. खनिज संसाधन निर्धारण साधारणतया एक सामूहिक प्रयास होता है जिसमें बहु-विषयक दृष्टिकोण अंतर्वलित होता है। यह अपेक्षा की जाती है कि रिपोर्ट तैयार करने के प्रत्येक भाग में सम्मिलित व्यष्टिकों या विषय वस्तु विशेषज्ञों को रिपोर्ट में उचित अभिस्वीकृति के साथ उस भाग के लिए सम्यक् श्रेय दिया जाए और साथ ही, वे उस भाग की सटीकता और प्रामाणिकता के बारे में उचित उत्तरदायित्व लेने के लिए तैयार हों। तथापि, रिपोर्ट की अंतिम जिम्मेदारी प्रमुख विशेषज्ञ या विशेषज्ञों के समूह के पास होगी, जो रिपोर्ट के सभी भागों की उचित परिश्रम के बाद संसाधनों और भंडारों के अंतिम अनुमान पर पहुंचे हैं और संसाधन अनुमानों पर पहुंचने में अपनाई गई पद्धति और प्रक्रियाओं के बारे में आश्वस्त हैं। रिपोर्ट के लिए अंतिम उत्तरदायित्व लेने वाले इन विशेषज्ञों को अर्हित व्यक्ति कहा जाएगा और वे अपनी साख के साथ रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करके रिपोर्ट को प्रमाणित करेंगे।

क्र. सं.		रिपोर्टिंग के मापदंडों सहित मानदंड
1.		**कार्यकारी सारांश**
	(i)	कार्यकारी सारांश में खनिज भंडार के स्थान, खनिज जांच का प्रयोजन और खोज के चरण, संक्षिप्त भू-विज्ञान, खनिजीकरण, नमूना बिंदुओं के बीच अंतर के साथ खोज की योजना, खोज की गहराई और क्या खनिजीकरण प्रत्यक्ष अस्तित्व की गहराई से आगे तक फैला हुआ है, के बारे में ब्यौरा सम्मिलित होंगे। विभिन्न वर्गों के अधीन ग्रेड और गुणवत्ता के साथ पहचाने गए संसाधनों की मात्रा सहित खोज अध्ययनों का परिणाम।
	(ii)	इस सारांश में, वर्तमान प्रौद्योगिकीय, पर्यावरणीय, सामाजिक और बाजार स्थितियों के आधार पर भंडार के उत्पादन की अनुकूलता सहित भंडार के लिए भविष्य की योजना या रणनीति से संबंधित मुद्दों पर टिप्पणियां भी सम्मिलित होंगी।
2.	(i)	**अर्हित व्यक्ति(व्यक्तियों) या खोज अभिकरण का ब्यौरा** (रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने वाले सभी अर्हित व्यक्तियों के लिए अलग से उपलब्ध कराया जाएगा) (क) नाम (ख) पता (ग) संपर्क मोबाइल नं. (घ) ईमेल आईडी (ङ) अर्हता (च) अनुभव (छ) सहबद्धता किसी संगठन/कंपनी को, यदि हां, तो संगठन या कंपनी का नाम विनिर्दिष्ट करें

	(ii)	संसाधनों और भंडारों की खोज के निर्धारण के विभिन्न पहलुओं से जुड़े व्यक्तियों की अर्हता और अनुभव का ब्यौरा।
3.		**शीर्षक और स्वामित्व**
	(i)	संक्रिया संबंधी अधिकार के धारक का नाम
	(ii)	पता
	(iii)	टेलीफ़ोन नं.
	(iv)	ईमेल आईडी
	(v)	संक्रिया संबंधी अधिकार की अवधि का ब्यौरा, यदि कोई हो:
	(vi)	अनुज्ञप्ति या पट्टे की दशा में
		(क) अनुदान की तारीख (ख) निष्पादन की तारीख (ग) अनुज्ञप्ति या पट्टे की अवधि (घ) पूर्ण होने की तारीख
4.		**अध्ययनाधीन क्षेत्र का ब्यौरा**
	(i)	तट या समुद्र
	(ii)	अपतट क्षेत्र
	(iii)	निकटतम तटीय स्थान
	(iv)	क्षेत्रफल वर्ग किमी में
	(v)	पानी की गहराई (मीटर में)
	(vi)	निकटतम बंदरगाह या पत्तन
	(vii)	भूमि पर निकटतम प्रमुख रेल हेड
	(viii)	निकटतम विमानपत्तन
	(ix)	क्षेत्र के निकटवर्ती गांव(गांवों) या एनएचओ (नौसेना हाइड्रो ग्राफिक कार्यालय) चार्ट संख्या का नाम, क्षेत्र के सभी कोने बिंदुओं के विभेदक वैश्विक स्थिति प्रणाली (डीजीपीएस) निर्देशांक और अक्षांश और देशांतर (डिग्री मिनट सेकंड) में नमूना बिंदु रुपविधान डब्ल्यूजीएस-84 आंकड़ा
	(x)	जांच के अधीन या अनुज्ञप्ति या पट्टे के अधीन अनुदत्त खनिज जिनके लिए आवेदन किया गया है
5.		**समुद्रतल की आकृति विज्ञान, कनेक्टिविटी और जनसांख्यिकी आंकड़ा** *(क्षेत्र और निकटवर्ती तट से आंकड़े उपलब्ध कराए जाएंगे)*
	(i)	न्यूनतम और अधिकतम जल गहराई वाले क्षेत्र या समुद्र तल की राहत।
	(ii)	समुद्र तल का बायोटोप मानचित्र जिसमें महत्वपूर्ण समुद्री पारिस्थिति तंत्रों जैसे मूंगा, समुद्री घास आदि (यदि कोई हो) को दर्शाया गया हो।
	(iii)	क्षेत्र में वाणिज्यिक मछली पकड़ने के स्थान, यदि कोई हों।
	(iv)	तट पथ और क्षेत्र में वनस्पति और जीव।
	(v)	जल निकाय जैसे नदी, नाला, झरना आदि जो आस-पास के क्षेत्र में समुद्र से मिलते हैं।

	(vi)	तटीय क्षेत्र के साथ की जलवायु परिस्थितियां : (क) तापमान (वार्षिक) न्यूनतम__ अधिकतम__ औसत__ (ख) वर्षा (वार्षिक) न्यूनतम__ अधिकतम__ औसत__ (ग) आर्द्रता (वार्षिक) न्यूनतम__ अधिकतम__ औसत__
	(vii)	कोई अन्य भू-आकृति, सामाजिक और पर्यावरणीय कारक जो परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों और भंडारों के निर्धारण को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।
6.		**अवसंरचना**
		क्षेत्र के आस-पास की स्थानीय अवसंरचना जिसमें सड़कें, रेलवे, पत्तन सुविधाएं, मत्स्य पालन, बंदरगाह, बिजली, पानी आदि सम्मिलित हैं। क्षेत्र में आस-पास के उद्योगों का ब्यौरा जो खनन किए जाने वाले खनिज पदार्थों का उपयोग कर सकते हैं।
7.		**भू-विज्ञान**
	(i)	क्षेत्र की संक्षिप्त क्षेत्रीय भू-आकृति विज्ञान या समुद्रतल आकृति विज्ञान, जिसमें व्यापक भूवैज्ञानिक और संरचनात्मक ढांचे की रूपरेखा दी गई हो।
	(ii)	खनिजीकरण की शैली और जांच के अधीन खनिजों के आधार पर जमा के प्रकार पर चर्चा। खोज के चरण के अनुरूप नमूना बिंदुओं की दूरी और खोज की गहराई सहित सुझाई गई खोज या उत्पादन योजना।
8.		**पूर्व में की गई खोज**
	(i)	क्षेत्र की खोज में सम्मिलित संक्रिया संबंधी अधिकार धारक का नाम और पता, खोज का वर्ष और अवधि (यदि एक से अधिक अभिकरण सम्मिलित हैं तो प्रत्येक अभिकरण के लिए अलग से ब्यौरा दिया जाए)।
	(ii)	की गई खोज का संक्षिप्त ब्यौरा (प्रत्येक अभिकरण के लिए अलग से दिया जाएगा)।
	(iii)	पिछले खोज अभियान के दौरान अनुमानित भंडार या संसाधन, यदि कोई हो, विभिन्न प्रवर्गों के अधीन मात्रा और श्रेणी के साथ।
9.		**समुद्री भू-भौतिकीय या भू-रासायनिक आंकड़ा**
		किए गए समुद्री भूभौतिकीय और भू-रासायनिक सर्वेक्षण और उनके परिणामों का ब्यौरा।
10.		**अब तक की गई खोज**
	(i)	भौगोलिक निर्देशांकों के साथ नमूना बिंदुओं (सतह और उप-सतह) का ब्यौरा।
	(ii)	**खोज के परिणामों की रिपोर्टिंग के लिए आंकड़ा स्पेसिंग:** क्या आंकड़ा स्पेसिंग और वितरण, खनिज संसाधन आकलन प्रक्रिया (प्रक्रियाओं) और लागू वर्गीकरण के लिए उपयुक्त भू-वैज्ञानिक और ग्रेड निरंतरता की डिग्री स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।
11.		**आंकड़ा बिंदु का अवस्थान**
		खनिज संसाधन आकलन में प्रयुक्त नमूना बिंदुओं के निर्देशांक अवधारित करने के लिए प्रयुक्त सर्वेक्षणों, गहराई माप सर्वेक्षणों और भूभौतिकीय सर्वेक्षणों की सटीकता और गुणवत्ता।
12.		**नमूनाकरण तकनीक**
	(i)	नमूनाकरण की प्रकृति और गुणवत्ता (ग्रैब, कोर या ड्रिल कोर और जल नमूनाकरण) तथा नमूना प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम।

13.		**कोरिंग तकनीक और कोर नमूनाकरण का उपयोग**
	(i)	कोरर का प्रकार [जैसे कोर, ग्रेविटी कोरर (ग्रेविटी कोर), वाइब्रोकोरर (वाइब्रोकोर), पिस्टन कोरर (पिस्टन कोर), बॉक्स कोरर (बॉक्स कोर), स्पेड कोरर (स्पेड कोर) आदि] और ब्यौरा (जैसे कोर व्यास, कोर लंबाई)।
	(ii)	लॉगिंग - क्या उचित खनिज संसाधन आकलन, खनन अध्ययन और धातुकर्म अध्ययन का समर्थन करने के लिए कोर को विस्तार के स्तर तक लॉग किया गया है।
14.		**उप-नमूनाकरण तकनीक और नमूना तैयारी**
	(i)	(क) यदि कोर है, तो क्या काटा गया है या आरी से काटा गया है और क्या चौथाई, आधा या सभी कोर लिए गए नमूना गीला या सूखा लिया गया है। (ख) सभी प्रकार के नमूनों के लिए नमूना तैयार करने की तकनीक की प्रकृति, गुणवत्ता और उपयुक्तता।
	(ii)	नमूनों के प्रतिनिधित्व को अधिकतम करने के लिए सभी उप-नमूनाकरण चरणों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाएं अपनाई गईं।
	(iii)	यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए कि नमूना एकत्रित की गई सामग्री का प्रतिनिधित्व करता है।
	(iv)	क्या नमूने का आकार नमूना ली जाने वाली सामग्री के दाने के आकार के लिए उपयुक्त है।
15.		**खनिज विश्लेषण, शैलविज्ञान अध्ययन और अवसाद विज्ञान विश्लेषण**
		(क) खनिज विज्ञान के अध्ययन की पद्धति। (ख) अपनाई गई गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं की प्रकृति (जैसे मानक, रिक्त स्थान, अनुलिपि, बाहरी प्रयोगशाला जांच) और क्या सटीकता (अर्थात पूर्वाग्रह की कमी) और परिशुद्धता के स्वीकार्य स्तर स्थापित किए गए हैं। (ग) नमूनों की सुरक्षा और नियंत्रण श्रृंखला का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।
16.		**यथा अपेक्षित सज्जीकरण अध्ययन**
		प्रयोगशाला स्तर पर किए गए सज्जीकरण अध्ययनों का ब्यौरा जिसमें बेंच स्केल सम्मिलित है, जिसमें खोजे गए खनिज उत्पाद की इष्टतम प्राप्ति के लिए तकनीकी कारकों को समझने और सुझाव देने के लिए बल्क सैंपलिंग परीक्षण सम्मिलित हैं, तलछट में उपलब्ध किसी भी अतिरिक्त उप-उत्पाद या सह-उत्पाद पर भी चर्चा की जाएगी। उपज प्राप्ति कारकों के साथ विस्तृत प्रवाह पत्र पर चर्चा की जाएगी।
17.		**संसाधन आकलन तकनीकें**
	(i)	खनिजीकरण की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त आंकड़ा घनत्व पर चर्चा और प्रयुक्त आकलन प्रक्रिया के लिए पर्याप्त आंकड़ा बेस के संश्लेषण पर चर्चा।
	(ii)	आधारभूत समुद्री पारिस्थितिकी, बायोटॉप मानचित्र, समुद्री जीवन पर उत्पादन के संभावित प्रभाव और शमन उपायों पर चर्चा।
	(iii)	क्या अद्यतन संसाधनों के निर्धारण के लिए पिछली खोज के आंकड़ा का उपयोग किया गया है तथा उसे वर्तमान खोज के आंकड़ा के साथ एकीकृत किया गया है।
	(iv)	लागू की गई आकलन तकनीक (तकनीकों) की प्रकृति और उपयुक्तता तथा प्रमुख धारणाएं, जिनमें चरम ग्रेड मानों का उपचार, डोमेनिंग, इंटरपोलेशन मापदंड, आंकड़ा बिंदुओं से एक्सट्रापलेशन की अधिकतम दूरी सम्मिलित है।

	(v)	खनिज संसाधनों को विश्वस्त वर्गों में वर्गीकृत करने का आधार।
	(vi)	उप-उत्पादों की वसूली के संबंध में की गई धारणाएं।
	(vii)	टन भार और ग्रेड (अनुभाग, बहुभुज, व्युत्क्रम दूरी, भू-सांख्यिकीय, या अन्य विधि) का अनुमान लगाने के लिए प्रयुक्त पद्धति और की गई धारणाओं का विस्तृत ब्यौरा।
	(viii)	भूविज्ञानी निर्वचन संसाधन आकलन के लिए कैसे प्रयुक्त थी, का ब्यौरा।
	(ix)	संसाधनों के आकलन के लिए किसी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की चर्चा की गई, सॉफ्टवेयर का नाम, उसका संस्करण और चुनी गई पद्धति, प्रयुक्त कार्यक्रमों और मापदंडों का ब्यौरा दिया गया।
	(x)	भू-सांख्यिकी पद्धतियां अत्यंत विविध हैं और उनका विस्तृत वर्णन किया जाना चाहिए। चुनी गई विधि को उचित ठहराया जाना चाहिए। वैरियोग्राम सहित भू-सांख्यिकी मापदंडों और भूवैज्ञानिक निर्वचन के साथ उनकी संगतता पर चर्चा की जानी चाहिए। समान भंडारों पर भू-सांख्यिकी लागू करने में प्राप्त अनुभव को ध्यान में रखा जाना चाहिए।
	(xi)	सहकर्मी समीक्षा रिपोर्ट सहित प्रयुक्त आंकड़ा सत्यापन या विधिमान्यता प्रक्रियाएं।
18.		**संसाधनों की रिपोर्टिंग**
		विभिन्न वर्गों में संसाधनों की रिपोर्टिंग का आधार। वर्गीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंड और पद्धति विनिर्दिष्ट किए जाने चाहिए। प्रत्येक वर्ग के लिए ग्रेड के साथ मात्रा विनिर्दिष्ट की जानी चाहिए। प्रत्येक वर्ग के अधीन औसत ग्रेड विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए। उपयुक्त मामलों के अधीन ग्रेड वार वर्गीकरण की भी रिपोर्ट की जानी चाहिए। सोने, कीमती धातुओं और आधार धातुओं जैसे धातु जमा के मामले में धातु की मात्रा विनिर्दिष्ट की जानी चाहिए और संसाधनों का अनुमान विभिन्न कट ऑफ ग्रेड पर लगाया जाना चाहिए। वास्तविक अनुमानों से विश्वास स्तर का ख्याल रखने के लिए लागू किए गए कारक, यदि कोई हो, को भी विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए। अनुमानित, संकेतित और मापे गए संसाधनों को एक सारणी में उजागर किया जाना चाहिए।
19.		**सारांश और सिफारिशें**
	(i)	(क) खोज कार्य के परिणाम पर चर्चा जिसमें भंडार की प्रकृति, भंडार का आयाम, सामान्य संरचनात्मक प्रवृत्ति, घटना की गहराई और जिस गहराई तक खोज की गई है, खोज की गहराई से परे खनिजीकरण की निरंतरता की संभावना और भविष्य की खोज अवेक्षाएं, यदि कोई हों, का ब्यौरा दिया जाएगा। (ख) विभिन्न वर्गों के अधीन ग्रेड सहित अनुमानित संसाधन। (ग) वर्तमान प्रौद्योगिकीय, पर्यावरणीय, सामाजिक और बाजार स्थितियों के आधार पर आर्थिक निष्कर्षण की संभावना। (घ) जमा की आर्थिक निकासी में प्रत्याशित बाधाएं, यदि कोई हों।
	(ii)	आगे की खोज और उत्पादन के लिए भंडार हेतु सुझाई गई भविष्य की योजना या रणनीति पर चर्चा।
20.		**प्लेटें और मानचित्र**
	(i)	विरासत आंकड़ा के आधार पर परियोजना स्थल के आस-पास के क्षेत्र की बैथिमेट्री को दर्शाने वाली क्षेत्र की स्थान योजना।

	(ii)	उपलब्ध विरासत आंकड़ा से आस-पास के क्षेत्र की समुद्र तल आकृति विज्ञान।
	(iii)	सतह तलछटी मानचित्र, गहराई माप मानचित्र, उचित पैमाने पर डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के साथ विश्वसनीयता दिखाते हुए - सतह और कोर नमूनों के स्थान के वैश्विक निर्देशांक। यदि क्षेत्र या उसका हिस्सा पूर्व की खोज के अधीन कवर किया गया है, तो स्थान ब्यौरे के साथ इसे उचित पैमाने पर मानचित्र में दिखाया जाना चाहिए।
	(iv)	उपयुक्त अंतराल पर अनुप्रस्थ काट, लिथो-इकाइयों और खनिजीकरण के ऊर्ध्वाधर प्रक्षेपण को दर्शाता है।
	(v)	परियोजना क्षेत्र के समुद्रतल का बायोटोप मानचित्र।
21.		**रिपोर्ट के उपाबंध या संलग्नक**
	(i)	रिपोर्ट में अनुमान के समर्थन में मानचित्र, अनुभाग, लॉग, विश्लेषण रिपोर्ट, फोटोग्राफ आदि सहित सभी सुसंगत आंकड़ा सम्मिलित होंगे।
	(ii)	संयुक्त अनुज्ञप्ति के मामले में, अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने, निष्पादन के सभी सुसंगत आदेश भी रिपोर्ट का हिस्सा होंगे।
22.		कोई अन्य जानकारी जो किसी प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में उपलब्ध हो या अपेक्षित हो।

भाग 5
पूर्व-साध्यता और साध्यता रिपोर्ट की सामग्री

खनिज भंडारों के आकलन और रिपोर्टिंग के लिए पूर्व-साध्यता या साध्यता रिपोर्ट के लिए मानदंड (भू-वैज्ञानिक अध्ययन रिपोर्ट में सूचीबद्ध मानदंड भी इस टेम्पलेट का एक अभिन्न अंग होंगे)।

क्र. सं.	अंतर्वस्तु	स्पष्टीकरण
1.	खनिज रिज़र्व में संपरिवर्तन के लिए खनिज संसाधन आकलन	- खनिज संसाधन आकलन का ब्यौरा, जिसका उपयोग खनिज रिजर्व में संपरिवर्तन के लिए आधार के रूप में किया जाता है। - इस बारे में स्पष्ट ब्यौरा कि क्या खनिज संसाधनों की रिपोर्ट खनिज भंडार के अतिरिक्त है या उनमें सम्मिलित है। - खनिज संसाधनों को खनिज भंडार में परिवर्तित करने के लिए किए गए अध्ययन का प्रकार और स्तर अर्थात पूर्व- साध्यता/ साध्यता स्तर।
2.	कट-ऑफ ग्रेड या गुणवत्ता मापदंड	- अपनाए गए कट-ऑफ ग्रेड या लागू गुणवत्ता मापदंडों का आधार, जिसमें समतुल्य धातु सूत्रों और विनिर्दिष्ट सीमा मूल्यों का आधार, यदि उपयुक्त हो, सम्मिलित है।
3.	उत्पादन कारक या धारणाएं	- खनिज संसाधन को खनिज रिजर्व में परिवर्तित करने के लिए उपयोग की जाने वाली पद्धति और धारणाएं (अर्थात या तो अनुकूलन द्वारा उपयुक्त कारकों के अनुप्रयोग द्वारा या उत्पादन के लिए संकल्पनात्मक योजना के साथ समर्थित प्रारंभिक या ब्यौरेबद्ध डिज़ाइन द्वारा)। - चयनित उत्पादन पद्धति(पद्धतियों) की प्रकृति और उपयुक्तता

		का चुनाव, चयनित उत्पादन इकाई का आकार (लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई) और अन्य उत्पादन मापदंड जिसमें सहबद्ध डिजाइन मुद्दे जैसे प्री-स्ट्रिप, पहुंच आदि सम्मिलित हैं। - भू-तकनीकी मापदंडों (जैसे ढलान स्थिरता, आदि), ग्रेड नियंत्रण और उत्पादन-पूर्व ड्रेजिंग के बारे में की गई धारणाएं। - समुद्र तल की खोज, ड्रेजिंग (यदि उपयुक्त हो) के लिए की गई प्रमुख धारणाएं और उपयोग किए गए खनिज संसाधन मॉडल। - उत्पादन कमजोर पड़ने वाले कारक, उत्पादन पुनर्प्राप्ति कारक और उपयोग की गई न्यूनतम उत्पादन चौड़ाई। - चयनित उत्पादन पद्धतियों की अवसंरचना अपेक्षाएं। जहां उपलब्ध हो, निष्पादन मापदंडों की ऐतिहासिक विश्वसनीयता।
4.	धातुकर्म संबंधी कारक या धारणाएं	- प्रस्तावित धातुकर्म प्रक्रिया और जमा के प्रकार के लिए उस प्रक्रिया की उपयुक्तता। - किए गए धातुकर्म परीक्षण कार्य की प्रकृति, मात्रा और प्रतिनिधित्व और लागू किए गए धातुकर्म पुनर्प्राप्ति कारक। - हानिकारक तत्वों के लिए की गई कोई भी धारणा या अनुमति। - किसी भी थोक नमूने या प्रायोगिक पैमाने पर परीक्षण कार्य का अस्तित्व और इस तरह के नमूने किस हद तक अयस्क निकाय के समग्र रूप से प्रतिनिधि हैं। - खनिज भंडार के लिए रिपोर्ट किए गए टन भार और ग्रेड में स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि क्या ये संयंत्र के लिए सामग्री के संबंध में हैं या पुनर्प्राप्ति के बाद। - प्रतिस्थापन और बचाव मूल्य के संकेत सहित विद्यमान संयंत्र और उपस्करों पर टिप्पणी।
5.	लागत और राजस्व कारक	- संभावित पूंजी और संक्रिया संबंधी लागत के बारे में व्युत्पन्न, या की गई धारणाएं। - हेड ग्रेड, धातु या खनिज पदार्थ मूल्य (मूल्यों) विनिमय दरों, परिवहन और उपचार प्रभार, शास्ति आदि सहित राजस्व के संबंध में की गई धारणाएं। - संदर्भ स्वामिस्व के लिए किए गए भत्ते। - कथित अवधि के लिए मूल नकदी प्रवाह इनपुट। - वार्षिक नियोजित उत्पादन, जमा का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) और आंतरिक दर प्रतिफल (आईआरआर), वार्षिक अनुमानित उत्पादन के आधार पर जमा का आंतरिक मूल्य।
6.	बाजार निर्धारण	- किसी विशिष्ट वस्तु की मांग, आपूर्ति और स्टॉक की स्थिति, उपभोग के रुझान और भविष्य में आपूर्ति और मांग को प्रभावित

		करने वाले संभावित कारक। - उत्पाद के लिए संभावित मार्केट विंडो की पहचान के साथ-साथ ग्राहक और प्रतिस्पर्धा संबंधी विश्लेषण। - कीमत और मात्रा पूर्वानुमान और इन पूर्वानुमानों का आधार। - औद्योगिक खनिजों के लिए आपूर्ति अनुबंध से पहले ग्राहक विनिर्देशन, परीक्षण और स्वीकृति अपेक्षाएं।
7.	अन्य उपांतरित कारक	- किसी परियोजना की संभावित व्यवहार्यता और/या खनिज भंडार के आकलन और वर्गीकरण पर प्राकृतिक जोखिम, अवसंरचना, पर्यावरणीय, विधिक, विपणन, सामाजिक या सरकारी कारकों का प्रभाव, यदि कोई हो। - परियोजना की व्यवहार्यता के लिए महत्वपूर्ण शीर्षकों और अनुमोदनों की प्रास्थिति, जैसे उत्पादन पट्टे, उन्मोचन परमिट, सरकारी और कानूनी अनुमोदन। - प्रत्याशित दायित्वों के पर्यावरणीय ब्यौरा। खनिज अधिकारों और शीर्षकों की अवस्थान योजनाएं।
8.	वर्गीकरण	- खनिज भंडारों को विभिन्न विश्वास श्रेणियों में वर्गीकृत करने का आधार। - प्रस्तावित प्रारंभिक खान अभिकल्प/संकल्पनात्मक योजना के साथ ग्रेड-वार खनन योग्य मात्रा के आकलनों को अंतिम रूप देना, सभी आवश्यक अनुमोदन/संविदाओं की पुष्टि हो गई हो या उचित अपेक्षाएं हों कि सभी ऐसे अनुमोदन या संविदाएं युक्तियुक्त समय-सीमा के भीतर अभिप्राप्त कर लिए जाएंगे और इस प्रमाणीकरण के साथ कि आर्थिक व्यवहार्यता अल्पकालिक प्रतिकूल बाजार स्थितियों द्वारा प्रभावित नहीं होगी, के अधीन होगा, परंतु कि दीर्घकालिक पूर्वानुमान सकारात्मक रहें।
9.	खनिज सज्जीकरण और पर्यावरणीय संरक्षण	- उत्पादन, सज्जीकरण और अपशिष्ट निपटान के लिए संक्षिप्त कार्यप्रणाली। - उत्पादन, सज्जीकरण और अपशिष्ट निपटान के दौरान पर्यावरणीय संरक्षण के लिए अपनाए जाने वाले उपायों का संक्षिप्त जानकारी। - समुद्री वनस्पतियों और जीवों सहित आधारभूत समुद्री पर्यावरणीय स्थिति, उत्पादन के संभावित प्रभावों और सुझाए गए शमन उपायों का संक्षिप्त ब्यौरा। - सभी प्रचालनो के लिए तकनीकी कार्मिको की उपलब्धता का ब्यौरा।
10.	अर्हित व्यक्ति से प्रमाण पत्र	नाम, तारीख और हस्ताक्षर।

अनुसूची ख
[नियम 11(1)(क), 11(1)(ख) देखिए]

अनुज्ञप्ति क्षेत्र से हटाए जाने योग्य अयस्कों और खनिजों की अधिकतम मात्रा

वर्ग	खनिज	वह मात्राएं जो बिना किसी भुगतान के ले जाई जा सकती है	अधिकतम मात्रा जिसे स्वामिस्व का भुगतान करके ले जाया जा सकता है
(1)	(2)	(3)	(4)
वर्ग – I	समुद्र तटीय रेत खनिज	5 टन	200 टन
वर्ग – II	अन्य सभी खनिज जो ऊपर विनिर्दिष्ट नहीं हैं	5 टन	200 टन

प्ररूप क
संयुक्त अनुज्ञप्ति के लिए निष्पादन प्रतिभूति रुपविधान
[नियम 6 (9) (ख) देखिए]

[बैंक की संदर्भ सं.]

[तारीख]

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति

[पता]

जबकि

क [नाम], जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है या [कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अधीन भारत में निगमित एक सरकारी कंपनी जिसकी निगमित पहचान सं. [आवेदक का सीआईएन] है या [निगम के क़ानून/विनियम अंत:स्थापित करें] के अधीन भारत में समस्यक रुप से निगमित एक निगम, जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता], भारत में है और कारबार का मुख्य स्थान [कारबार के मुख्य स्थान का पता, यदि रजिस्ट्रीकृत कार्यालय से अलग है] पर है (**आवेदक**) को [निष्पादन बैंक प्रत्याभूति की समाप्ति की तारीख] ("समाप्ति तारीख") तक वैध निष्पादन प्रतिभूति के रूप में भारतीय मुद्रा [अंकों में] (भारतीय रुपये [शब्दों में]) के बराबर रकम के लिए बिना शर्त और अपरिवर्तनीय बैंक प्रत्याभूति प्रदान करना अपेक्षित है।

ख निष्पादन प्रतिभूति भारत के राष्ट्रपति को, जिसका प्रतिनिधित्व प्रशासनिक प्राधिकारी (**केंद्रीय सरकार**) द्वारा किया जा रहा है, [मूल दस्तावेजों के संदर्भ में, अर्थात् संयुक्त अनुज्ञप्ति की खोज अनुज्ञप्ति विलेख] तारीख, [तारीख] [संयुक्त अनुज्ञप्ति की विशिष्टियां] (सामूहिक रूप से **"करार"**) के संबंध में कतिपय बाध्यताओं के निर्वहन के लिए प्रदान किया जाना आवश्यक है।

ग हम, [बैंक का नाम] (**बैंक**) आवेदक के अनुरोध पर, इसमें अंतर्विष्ट निबंधनों और शर्तों पर केंद्रीय सरकार से मांग पर करार के अधीन आवेदक की बाध्यताओं को सुरक्षित करने के लिए केंद्रीय सरकार को भारतीय मुद्रा [अंकों में] (भारतीय रुपये [शब्दों में]) (**प्रत्याभूति रकम**) के अनधिक रकम का भुगतान करने का वचन देते हैं।

अब इसलिए, बैंक आवेदक की ओर से प्रत्याभूति रकम में केंद्रीय सरकार के पक्ष में यह अपरिवर्तनीय और बिना शर्त भुगतान बैंक प्रत्याभूति (**प्रत्याभूति**) जारी करता है:

1. इस प्रयोजन के लिए बैंक, बिना किसी आपत्ति, आरक्षण, चेतावनी, विरोध या सहारे के, केंद्रीय सरकार से प्रथम लिखित मांग प्राप्त होने पर, तुरन्त केंद्रीय सरकार को (एक या अधिक दावों के माध्यम से), कुल मिलाकर प्रत्याभूति राशि से अधिक नहीं (के बराबर), एक राशि या राशियों का भुगतान करने का बिना शर्त और अपरिवर्तनीय रूप से वचनबद्धता व्यक्त करता है, तथा इसमें विनिर्दिष्ट राशि के लिए ऐसी मांग के लिए केंद्रीय सरकार को बैंक के समक्ष आधार या कारण साबित करने या दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी, तथा भले ही केंद्रीय सरकार और आवेदक के बीच किसी भी मामले पर कोई विवाद या मतभेद हो। बैंक, केंद्रीय सरकार को इस प्रकार मांगी गई कोई भी धनराशि देने का वचन देता है, भले ही आवेदक द्वारा किसी न्यायालय या अधिकरण के समक्ष लंबित किसी मुकदमे या कार्यवाही में कोई विवाद या विवाद उत्पन्न हो, इस के अधीन बैंक का दायित्व पूर्ण और स्पष्ट है।

2. बैंक यह स्वीकार करता है कि बैंक द्वारा केंद्रीय सरकार को संदेय रकमों के बारे में केंद्रीय सरकार द्वारा की गई ऐसी कोई भी मांग, करार के अधीन आवेदक द्वारा केंद्रीय सरकार को संदेय रकमों के संबंध में अंतिम, बाध्यकारी और निर्णायक साक्ष्य होगी।

3. बैंक इस प्रकार आवेदक से उक्त रकम या उसके किसी भाग की मांग करने की केंद्रीय सरकार की आवश्यकता को अधित्यक्त करता है तथा इस प्रत्याभूति के अधीन भुगतान के लिए बैंक को कोई लिखित मांग प्रस्तुत करने से पहले, आवेदक के विरुद्ध केंद्रीय सरकार से विधिक उपाय अपनाने की मांग करने के बैंक के किसी भी अधिकार को भी अधित्यक्त करता है।

4. बैंक बिना किसी शर्त के केंद्रीय सरकार से सहमत है कि केंद्रीय सरकार, बैंक की सहमति के बिना और इस प्रत्याभूति के अधीन बैंक के बाध्यताओं को किसी भी रीति में प्रभावित किए बिना, निम्नलिखित कार्य करने के लिए स्वतंत्र होगी:-—

   (i) करार की शर्तों और निबंधनों में उपांतरण करना;
   (ii) करार के अधीन आवेदक की बाध्यताओं के निष्पादन के लिए समय को स्थगित करना, या
   (iii) करार की शर्तों और निबंधनों के अधीन आवेदक के विरुद्ध केंद्रीय सरकार द्वारा प्रयोग किए जाने वाले किसी भी अधिकार को रोकना या लागू करना,

   और बैंक को केंद्रीय सरकार की ओर से किसी ऐसे कार्य या चूक के कारण या केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदक को दी गई किसी रियायत या अन्य किसी कारण अपने दायित्व से मुक्त नहीं किया जाएगा, जो प्रतिभूतियों से संबंधित विधि के अधीन, यदि यह उपबंध न होता, तो बैंक को इस प्रत्याभूति के अधीन अपनी बाध्यताओं से मुक्त करने का प्रभाव डालता।

5. इसके अधीन किया गया कोई भी भुगतान किसी भी प्रकृति के वर्तमान या भविष्य के करों, उदग्रहणों, अधिरोपण, शुल्क, प्रभार, फीस, कमीशन, कटौती या रोक के लिए या उसके कारण कटौती के बिना मुक्त और स्पष्ट किया जाएगा।

6. बैंक इस बात से सहमत है कि केंद्रीय सरकार अपने विकल्प पर आवेदक के खिलाफ पहली बार कार्यवाही किए बिना, पहले उदाहरण में मुख्य देनदार के रूप में बैंक के खिलाफ इस प्रत्याभूति को लागू करने का हक होगा।

7. बैंक इस बात पर भी सहमत है कि इस प्रत्याभूति में अंतर्विष्ट प्रत्याभूति करार में विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान पूरी तरह से लागू रहेगी और यह तब तक लागू रहेगी जब तक कि निष्पादन प्रतिभूति के संबंध में उक्त करार के अधीन या इसके आधार पर आवेदक के सभी बाध्यताओं का पूरी तरह से भुगतान नहीं कर दिया जाता है और उसके दावों को केंद्रीय सरकार की संतुष्टि के अनुसार संतुष्ट या निर्वहन नहीं कर दिया जाता है या जब

तक कि केंद्रीय सरकार यह प्रमाणित नहीं कर देती है कि निष्पादन प्रतिभूति के संबंध में करार की शर्तों और निबंधनों का आवेदक द्वारा पूरी तरह से और उचित रीति से पालन किया गया है और तदनुसार इस प्रत्याभूति का निर्वहन करती है। इस प्रत्याभूति में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, जब तक कि समाप्ति तारीख पर या उससे पहले बैंक पर लिखित रूप में इस प्रत्याभूति के अधीन कोई मांग या दावा नहीं किया जाता है, तब तक बैंक को इस प्रत्याभूति के अधीन सभी दायित्वों से उन्मोचित कर दिया जाएगा।

8. इस प्रत्याभूति के अधीन बैंक द्वारा किया गया भुगतान, इसके अधीन भुगतान के लिए बैंक के दायित्व का वैध उन्मोचन होगा और कोई भी व्यक्ति ऐसे भुगतान के लिए बैंक के खिलाफ कोई दावा नहीं कर सकता।

9. यह प्रत्याभूति भारत की विधियों के अधीन है। इस प्रत्याभूति या इसके विषय-वस्तु से उत्पन्न होने वाला कोई भी मुकदमा, कार्रवाई या अन्य कार्यवाही नई दिल्ली, भारत में न्यायालयों के अनन्य अधिकारिता के अधीन होगी।

10. बैंक यह दर्शाता है कि उसके पास केंद्रीय सरकार के पक्ष में यह प्रत्याभूति जारी करने का प्राधिकार और शक्ति है। बैंक के संविधान में परिवर्तन के कारण यह प्रत्याभूति व्यपगत नहीं होगी।

11. बैंक यह वचन देता है कि वह लिखित रूप में केंद्रीय सरकार की पूर्व सहमति के बिना इस प्रत्याभूति को इसके प्रचलन के दौरान वापिस नहीं लेगा।

12. केंद्रीय सरकार, बैंक को पूर्व सूचना देकर, इस प्रत्याभूति के अधीन अधिकार किसी अन्य विभाग, मंत्रालय या किसी सरकारी अभिकरण को सौंप सकती है, जो राष्ट्रपति के नाम पर कार्य कर सकती है। इस खंड में उपबंधित के सिवाय, यह प्रत्याभूति आवंटनीय या हस्तांतरणीय नहीं होगी।

13. इसमें अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी—

(a) इस बैंक प्रत्याभूति के अधीन बैंक प्रत्याभूति रकम से अधिक नहीं होगी।

(b) यह बैंक प्रत्याभूति समाप्ति तारीख तक वैध रहेगी।

14. बैंक इस बैंक प्रत्याभूति के अधीन प्रत्याभूति रकम या उसके किसी भाग का भुगतान करने के लिए केवल तभी उत्तरदायी होगा, जब केंद्रीय सरकार समाप्ति तारीख को या उससे पहले बैंक को लिखित दावा या मांग प्रस्तुत करेगी।

तारीख [दिन] [मास] का दिन [वर्ष]

जिसके साक्ष्य स्वरूप बैंक ने अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं एवं मुहर लगा दी है।

(हस्ताक्षर)

_____

(नाम एवं पदनाम)

(बैंक की मुहर)

प्ररूप ख
खोज अनुज्ञप्ति विलेख का रुपविधान
[नियम 6 (12) (क) देखिए]

संयुक्त अनुज्ञप्ति ("अनुज्ञप्ति") अनुदत्त करने के लिए यह विलेख निम्नलिखित के द्वारा और बीच बनाया गया है:

पक्षकार

क. भारत के राष्ट्रपति, प्रशासनिक प्राधिकारी (**"केंद्रीय सरकार"**) के माध्यम से कार्य करते हुए।

और

ख. [अनुज्ञप्तिधारी का नाम], जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है या एक [सरकारी कंपनी] जो कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अधीन भारत में निगमित है, जिसकी निगमित पहचान सं. [सीआईएन] है या एक निगम जो भारत में [निगम के क़ानून/विनियम भरें] के अधीन समस्यक रुप से निगमित है, जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता], भारत में है और कारबार का मुख्य स्थान [कारबार के मुख्य स्थान का पता, यदि रजिस्ट्रीकृत कार्यालय से अलग है] पर है (**"अनुज्ञप्तिधारी"**)।

पृष्ठभूमि:

ग. अनुज्ञप्तिधारी ने अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2002 (2003 का 17) (**"अधिनियम"**) और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन अपेक्षाओं को पूरा कर लिया है और एक संयुक्त अनुज्ञप्ति के अनुदत्त होने के लिए पात्र हो गया है।

घ. तदनुसार, केंद्रीय सरकार अब अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए इस विलेख को निष्पादित कर रही है, जिसमें अनुज्ञप्तिधारी की ओर से भुगतान, पालन और निष्पादन के लिए आरक्षित और अंतर्विष्ट फीस, स्वामिस्व, अनुबंध और करार सम्मिलित हैं।

1. **परिभाषाएं**

इस अनुज्ञप्ति में प्रयुक्त अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों में दिया गया है।

2. **अनुज्ञप्ति अनुदत्त होना**

2.1. केंद्रीय सरकार (प्रशासनिक प्राधिकारी के माध्यम से कार्य करते हुए) खोज संबंधी संक्रयाओ के संचालन के लिए निम्नलिखित खनिजों, [खनिजों का नाम] (**खनिज**) के संबंध में सम्यक रुप से, संयुक्त अनुज्ञप्ति के निष्पादित खोज अनुज्ञप्ति विलेख रजिस्ट्रीकृत है, को उस तारीख से प्रारंभ होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए अनुसूची-1 (**अनुज्ञप्ति क्षेत्र**) में वर्णित क्षेत्र पर अनुज्ञप्तिधारक को अनुज्ञप्ति प्रदान करती है।

2.2. यह अनुज्ञप्ति, अनुज्ञप्ति क्षेत्र में या उसके अधीन स्थित, पड़े या मौजूद सभी खनिज भंडारों के संबंध में होगी।

2.3. अनुज्ञप्तिधारी स्वामिस्व का भुगतान करने तथा संदत्त किए जाने वाले अन्य अपेक्षित संदायों के अद्यावधीन रहते हुए और इसमें अंतर्विष्ट सभी प्रसंविदाओं और करारों का पालन करेगा तथा अनुज्ञप्तिधारी की ओर से उसको अनुपालित तथा निष्पादित किया जाएगा, और वह पट्टा क्षेत्र के अधिकारों और परिसरो को इस प्रकार प्रदत्त अवधि के लिए तथा उसके दौरान केंद्रीय सरकार या

इसके अद्यीन अधिकार पूर्वक दावा करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार के अविधिमान्य अवरोध के बिना शांतिपूर्वक धारण कर सकेगा।

3. **अधिकार और बाध्यताए**

3.1. केंद्रीय सरकार और अनुज्ञप्तिधारी के अधिकार और दायित्व अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों में विनिर्दिष्ट होंगे, जिसमें बिना किसी परिसीमा के अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 और अपतट खनिज विकास और उत्पादन करार तारीख [तारीख] सम्मिलित हैं।

3.2. पूर्वगामी की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना,

(क) अनुज्ञप्तिधारी,—

(i) हर समय अधिनियम के उपबंधों, इसके अधीन बनाए गए नियमों तथा परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) सहित वर्तमान में लागू सभी अन्य विधियों का अनुपालन करेगा;

(ii) स्वामिस्व और अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए जाने वाले किसी भी प्रभार या अन्य भुगतान का शीघ्र भुगतान करेगा;

(iii) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा की गई क्षति, चोट या अशांति के लिए तत्समय प्रवृत किसी विधि के अनुसार प्रतिकर का भुगतान करेगा और किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा ऐसी किसी भी क्षति, चोट या अशांति के संबंध में किए गए सभी दावों और उससे संबंधित सभी लागतों और व्ययों के विरुद्ध केंद्रीय सरकार, प्रशासनिक प्राधिकरण और विभाग को क्षतिपूर्ति करेगा और क्षतिपूर्ति देता रहेगा;

(iv) खोज संबंधी संक्रियाओं से प्रभावित समुद्र तल के प्राकृतिक पुनर्वास को सक्षम करने के लिए सभी आवश्यक कदम और उपाय करेगा, जिसमें केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट कोई भी उपाय सम्मिलित हो सकते हैं;

(v) इस अनुज्ञप्ति के अधीन संक्रिया संबंधी के क्रम में होने वाली किसी दुर्घटना की रिपोर्ट अविलंब के नौवहन महानिदेशालय, महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, प्रशासनिक प्राधिकारी और किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी को भेजेगा, जिससे मृत्यु या गंभीर शारीरिक चोट या संपत्ति को गंभीर क्षति पहुंचे या जीवन या संपत्ति को गंभीर रूप से प्रभावित या खतरा हो;

(vi) अनुज्ञप्ति क्षेत्र से प्राप्त सभी खनिजों को तौलेगा या मापेगा, या तुलवाएगा या माप करवाएगा तथा तथा प्रत्येक तौल या माप के लिए निदेशालय के प्रशासनिक प्राधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी को सात दिन की लिखित पूर्व सूचना देगा ताकि वह या उसके निमित कोई व्यक्ति वहां उपस्थित हो सके;

(vii) इस विलेख के संबंध में लागू स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण प्रभार का भुगतान करेगा;

(viii) अनुज्ञप्ति की अवधि के दौरान, अनुज्ञप्ति क्षेत्र में प्रवेश करेगा और अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार, इस विलेख में विनिर्दिष्ट खनिजों के लिए खोज संबंधी संक्रिऐं संबंधी करेगा;

(ix) उचित, कुशल और कुशल कारीगरीपूर्ण रीति में खोज संबंधी संक्रियाओ को जारी रखेगा;

(x) अधिनियम की धारा 19क के अधीन बनाए गए नियमों और अधिनियम की धारा 21 के अधीन जारी निदेशों सहित अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का अनुपालन करेगा;

(xi) निम्नलिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, अर्थात्:—

(क) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए कार्य की त्रैमासिक रिपोर्ट जिसमें कार्यरत व्यक्तियों की संख्या बताई गई हो और अवधि के दौरान एकत्र किए गए भू-वैज्ञानिक, भू-भौतिकीय या अन्य संग्रहित आंकड़ों का पूरा खुलासा किया गया हो। रिपोर्ट उस तिमाही के समापन के तीस दिनों की अवधि के भीतर प्रस्तुत की जाएगी जिससे यह संबंधित है;

(ख) वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए कार्य का पूरा ब्यौरा हो तथा अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञप्ति के अधीन आने वाले क्षेत्र के भू-विज्ञान और खनिज संसाधनों के संबंध में इस अनुज्ञप्ति के अधीन की गई संक्रियाओं के दौरान प्राप्त की गई सभी जानकारी का खुलासा हो। रिपोर्ट उस वर्ष की समाप्ति के बाद साठ दिनों की अवधि के भीतर संबंधित निदेशालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, प्रशासनिक प्राधिकारी और ऐसे अन्य प्राधिकरण को, जिसे विनिर्दिष्ट किया जाए को प्रस्तुत की जाएगी;

परन्तु, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, अनुज्ञप्तिधारी यह विनिर्दिष्ट कर सकता है कि उपरोक्त खंड 3.2 (क) (xi) के अनुसार प्रस्तुत रिपोर्ट और आंकड़ों का पूरा या उसका कोई भाग गोपनीय रखा जाएगा और संबंधित प्राधिकारी प्रस्तुत रिपोर्ट और आंकड़ों के ऐसे भागों को गोपनीय रखेंगे, जैसा उचित समझा जाए:

परन्तु, यह और कि, केंद्रीय सरकार ऐसी गोपनीय रिपोर्टों और आंकड़ों का अपने प्रयोजनों के लिए स्वतंत्र रूप से उपयोग कर सकेगी:

परन्तु यह और कि, यदि अनुज्ञप्तिधारी अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 के नियम 7 के उप-नियम (7) में निर्धारित समय अवधि के भीतर उत्पादन पट्टे के लिए आवेदन करने में विफल रहता है, या यदि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत उत्पादन पट्टे के लिए आवेदन केंद्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है, या अनुज्ञप्ति की समाप्ति या उसे व्यपगत करने पर या खोज संबंधी संक्रियाओं को छोड़ दिया जाता है या अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 के नियम 6 के उप-नियम (19) के अनुसार अतिरिक्त क्षेत्र का अभ्यर्पण किया जाता है, जो भी पूर्वतर हो, उक्त अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत सभी रिपोर्ट और आंकड़ा केंद्रीय सरकार की एकमात्र संपत्ति बन जाएंगे;

(xii) निष्पादन प्रतिभूति को वापस करने या किसी अन्य खाते में स्थानांतरित करने से पहले किसी भी समय, या अनुज्ञप्ति की समाप्ति या समाप्ति के पश्चात् तीन मास की अवधि के भीतर, या खोज संबंधी संक्रियाओ को छोड़ दिया जाना, या अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संचालन अधिकार नियम, 2025 के नियम 6 के उप-नियम (19) के अनुसार अतिरिक्त क्षेत्र को सौंप दिया जाना, जो भी पूर्वतर हो,

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए कार्यों की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत करनी होगी और अनुज्ञप्ति क्षेत्र के भू-विज्ञान और खनिज संसाधनों के बारे में इस अनुज्ञप्ति के अधीन की गईं खोज संबंधी संक्रियाओ के दौरान अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अर्जित जानकारी का खुलासा करना होगा

परन्तु, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, अनुज्ञप्तिधारी यह विनिर्दिष्ट कर सकता है कि उपरोक्त खंड 3.2 (क) (xii) के अनुसार प्रस्तुत रिपोर्ट और आंकड़ा का पूरा या उसका कोई भाग गोपनीय रखा जाएगा और संबंधित प्राधिकारी प्रस्तुत रिपोर्ट और आंकड़ा के ऐसे भागों को गोपनीय रखेंगे, जैसा उचित समझा जाए:

परन्तु यह और कि, केंद्रीय सरकार ऐसी गोपनीय रिपोर्टों और आंकड़ों का अपने प्रयोजनों के लिए स्वतंत्र रूप से उपयोग कर सकेगी:

परन्तु यह भी कि, यदि अनुज्ञप्तिधारी अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 के नियम 7 के उप-नियम (7) में निर्धारित समय अवधि के भीतर उत्पादन पट्टे के लिए आवेदन करने में विफल रहता है, या यदि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत उत्पादन पट्टे के लिए आवेदन केंद्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है, या अनुज्ञप्ति की समाप्ति या उसे व्यपगत करने पर या खोज संबंधी संक्रियाओ को छोड़ दिया जाता है या अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रियाओ संबंधी अधिकार नियम, 2025 के नियम 6 के उप-नियम (19) के अनुसार अतिरिक्त क्षेत्र का अभ्यर्पण किया जाता है, जो भी पूर्वतर हो, उक्त अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत सभी रिपोर्ट और आंकड़ा केंद्रीय सरकार की एकमात्र संपत्ति बन जाएंगे;

(xiii) यह सुनिश्चित करेगा कि इस प्रयोजन के लिए तैनात किए गए उपस्कर या जलयानों को इस प्रकार रखा, चिह्नित, सुसज्जित और प्रकाशित किया जाए कि पोत परिवहन के लिए कोई खतरा उत्पन्न न हो;

(xiv) यह सुनिश्चित करेगा कि नौवहन के प्रयोजनों के लिए या केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य प्रयोजन के लिए किसी मान्यता प्राप्त समुद्री मार्ग में किसी मार्गाधिकार में कोई हस्तक्षेप न किया जाए;

(xv) अनुज्ञप्ति क्षेत्र के भीतर खोज संबंधी संक्रियाओ से उत्पन्न होने वाले परिसंकटमय अपशिष्ट सहित ठोस या तरल अपशिष्ट का व्यवस्थित निपटान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट उचित कदम उठाएगा और उपाय करेगा;

(xvi) यथास्थिति, समुद्री राष्ट्रीय उद्यानों, समुद्री अभयारण्यों या किसी अन्य क्षेत्र सहित संरक्षित क्षेत्रों में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण तथा समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से संबंधित उपाय करना, केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है;

(xvii) किसी भी दूरसंचार केबल, अपतट पवन टरबाइन जनरेटर, अपतट बिजली उप-स्टेशन, तेल प्लेटफार्म या पाइपलाइनों, पानी के नीचे के पुरातात्विक स्थलों, रक्षा प्रतिष्ठानों या किसी पत्तन क्षेत्र से पांच सौ मीटर की दूरी के भीतर किसी भी बिंदु पर कोई उत्पादन संक्रिया संबंधी नहीं करेगा या करने की अनुमति नहीं देगा, सिवाय सक्षम प्राधिकारी और प्रशासनिक प्राधिकारी या केंद्रीय सरकार द्वारा इस

निमित, अधिकृत किसी अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अनुसार और उसके अधीन और उसके अनुसार और पांच सौ मीटर की उक्त दूरी सुसंगत जलयान, संरचना या स्थापना के बाहरी किनारे से मापी जाएगी, जैसा भी लागू हो;

(ख) केंद्रीय सरकार को—

(i) हर समय किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को अनुज्ञप्ति क्षेत्र में प्रवेश करने और उस पर स्वतंत्रता प्रदान करने या देने का अधिकार होगा, सिवाय उन सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए जिनके लिए अनुज्ञप्तिधारी को स्पष्ट रूप से एकमात्र अधिकार और अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, जिसमें बिना किसी परिसीमा के, अनुज्ञप्ति क्षेत्र में, उसके ऊपर या उसके माध्यम से ऐसे जलयानों, उपस्करों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, दूरसंचार केबलों और अन्य ऐसे उपस्करों को तैनात करना सम्मिलित है, जिन्हें किसी भी प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन माना जाएगा, और अनुज्ञप्ति क्षेत्र से ऐसे पत्थर, मिट्टी या अन्य सामग्री प्राप्त करना जो ऐसे जलयानों, उपस्करों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, दूरसंचार केबलों और अन्य ऐसे उपस्करों की तैनाती, मरम्मत या रखरखाव के लिए आवश्यक या अपेक्षित हो, सभी प्रयोजनों के लिए ऐसे क्षेत्र से हर समय गुजरने और फिर से गुजरने के लिए और जैसा कि अवसर की आवश्यकता होगी।

(ii) अनुज्ञप्तिधारक द्वारा उपबंधित किसी भी निष्पादन प्रतिभूति को ऐसी निष्पादन प्रतिभूति के निबंधनों के अनुसार विनियोजित करने का अधिकार होगा और अनुज्ञप्तिधारक से निष्पादन प्रतिभूति की भरपाई करने की अपेक्षा करती है। यदि अनुज्ञप्ति की समाप्ति और अनुज्ञप्तिधारक के सभी बाध्यताओं की पूर्ति के पश्चात् निष्पादन प्रतिभूति, प्रतिभूति के माध्यम से प्रदान की गई है, तो ऐसी प्रतिभूति जमा रकम उचित कटौती के पश्चात् अनुज्ञप्तिधारक को वापस कर दी जाएगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिभूति जमा पर कोई ब्याज नहीं लगेगा;

(iii) किसी कार्य या मामले को करने या निष्पादित करने का अधिकार होगा, जो उस निमित अनुबंधों के अनुसार अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जाना है, लेकिन उस निमित विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसा नहीं किया गया है या निष्पादित नहीं किया गया है, और अनुज्ञप्तिधारी केंद्रीय सरकार को मांग पर सभी व्ययों का भुगतान करेगा जो इसके कार्यान्वयन या निष्पादन में व्यय होंगे।

(iv) अपनी ओर से किसी अन्य अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या व्यक्ति को अनुज्ञप्ति क्षेत्र में प्रवेश करने और (i) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खोज करने, खुदाई करने, निकालने और ले जाने के लिए अधिकृत करने की शक्ति होगी; (ii) अपतट पवन टरबाइन जनरेटर, अपतट विद्युत उपस्टेशनों को बिछाने या रखरखाव करने, मरम्मत करने या बदलने की शक्ति होगी; (iii) यथास्थिति, इन प्रयोजनों के लिए या किसी अन्य प्रयोजन के लिए, प्राधिकृत, केंद्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जा सकता है, ऐसे संयंत्र, प्रतिष्ठानों, पाइपलाइन, केबल, जलमार्ग, इंजन, मशीनरी और सुविधाओं को डुबाने, चलाने, खड़ा करने, निर्माण करने, रखरखाव करने और उपयोग करने की शक्ति होगी, जैसा आवश्यक समझा जाए:

परन्तु, ऐसी शक्ति के प्रयोग में इन उपबंधों के अधीन अनुज्ञप्तिधारी के अधिकारों में कोई भौतिक बाधा या हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा और उचित मुआवजा, जैसा कि पारस्परिक रूप से सहमत हो सकता है या असहमति की

स्थिति में, जैसा कि प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा तय किया जा सकता है, का भुगतान किया जाएगा,—

(i) ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को, यथास्थिति, केंद्रीय सरकार द्वारा इस शक्ति के प्रयोग के कारण अनुज्ञप्तिधारी को हुई किसी हानि या क्षति के लिए;

(ii) ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या ऐसे अन्य व्यक्ति को, यथास्थिति, केंद्रीय सरकार द्वारा इस शक्ति के प्रयोग के कारण ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या ऐसे अन्य व्यक्ति को हुई किसी हानि या क्षति के लिए, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रतिपूर्ति; तथा

(v) सरकारी प्राधिकरण द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत किसी अन्य अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या प्रचालक को उक्त क्षेत्रों में प्रवेश करने और पाइपलाइन बिछाने या सरकारी प्राधिकरण द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या प्रचालक द्वारा पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस निकालने के प्रयोजनों के लिए पंपिंग स्टेशन स्थापित करने की शक्ति प्रदान करने और हस्तांतरित करने का अधिकार होगा और अनुज्ञप्तिधारी किसी भी पेट्रोलियम संक्रिया संबंधी या अपतट पवन ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित किसी भी संक्रिया संबंधी या अनुज्ञप्ति क्षेत्र के भीतर सरकारी प्राधिकरण द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत ऑपरेटर द्वारा किए जा रहे या किए जाने के लिए प्रस्तावित ऐसे अन्य प्रचालनों में बाधाओं या हस्तक्षेप से बचने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेगा।

3.3. यदि केंद्रीय सरकार किसी खनिज के संबंध में अपने अग्रक्रय के अधिकार का प्रयोग करने की इच्छुक है, तो केंद्रीय सरकार ऐसे खनिजों के औसत विक्रय कीमत का भुगतान करेगी, जैसा कि निदेशालय द्वारा प्रकाशित किया गया है और जो अग्रक्रय के समय प्रचलित होगा।

3.4. युद्ध या आपातकाल की स्थिति के होने की स्थिति में (जिसके लिए भारत के राष्ट्रपति एकमात्र न्यायाधीश होंगे और भारत के राजपत्र में इस आशय की अधिसूचना निर्णायक सबूत होगी) केंद्रीय सरकार को उक्त अवधि के दौरान हर समय (अनुज्ञप्तिधारी या अनुज्ञप्तिधारियों को लिखित में नोटिस द्वारा प्रयोग किया जाने वाला) अनुज्ञप्ति क्षेत्र या इस अनुज्ञप्ति के अधीन संक्रिया के संबंध में अनुज्ञप्तिधारी के जलयानों, प्रतिष्ठानों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, संयंत्रों, मशीनरी, उपस्करों और परिसर को तुरंत कब्जे में लेने और नियंत्रण करने का अधिकार होगा और ऐसे कब्जे या नियंत्रण के दौरान, अनुज्ञप्तिधारी ऐसे जलयानों, प्रतिष्ठानों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, संयंत्रों, मशीनरी, उपस्करों, परिसरों और खनिजों के उपयोग के संबंध में केंद्रीय सरकार द्वारा या उसकी निमित दिए गए सभी निदेशों का पालन करेगा, परन्तु उचित मुआवजा, जो केंद्रीय सरकार द्वारा करार के चूक में अवधारित किया जाएगा, अनुज्ञप्तिधारी को इस खंड द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के कारण या परिणामस्वरूप उसके द्वारा उठाए गए सभी नुकसान या क्षति के लिए भुगतान किया जाएगा और परंतु यह भी कि ऐसी शक्ति का कोई भी प्रयोग उक्त अवधि को व्यपगत नहीं करेगा या इस खंड की शर्तों और उपबंधों को प्रभावित नहीं करेगा।

3.5. अनुज्ञप्तिधारी को दिया जाने वाला प्रत्येक नोटिस लिखित रूप में ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसे अनुज्ञप्तिधारी द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जा सकता है और ऐसे नामनिर्देशन की लिखित रूप में प्रशासनिक प्राधिकारी को सूचना दी जाएगी। यदि ऐसा कोई नामनिर्देशन नहीं किया जाता है तो अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन में दर्शाए गए पते पर या

भारत में ऐसे अन्य पते पर जिसे अनुज्ञप्तिधारी अभिहित कर सकता है, अनुज्ञप्तिधारी को संबोधित रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या ई-मेल द्वारा नोटिस भेजा जाएगा और ऐसी प्रत्येक सेवा अनुज्ञप्तिधारी पर उचित और वैध सेवा मानी जाएगी और उसके द्वारा उस पर सवाल नहीं उठाया जाएगा या उसे चुनौती नहीं दी जाएगी।

3.6. यदि किसी भी स्थिति में प्रशासनिक प्राधिकारी के आदेशों को केंद्रीय सरकार द्वारा अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 के अधीन कार्यवाहियों के अनुसरण में पुनरीक्षित, समीक्षा या रद्द कर दिया जाता है, तो अनुज्ञप्तिधारी, इन उपबंधों द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को प्रदत्त शक्तियों और विशेषाधिकारों के प्रयोग में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उठाए गए किसी भी नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का पात्र नहीं होगा।

4. **अनिवार्य बाध्यता**

4.1. इस खंड में "*अनिवार्य बाध्यता*" से दैवीय कृत्य, युद्ध, विद्रोह, दंगा, नागरिक उपद्रव, हड़ताल, भूकंप, तूफान, ज्वार की लहर, बाढ़, बिजली, विस्फोट, आग या कोई अन्य घटना अभिप्रेत है जिसे अनुज्ञप्तिधारी उचित रूप से रोक या नियंत्रित नहीं कर सकता।

4.2. अनुज्ञप्तिधारी द्वारा इस अनुज्ञप्ति के किसी भी निबंधन और शर्त को पूरा करने में विफलता से केंद्रीय सरकार को अनुज्ञप्तिधारी के विरुद्ध कोई दावा नहीं मिलेगा या इसे इस अनुज्ञप्ति का उल्लंघन नहीं माना जाएगा, जहां तक कि केंद्रीय सरकार द्वारा ऐसी विफलता को *अनिवार्य बाध्यता* से उत्पन्न माना जाता है, और यदि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा इस अनुज्ञप्ति के किसी भी निबंधन और शर्त को पूरा करने में अनिवार्य बाध्यता से देरी होती है, तो ऐसी देरी की अवधि को इस अनुज्ञप्ति द्वारा नियत अवधि में जोड़ दिया जाएगा।

4.3. प्रशासनिक प्राधिकारी या केंद्रीय सरकार किसी भी रीति में, किसी भी *अनिवार्य बाध्यता* के घटित होने या अस्तित्व में आने से उत्पन्न होने वाली किसी हानि के लिए अनुज्ञप्तिधारी के प्रति उत्तरदायी नहीं होगी।

5. **शासित विधि**

इस अनुज्ञप्ति और इसके निर्वचन के सभी प्रश्नों का भारत में तत्समय प्रवृत विधि के अनुसार अर्थ लगाया जाएगा। अधिनियम की धारा 28 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन, इस विलेख के अधीन उद्भूत होने वाले विवादों पर नई दिल्ली की अदालतों की अनन्य रुप से अधिकारिता होगी।

जिसके साक्ष्य में [तारीख] को [स्थान के नाम] को प्रस्तुतियां निष्पादित की गई हैं।

अनुसूची 1 : संयुक्त अनुज्ञप्ति का क्षेत्र

(अक्षांश और देशांतर सहित, अपतट क्षेत्र का ब्यौरा उपबंधित किया जाना है।)

प्ररूप ग

उत्पादन पट्टे के लिए निष्पादन प्रतिभूति का रुपविद्यान

[नियम 7(9)(ख) देखिए]

[बैंक की संदर्भ सं.] **[तारीख]**

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति

[पता]

जबकि

क. [नाम], जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है या [कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अधीन भारत में निगमित एक सरकारी कंपनी जिसकी निगमित पहचान सं. [आवेदक का सीआईएन] है या [निगम के क़ानून/विनियम डालें] के अधीन भारत में सम्यक् रुप से निगमित एक निगम, जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता], भारत में है और कारबार का मुख्य स्थान [कारबार के मुख्य स्थान का पता, यदि रजिस्ट्रीकृत कार्यालय से अलग है] पर है (**आवेदक**) को [निष्पादन बैंक प्रत्याभूति की समाप्ति की तारीख] ("समाप्ति तारीख") तक वैध निष्पादन प्रतिभूति के रूप में भारतीय मुद्रा [अंकों में] (भारतीय रुपये [शब्दों में]) के बराबर रकम के लिए बिना शर्त और अपरिवर्तनीय बैंक प्रत्याभूति प्रदान करना आवश्यक है।

ख. निष्पादन प्रतिभूति भारत के राष्ट्रपति को, जिसका प्रतिनिधित्व प्रशासनिक प्राधिकारी (**केंद्रीय सरकार**) द्वारा किया जाता है, [मूल दस्तावेजों के संदर्भ में, अर्थात् उत्पादन पट्टा विलेख, अपतट खनिज विकास और उत्पादन करार] तारीख, [तारीख] [उत्पादन पट्टे का ब्यौरा] (सामूहिक रूप से (**करार**) के संबंध में कतिपय बाध्यताओं के उन्मोचन के लिए उपबंधित किया जाना है।

ग. हम, [बैंक का नाम] (**बैंक**) आवेदक के अनुरोध पर, इसमें अंतर्विष्ट निबंधनों और शर्तों पर केंद्रीय सरकार के मांग पर करार के अधीन आवेदक की बाध्यताओं को सुरक्षित करने के लिए केंद्रीय सरकार को भारतीय मुद्रा [अंकों में] (भारतीय रुपये [शब्दों में]) (**प्रत्याभूति रकम**) के अनधिक रकदम का भुगतान करने का वचन देते हैं।

अब इसलिए, बैंक आवेदक की ओर से प्रत्याभूति रकम में केंद्रीय सरकार के पक्ष में यह अपरिवर्तनीय और बिना शर्त भुगतान बैंक प्रत्याभूति (**प्रत्याभूति**) जारी करता है:

1. इस प्रयोजन के लिए बैंक, बिना किसी आपत्ति, आरक्षण, चेतावनी, विरोध या सहारे के, केंद्रीय सरकार से प्रथम लिखित मांग प्राप्त होने पर, तुरन्त केंद्रीय सरकार को (एक या अधिक दावों के माध्यम से) कुल मिलाकर प्रत्याभूति रकम से अधिक नहीं (के बराबर), एक राशि या राशियों का भुगतान करने का बिना शर्त और अपरिवर्तनीय रूप से वचनबद्धता व्यक्त करता है, तथा इसमें विनिर्दिष्ट राशि के लिए ऐसी मांग के लिए केंद्रीय सरकार को बैंक के समक्ष आधार या कारण साबित करने या दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी, तथा भले ही केंद्रीय सरकार और आवेदक के बीच किसी भी मामले पर कोई विवाद या मतभेद हो। बैंक केंद्रीय सरकार को इस प्रकार मांगी गई कोई भी धनराशि देने का वचन देता है, भले ही आवेदक द्वारा किसी न्यायालय या अधिकरण के समक्ष लंबित किसी मुकदमे या कार्यवाही में कोई विवाद या विवाद उत्पन्न हो, इस वर्तमान प्रणाली के अधीन बैंक का दायित्व पूर्ण और स्पष्ट है।

2. बैंक यह स्वीकार करता है कि बैंक द्वारा केंद्रीय सरकार को संदेय रकम के बारे में केंद्रीय सरकार द्वारा की गई ऐसी कोई भी मांग, करार के अधीन आवेदक द्वारा केंद्रीय सरकार को संदेय रकम के संबंध में अंतिम, बाध्यकारी और निर्णायक साक्ष्य होगी।

3. बैंक इस प्रकार आवेदक से पूर्वोक्त रकम या उसके किसी भाग की मांग करने की केंद्रीय सरकार की आवश्यकता को अधित्यक्त करता है तथा इस प्रत्याभूति के अधीन भुगतान के लिए बैंक को कोई लिखित मांग प्रस्तुत करने से पहले आवेदक के विरुद्ध केंद्रीय सरकार से विधिक उपचार अपनाने की मांग करने के बैंक के किसी भी अधिकार को भी अधित्यक्त करता है।

4. बैंक बिना किसी शर्त के केंद्रीय सरकार से सहमत है कि केंद्रीय सरकार, बैंक की सहमति के बिना और इस प्रत्याभूति के अधीन बैंक के दायित्व को किसी भी तरह प्रभावित किए बिना, निम्नलिखित कार्य करने के लिए स्वतंत्र होगी—
   i. करार की शर्तों और नियमों में उपांतरण करना;
   ii. करार के अधीन आवेदक के बाध्यताओं के निष्पादन के लिए समय को स्थगित करना, या

iii. करार की शर्तों और नियमों के अधीन आवेदक के विरुद्ध केंद्रीय सरकार द्वारा प्रयोग किए जाने वाले किसी भी अधिकार को रोकना या लागू करना,

और बैंक को केंद्रीय सरकार की ओर से किसी ऐसे कार्य या चूक के कारण या केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदक को दी गई किसी रियायत या अन्य किसी बात के कारण अपने दायित्व से मुक्त नहीं किया जाएगा, जो प्रतिभूतियों से संबंधित विधि के अधीन, यदि यह उपबंध न होता, तो बैंक को इस प्रत्याभूति के अधीन अपने बाध्यताओं से मुक्त करने का प्रभाव डालता।

5. इसके अधीन किया गया कोई भी भुगतान किसी भी प्रकार के वर्तमान या भविष्य के करों, उद्ग्रहण, अधिरोपण, शुल्क, प्रभार, फीस, कमीशन, कटौती या रोक के लिए या उसके कारण कटौती के बिना मुक्त और स्पष्ट किया जाएगा।

6. बैंक इस बात से सहमत है कि केंद्रीय सरकार अपने विकल्प पर आवेदक के खिलाफ पहली बार कार्यवाही किए बिना, पहले उदाहरण में मुख्य देनदार के रूप में बैंक के खिलाफ इस प्रत्याभूति को लागू करने की हकदार होगी।

7. बैंक इस बात पर भी सहमत है कि इस प्रत्याभूति में अंतर्विष्ट प्रत्याभूति करार में विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान पूरी तरह से लागू रहेगी और यह तब तक लागू रहेगी जब तक कि निष्पादन प्रतिभूति के संबंध में उक्त करार के अधीन या इसके आधार पर आवेदक के सभी बाध्यताओं का पूरी तरह से भुगतान नहीं कर दिया जाता है और उसके दावों को केंद्रीय सरकार की संतुष्टि के अनुसार संतुष्ट या उन्मोचित नहीं कर दिया जाता है या जब तक कि केंद्रीय सरकार यह प्रमाणित नहीं कर देती है कि निष्पादन प्रतिभूति के संबंध में करार की शर्तों और निबंधनों का आवेदक द्वारा पूरी तरह से और उचित रीति से पालन किया गया है और तदनुसार इस प्रत्याभूति का उन्मोचन करती है। इस प्रत्याभूति में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, जब तक कि समाप्ति तारीख पर या उससे पहले बैंक पर लिखित रूप में इस प्रत्याभूति के अधीन कोई मांग या दावा नहीं किया जाता है, तब तक बैंक को इस प्रत्याभूति के अधीन सभी दायित्वों से उन्मोचित कर दिया जाएगा।

8. इस प्रत्याभूति के अधीन बैंक द्वारा किया गया भुगतान, इसके अधीन भुगतान के लिए बैंक के दायित्व का वैध उन्मोचन होगा और कोई भी व्यक्ति ऐसे भुगतान के लिए बैंक के खिलाफ कोई दावा नहीं कर सकेगा।

9. यह प्रत्याभूति भारत के तत्समय प्रवृत विधि के अधीन है। इस प्रत्याभूति या इसके विषय-वस्तु से उत्पन्न होने वाला कोई भी मुकदमा, कार्रवाई या अन्य कार्यवाही नई दिल्ली, भारत में न्यायालयों के अनन्य अधिकारिता के अधीन होगी।

10. बैंक इसका प्रतिनिधित्व करता है कि उसके पास केंद्रीय सरकार के पक्ष में यह प्रत्याभूति जारी करने का अधिकार और शक्ति है। बैंक के संविधान में परिवर्तन के कारण यह प्रत्याभूति उन्मोचित नहीं होगी।

11. बैंक यह वचन देता है कि वह लिखित रूप में केंद्रीय सरकार की पूर्व सहमति के सिवाय इस प्रत्याभूति को इसके प्रचलन के दौरान रद्द नहीं करेगा।

12. केंद्रीय सरकार, बैंक को पूर्व सूचना देकर, इस प्रत्याभूति के अधीन अधिकार किसी अन्य विभाग, मंत्रालय या किसी सरकारी अभिकरण को सौंप सकती है, जो राष्ट्रपति के नाम पर कार्य कर सकती है। इस खंड में दिए गए उपबंधों के सिवाय, यह प्रत्याभूति आवंटनीय या हस्तांतरणीय नहीं होगी।

13. इसमें अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,—

(क) इस बैंक प्रत्याभूति के अधीन बैंक का दयित्व प्रत्याभूति की रकम से अधिक नहीं होगी।
(ख) इस बैंक की प्रत्याभूति समाप्ति तारीख तक वैध रहेगी।

14. बैंक, इस बैंक प्रत्याभूति के अधीन प्रत्याभूत रकम या उसके किसी भाग का भुगतान करने के लिए केवल तभी दायी होगा, जब केंद्रीय सरकार समाप्ति तारीख को या उससे पहले बैंक को लिखित दावा या मांग प्रस्तुत करेगी।

तारीख [दिन] [मास] का दिन [वर्ष]

जिसके साक्ष्य स्वरूप बैंक ने अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं एवं मुहर लगा दी है।

(हस्ताक्षर)

_____

(नाम एवं पदनाम)
(बैंक की मुहर)

प्ररूप घ
उत्पादन पट्टा विलेख का रूपविद्यान
[नियम 7 (12) (क) *देखिए*]

उत्पादन पट्टा (पट्टा) अनुदान के लिए यह विलेख निम्नलिखित द्वारा और उनके बीच बनाया गया है:

पक्षकार

क. भारत के राष्ट्रपति, प्रशासनिक प्राधिकारी (**केंद्रीय सरकार**) के माध्यम से कार्य करते हुए।

और

ख. [पट्टेदार का नाम], जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है या [सरकारी कंपनी] जो कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अद्यीन भारत में निगमित है, जिसकी निगमित पहचान सं. [सीआईएन] है या निगम जो भारत में [निगम के विधि विनियम भरें] के अद्यीन सम्यक रूप से निगमित है, जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता], भारत में है और कारबार का मुख्य स्थान [कारबार के मुख्य स्थान का पता, यदि रजिस्ट्रीकृत कार्यालय से भिन्न है] पर है (**पट्टेदार**)।

पृष्ठभूमि:

ग. पट्टेदार ने अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2002 (2003 का 17) (**अधिनियम**) और बनाए गए नियमों के अद्यीन अपेक्षाओं को पूरा कर लिया है और उत्पादन पट्टे के अनुदान के लिए पात्र हो गया है।

घ. तदनुसार, केंद्रीय सरकार, इसमें इसके पश्चात् आरक्षित और पट्टेदार के भाग पर संदत्त, अनुपालित और निष्पादित किए जाने वाली अंतर्विष्ट फीस, स्वामित्व, प्रसंविदाओं और करारों के प्रतिफल में पट्टेदार को पट्टे अनुदान करने के लिए इस विलेख को अब निष्पादित कर रही है।

1. **परिभाषाएं**

इस पट्टे में प्रयुक्त पदों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम और तकीन बनाए गए नियमों में है।

2. **पट्टे का अनुदान**

2.1. केंद्रीय सरकार (प्रशासनिक प्राधिकारी के माध्यम से कार्य करते हुए) अनुसूची 1 (**पट्टा क्षेत्र**) में वर्णित क्षेत्र पर पट्टेदार को निम्नलिखित खनिज, [खनिजों का नाम] (**खनिज**) के संबंध में उत्पादन संक्रिया करने के लिए उस तारीख से प्रारंभ होने वाले पट्टे का अनुदान करती है, जिस तारीख को यह सम्यक रूप से निष्पादित उत्पादन पट्टा विलेख रजिस्ट्रीकृत किया गया है, जब तक कि ऐसे क्षेत्र में ऐसे खनिजों की समाप्ति नहीं हो जाती।

2.2. यह पट्टा, पट्टा क्षेत्र में या उसके अद्यीन स्थित, पड़े या अस्तित्वमय सभी खनिजों के भंडारों के संबंध में होगा।

2.3. पट्टेदार स्वामिस्व का भुगतान करने तथा संदत्त किए जाने वाले अन्य अपेक्षित संदायों के अद्याद्यीन रहते हुए और इसमें अंतर्विष्ट सभी प्रसंविदाओं और करारों का पालन करेगा तथा पट्टेदार की ओर से उसको अनुपालित तथा निष्पादित किया जाएगा, और वह पट्टा क्षेत्र के अधिकारों और परिसरो को इस प्रकार प्रदत्त अवधि के लिए तथा उसके दौरान केंद्रीय सरकार या इसके अद्यीन अधिकार पूर्वक दावा करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार के अविधिमान्य अवरोध के बिना शांतिपूर्वक धारण कर सकेगा।

3. अधिकार और बाध्यताएं

3.1. केंद्रीय सरकार और पट्टेदार के अधिकार और बाध्यताएं अधिनियम और तद्धिन बनाए गए नियमों में यथाविनिर्दिष्ट होंगे, जिसके अंतर्गत् बिना परिसीमा के अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया अधिकार नियम, 2025 और अपतट खनिज विकास और उत्पादन करार तारीख [तारीख] भी हैं।

3.2. पूर्वगामी की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना,

(क) पट्टेदार:

(i) प्रत्येक समय अधिनियम, तद्धिन बनाए गए नियमों और तत्समय प्रवृत्त सभी अन्य लागू विधि, जिसके अंतर्गत् परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) भी है, के उपबंधों का अनुपालन करेगा;

(ii) पट्टेदार द्वारा किए जाने वाले अपेक्षित स्वामित्व और किसी प्रभार या अन्य भुगतान का शीघ्र भुगतान करेगा;

(iii) पट्टेदार द्वारा किए गए नुकसान, क्षति या विघन् के लिए तत्समय प्रवत्त विधि के अनुसार प्रतिकर का भुगतान करेगा और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा ऐसे किसी नुकसान, क्षति या विघन् तथा उससे संबंधित लागतों और खर्चों के संबंध में किए गए दावों के विरूद्ध केंद्रीय सरकार और प्रशासनिक प्राधिकारी को क्षतिपूर्ति करेगा और क्षतिपूर्ति करता रहेगा;

(iv) उत्पादन संक्रियाओं जिसके अंतर्गत् कोई उपाय भी है जो केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाए से प्रभावित समुद्र तल के नैसर्गिक पुनर्वास को सक्षम करने के लिए सभी आवश्यक कदम और उपाय करेगा;

(v) इस पट्टे के अद्यीन संक्रिया के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना की रिपोर्ट, जिससे मृत्यु या गंभीर शारीरिक क्षति *या* संपत्ति को गंभीर क्षति कारित हो या जीवन या संपत्ति पर गंभीर रूप से प्रभाव डालने वाली या संकटापन्न करने वाली हो बिना किसी देरी के नौवहन महानिदेशालय, महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, प्रशासनिक प्राधिकारी और किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा;

(vi) पट्टा क्षेत्र से उत्पादित और प्रेषित सभी खनिजों को तौलेगा या मापेगा, या तुलवाएगा या माप करवाएगा तथा तथा प्रत्येक ऐसी तौल या माप के लिए निदेशालय के प्रशासनिक प्राधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी को सात दिन पूर्व लिखित सूचना देगा जिससे वह या उसकी ओर से कोई व्यक्ति वहां उपस्थित हो सके;

(vii) ऐसे स्टाम्प-शुल्क और रजिस्ट्रीकरण प्रभारों का भुगतान करेगा जो इस विलेख की बाबत लागू हो;

(viii) अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार, पट्टे की अवधि के दौरान, पट्टा क्षेत्र में प्रवेश करेगा और इस विलेख में विनिर्दिष्ट खनिजों के लिए उत्पादन संक्रियाएं करेगा;

(ix) अधिनियमऔर तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों जिसके अंतर्गत् अधिनियम की धारा 19क के अ़द्यीन बनाए गए नियम और अधिनियम की धारा 21 के अद्यीन जारी किए गए निदेश भी है, का अनुपालन करेगा;

(x) उनके नियोजन से पहले, यह सुनिश्चित करना होगा कि पट्टेदार या संवेदित कंपनियों द्वारा पट्टा क्षेत्र में नियोजित किए जाने वाले सभी जलयानों और स्थापित किए जाने वाले संस्थापनों को संबंधित नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ और फ्लैग ऑफिसर, अपतट रक्षा सलाहकार समूह के तत्वावधान में भारतीय नौसेना के नौसैनिक सुरक्षा निरीक्षण से गुजरना होगा और उसे पास करना होगा और ऐसे निरीक्षण और अनापत्ति की सुविधा के लिए पट्टेदार द्वारा उपरोक्त कार्यालयों को एक मास की स्पष्ट सूचना दी जाएगी;

(xi) संरक्षित क्षेत्रों जिसके अंतर्गत् समुद्री राष्ट्रीय उद्यानों, समुद्री अभयारण्यों या किसी अन्य क्षेत्र भी है जो केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाए, में प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण तथा समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के संबंध में केंद्रीय सरकार विनिर्दिष्ट उपाय करेगा;

(xii) किसी भी दूरसंचार केबल, अपतट पवन टरबाइन जनरेटर, अपतट विद्युत उपकेंद्र, तेल प्लेटफॉर्म या पाइपलाइनों, भूमिगत जल के पुरातात्विक स्थलों, रक्षा संस्थापनों या किसी पत्तन क्षेत्र से पांच सौ मीटर की दूरी के भीतर किसी भी बिंदु पर कोई उत्पादन संक्रिया नहीं करेगा या करने की अनुज्ञा नहीं देगा, सिवाय सक्षम प्राधिकारी और इस निमित्त प्रशासनिक प्राधिकारी या केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अधीन और उसके अनुसार और पांच सौ मीटर की उक्त दूरी सुसंगत जलयान, संरचना या संस्थापन के बाहरी किनारे से जैसा भी लागू हो, मापी जाएगी;

(xiii) प्रस्तुत करना—

(क) वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें पट्टेदार द्वारा की गई संक्रियाओं का पूरा विवरण हो तथा पट्टेदार द्वारा इस पट्टे के अद्यीन की गई संक्रियाओं के दौरान पट्टे के अंतर्गत् आने वाले क्षेत्र के भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के संबंध में अर्जित सभी जानकारी को प्रकट करना भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण निदेशालय, प्रशासनिक प्राधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो तथा ऐसे अन्य प्राधिकरण को जिसे विनिर्दिष्ट किया जाए, किया जा सकेगा। रिपोर्ट उस वर्ष की समाप्ति के पश्चात साठ दिन की अवधि के भीतर प्रस्तुत की जाएगी, जिससे वह संबंधित है;

(ख) सम्पादन प्रतिभूति को वापस करने या किसी अन्य लेखा में अंतरित करने से पूर्व किसी भी समय, या पट्टे की समाप्ति या पयर्वसान या परित्याग या अभ्यर्पण के पश्चात तीन मास की अवधि के भीतर, जो भी पहले हो, पट्टेदार द्वारा किए गए कार्य की पूरी रिपोर्ट प्रशासनिक प्राधिकारी और निदेशालय को प्रस्तुत करना तथा पट्टा क्षेत्र के भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के संबंध में इस पट्टे के अद्यीन किए गए उत्पादन संक्रियाओं के दौरान पट्टेदार द्वारा अर्जित सभी जानकारी को प्रकट करना:

परन्तु, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, पट्टेदार यह विनिर्दिष्ट कर सकेगा कि उपरोक्त खंड 3.2 (क) (xiii) के अनुसरण में उसके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और डाटा का पूरा या उसका कोई भाग गोपनीय रखा जाएगा, और संबंधित प्राधिकारी उसके बाद प्रस्तुत रिपोर्ट और डाटा के ऐसे भागों को गोपनीय रखेंगे जो उचित समझे:

परन्तु यह और कि, केंद्रीय सरकार ऐसी गोपनीय रिपोर्टों और डाटा का अपने प्रयोजनों के लिए स्वतंत्र रूप से उपयोग कर सकेगी:

परन्तु यह भी कि, पट्टे का पर्यवसान या समाप्ति या अभ्यर्पण या परित्याग पर, जो भी पहले हो, उक्त पट्टेदार द्वारा प्रस्तुत सभी रिपोर्ट और डाटा केंद्रीय सरकार की एकमात्र संपत्ति हो जाएंगे।

(xiv) यह सुनिश्चित करना कि नौवहन के प्रयोजनों के लिए या केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य प्रयोजन के लिए किसी मान्यता प्राप्त समुद्री मार्ग में किसी मार्गाधिकार में कोई हस्तक्षेप न किया जाए;

(xv) विभाग, निदेशालय, प्रशासनिक प्राधिकारी और अन्य संबंधित सरकारी प्राधिकरणों जिसके अंतर्गत् भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय नौसेना भी है, के समाधान के लिए पट्टा क्षेत्र की सीमा को चिह्नित करने वाली सभी सूचनाएं या उत्प्लावक या साइनेज या बोया को स्थापित करना, बनाए रखना, प्रदर्शित करना और मरम्मत करना;

(xvi) पट्टा क्षेत्र के भीतर उत्पादन संक्रियाओं, सज्जीकरण या प्रसंस्करण संक्रियाओं से उत्पन्न होने वाले ठोस या तरल अपशिष्ट जिसके अंतर्गत् परिसंकटमय अपशिष्ट भी है, का व्यवस्थित निपटान सुनिश्चित करने के लिए, केंद्रीय सरकार द्वारा यथाविनिर्दिष्ट उचित कदम उठाना और उपाय करना; और

(xvii) उचित, कुशल और कुशलता से कार्य करना और उत्पादन संक्रिया जारी रखना।

(ख) केंद्रीय सरकार—

(i) सभी समयों पर किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को पट्टा क्षेत्र में प्रवेश करने और उस पर स्वतंत्रता प्रदान करने या हस्तांतरित करने का अधिकार होगा, सिवाय उन सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए जिनके लिए एकमात्र अधिकार और पट्टा स्पष्ट रूप से पट्टेदार को प्रदान किए गए हैं, जिसमें बिना किसी सीमा के, पट्टा क्षेत्र में, उसके ऊपर या उसके माध्यम से ऐसे जलयानों, उपस्करों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, दूरसंचार केबलों और अन्य ऐसे उपस्करों को नियोजित करना सम्मिलित है, जिन्हें किसी भी प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन माना जाएगा, और पट्टा क्षेत्र से ऐसे पत्थर, भूमि या अन्य सामग्री प्राप्त करना जो ऐसे जलयानों, उपस्करों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, दूरसंचार केबलों और अन्य ऐसे उपस्करों के नियोजन, मरम्मत या रखरखाव के लिए आवश्यक या अपेक्षित हो, सभी प्रयोजनों के लिए और अवसर की अपेक्षा के अनुसार ऐसे क्षेत्र से सभी समय गुजरने और पुनः गुजरने के लिए अपेक्षित होगा;

(ii) पट्टेदार द्वारा प्रदान की गई किसी संपादन प्रतिभूति को ऐसी निष्पादन प्रतिभूति के निबंधनों के अनुसार विनियोजित करने का अधिकार होगा और पट्टेदार को संपादन प्रतिभूति की पुन:पूर्ति करना अपेक्षित होगा। यदि निष्पादन प्रतिभूति निक्षेप के माध्यम से प्रदान कराई गई है, ऐसी दशा में पट्टे की समाप्ति और पट्टेदार की

सभी बाध्यताओं की पूर्ति पश्चात्, ऐसी प्रतिभूति निक्षेप समुचित कटौतियों के पश्चात् पट्टेदार को वापस कर दी जाएगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिभूति निक्षेप पर कोई ब्याज नहीं लगेगा;

(iii) किसी कार्य या मामले को करने या संपादन करने का अधिकार होगा, जो उस संबंध में संविदाओं के अनुसार पट्टेदार द्वारा किया जाना है, किंतु उस संबंध में विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसा नहीं किया गया है या संपादित नहीं किया गया है, और पट्टेदार केंद्रीय सरकार को मांग किए जाने पर सभी खर्चों का भुगतान करेगा जो इसके कार्यान्वयन या संपादन में खर्च होंगे।

(iv) किसी अन्य अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या अपनी ओर से किसी व्यक्ति को पट्टा क्षेत्र में प्रवेश करने और (i) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खोज करने, खोदने, निकालने और ले जाने के लिए प्राधिकृत होंगे; (ii) अपतट पवन टरबाइन जनरेटर, अपतट विद्युत उपकेंद्रों को लगाने या रखरखाव करने, मरम्मत करने या बदलने की होगी; (iii) इन प्रयोजनों के लिए या किसी अन्य प्रयोजन के लिए, यथास्थिति केंद्रीय सरकार या प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया, ऐसे संयंत्र, संस्थापनों, पाइपलाइन, केबल, जलमार्ग, इंजन, मशीनरी और सुविधाओं को निमग्त कसे, चलाने, खड़ा करने, निर्माण करने, रखरखाव करने और उपयोग करने की शक्ति होगी, जो आवश्यक समझा जाए:

परन्तु, ऐसी शक्ति के प्रयोग में इन प्रस्तुतियों के अद्यीन पट्टेदार के अधिकारों में कोई पर्याप्त बाधा या हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा और उचित प्रतिकर, जिस पर पारस्परिक सहमति हो या असहमति की स्थिति में, जो प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाए है, को संदत्त करेगा,—

(i) ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा पट्टेदार को, यथास्थिति, केंद्रीय सरकार द्वारा इस शक्ति के प्रयोग के कारण पट्टेदार को हुई किसी हानि या नुकसान के लिए, क्षतिपूर्ति;

(ii) केंद्रीय सरकार द्वारा इस शक्ति के प्रयोग के कारण ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या ऐसे अन्य व्यक्ति को हुई किसी हानि या नुकसानी के लिए पट्टेदार द्वारा ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार या ऐसे अन्य व्यक्ति को, प्रतिपूर्ति के लिए; और

(v) सरकारी प्राधिकरण द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी अन्य अनुज्ञप्तिधारी, पट्टेदार या प्रचालक को उक्त क्षेत्रों में प्रवेश करने और पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस निकालने के प्रयोजनों के लिए पाइपलाइन बिछाने या पंपिंग स्टेशन स्थापित करने की शक्ति प्रदान करने और पट्टांतरण करने की शक्ति है, ऐसे अनुज्ञप्तिधारी, पट्टेदार या सरकारी प्राधिकरण द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रचालक द्वारा और पट्टेदार किसी भी पेट्रोलियम संक्रियाओं या अपतट पवन ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित किसी भी संक्रिया या ऐसे अन्य संक्रिया में बाधाओं या हस्तक्षेप से बचाव के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेगा, जो पट्टा क्षेत्र के भीतर सरकारी प्राधिकरण द्वारा सम्यक् प्राधिकृत प्रचालक द्वारा किए जा रहे हैं या किए जाने का प्रस्ताव है।

3.3. यदि केंद्रीय सरकार किसी खनिज के संबंध में अपने अग्रक्रय के अधिकार का प्रयोग करने की इच्छुक है, तो केंद्रीय सरकार अग्रक्रय के समय विधमान जो निदेशालय द्वारा प्रकाशित की जाए, ऐसे खनिजों के औसत विक्रय कीमत का भुगतान करेगी।

3.4. युद्ध या आपातकाल की स्थिति, के अस्तित्व की घटना (जिसके अस्तित्व के लिए भारत के राष्ट्रपति एकमात्र न्यायाधीश होंगे और भारत के राजपत्र में इस आशय की अधिसूचना निर्णायक सबूत होगी) केंद्रीय सरकार को उक्त अवधि के दौरान सभी समय (पट्टेदार या पट्टेदारों को लिखित में सूचना द्वारा प्रयोग किया जाने वाला) पट्टा क्षेत्र या इस पट्टे के अद्यीन संक्रियाओं के संबंध में पट्टेदार के जलयानों, संस्थापनों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, संयंत्रों, मशीनरी, उपस्करों और परिसर को तुरंत अपने कब्जे में लेने और नियंत्रण करने का अधिकार होगा और ऐसे कब्जे या नियंत्रण के दौरान, पट्टेदार ऐसे जलयानों, संस्थापनों, प्लेटफार्मों, पाइपलाइनों, संयंत्रों, मशीनरी, उपस्करों, परिसरों और खनिजों के उपयोग के नियोजन के संबंध में केंद्रीय सरकार द्वारा या उसकी ओर से दिए गए सभी निदेशों का पालन करेगा अवधारित, परन्तु उचित प्रतिकर, जो कि केंद्रीय सरकार द्वारा समझौते के चूक में अवधारित किया जाएगा, पट्टेदार को इस खंड द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के कारण या उसके परिणामस्वरूप उसे/उन्हें हुई सभी हानि या नुकसान के लिए संदत्त किया जाएगा और परंतु यह भी कि ऐसी शक्ति का प्रयोग दी गई उक्त अवधि को समाप्त नहीं करेगा या इस खंड की शर्तों और उपबंधों को प्रभावित नहीं करेगा।

3.5. पट्टेदार को दी जाने वाली प्रत्येक सूचना लिखित रूप में ऐसे व्यक्ति को दी जाएगी जिसे पट्टेदार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जा सकता है और ऐसे नामांकन की सूचना लिखित रूप में प्रशासनिक प्राधिकारी को दी जाएगी। यदि ऐसा कोई नामांकन नहीं किया जाता है तो पट्टेदार को सूचना रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या ई-मेल द्वारा पट्टे के लिए आवेदन में दर्शाए गए पते पर या भारत में ऐसे अन्य पते पर भेजा जाएगा जिसे पट्टेदार अभिहित करे और ऐसी प्रत्येक सेवा पट्टेदार पर उचित और विद्यिमान्य सेवा मानी जाएगी और उस पर उसके द्वारा प्रश्न नहीं उठाए जाएंगे या उसे चुनौती नहीं दी जाएगी।

3.6. यदि किसी भी घटना में प्रशासनिक प्राधिकारी के आदेशों को केंद्रीय सरकार द्वारा अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 के अद्यीन कार्यवाही के अनुसरण में पुनरीक्षित, समीक्षा या रद्द किया जाता है, तो पट्टेदार इन उपबंधों द्वारा पट्टेदार को प्रदत्त शक्तियों और विशेषाधिकारों के प्रयोग में पट्टेदार को हुए किसी भी नुकसान के लिए प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

4. अपरिहार्य घटना

4.1. इस खंड में "अपरिहार्य घटना" से दैवीय कृत्य, युद्ध, विद्रोह, दंगा, नागरिक उपद्रव, हड़ताल, भूकंप, तूफान, ज्वार की लहर, बाढ़, बिजली, विस्फोट, आग, या कोई अन्य घटना से अभिप्रेत है जिसे पट्टेदार उचित रूप से रोक या नियंत्रित नहीं कर सकता।

4.2. पट्टेदार द्वारा इस पट्टे की किसी भी शर्त को पूरा करने में असफलता से केंद्रीय सरकार को पट्टेदार के विरुद्ध कोई दावा प्राप्त नहीं होगा या इसे इस पट्टे का उल्लंघन नहीं समझा जाएगा, जहां तक केंद्रीय सरकार द्वारा ऐसी असफलता को अपरिहार्य घटना से उत्पन्न माना जाता है, और यदि पट्टेदार द्वारा इस पट्टे की किसी भी शर्त को पूरा करने में अपरिहार्य घटना से देरी होती है, तो ऐसी देरी की अवधि को इस पट्टे द्वारा नियत अवधि में जोड़ दिया जाएगा।

4.3. प्रशासनिक प्राधिकारी या केंद्रीय सरकार, किसी रीति से, किसी अप्ररिहार्य घटना के घटित होने या अस्तित्व में आने से उत्पन्न होने वाली किसी हानि के लिए पट्टेदार के प्रति दायी नहीं होगी।

5. शासित विधि

इस पट्टे और इसके निर्वचन के सभी प्रश्नों को भारत के तत्समय प्रवृत्त विधियों के अनुसार समझा जाएगा। अधिनियम की धारा 28 में निहित उपबंधों के अधीन, इस विलेख के अधीन उद्भूत होने वाले विवादों पर नई दिल्ली के न्यायालयों की अनन्य अधिकारित होगा।

जिसके साक्ष्य में [स्थान का नाम] पर [तारीख] को सांप्रतिक निष्पादित किए गए हैं।

अनुसूची I: उत्पादन पट्टे का क्षेत्र

(अपतट क्षेत्र, जिसके अंतर्गत् अक्षांश और देशांतर भी है, का विवरण उपबंधित किया जाना है।)

प्ररूप ङ

अंतरण आवेदन का रूपविद्यान

[नियम 19 (2) देखिए]

सेवा में,

[*पता*]

मैं/हम संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टे के अंतरण के लिए अनुरोध करते हैं।

क्र. सं.	मद के ब्यौरे	विशिष्टियां
(1)	(2)	(3)
1.	अंतरक का नाम	
2.	अंतरक का पता	
3.	अंतरिती का नाम	
4.	अंतरिती का पता	
5.	उत्पादन पट्टा या संयुक्त अनुज्ञप्ति संख्या	
6.	किसी भी सरकारी प्राधिकरण द्वारा अनुदत्त अनुज्ञप्ति या पट्टे, जिसके अंतर्गत् पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस या पवन ऊर्जा परियोजना, या आवेदन किए गए क्षेत्र में विद्यमान पत्तन, केबल, पाइपलाइन जैसी कोई अवसंरचना संबंधी परियोजनाएं भी हैं, की विशिष्टियां।	
7.	संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टे के रजिस्ट्रीकरण की तारीख	
8.	क्या अंतरिती अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टा रखने के लिए पात्र है?	हां/नहीं
9.	अंतरिती द्वारा देय प्रतिफल, जिसके अंतर्गत् पहले से किए गए खोज संबंधी संक्रियाएं तथा संक्रियाओं के दौरान सृजित रिपोर्ट और डाटा के संबंध में प्रतिफल भी है।	
10.	क्या अंतरिती, तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन सभी शर्तों और दायित्वों को स्वीकार करने के लिए सहमत है, जिनके अधीन अंतरक, ऐसे संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टे के सम्बन्ध में था।	हां/नहीं

हम घोषणा करते हैं कि ऊपर दिए गए विवरण सही हैं और हम अन्य ब्यौरे भी देने के लिए तैयार हैं, जो आपके द्वारा अपेक्षित हो।

अंतरिकी और अंतरक संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टे के अंतरण के संबंध में अधिनियम की धारा 13ख और अपतट क्षेत्र परमाणु खनिज संक्रिया संबंधी अधिकार नियम, 2025 के उपबंधों का अनुपालन करने का भी वचन देते हैं।

भवदीय,

अंतरक

.....

अंतरिती

.....

स्थान: .....

तारीख: .....

आवेदकों के लिए अनुदेश:

(a) यदि आवेदक कोई कंपनी है तो आवेदन आवेदक के सम्यक् रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए।

(b) आवेदक के प्राधिकृत हस्ताक्षरी (जो एक कंपनी है) का निगमित प्राधिकरण आवेदन के साथ संलग्न किया जाना चाहिए। ऐसे निगमित प्राधिकरण में किसी भी परिवर्तन की सूचना तुरंत केंद्रीय सरकार को दी जानी चाहिए।

(c) अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार संयुक्त अनुज्ञप्ति या उत्पादन पट्टा रखने के लिए अंतरिती की पात्रता की पुष्टि करने के लिए दस्तावेजी साक्ष्य आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

प्ररूप च
अंतरण विलेख का रूपविद्यान

भाग क
संयुक्त अनुज्ञप्ति के लिए अंतरण विलेख का रूपविद्यान

[नियम 19 (6) देखिए]

अंतरण विलेख (**विलेख**) इस [*दिन*] [*मास*], [*वर्ष*] के बीच बनाया जाता है:

1. (*सरकार का नाम*), जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् अंतरक कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत्, जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उनके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*सरकारी कंपनी का नाम), (जिस अधिनियम के अधीन निगमित किया गया)* के *अधीन* रजिस्ट्रीकृत कंपनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पता] पर है (जिसे इसमें इसके बाद **अंतरक** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत् जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*निगम का नाम),* [निगम के क़ानून/विनियम अंत: स्थापित करें] के सम्मिलित समझे जाएंगे भारत में सम्यक् रूप से निगमित और इसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् **अंतरक** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत् जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती समझे जाएंगे) पहले पक्ष के रूप में;

और

2. (*सरकार का नाम*), जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है (जिसे इसमें, इसके पश्चात् **अंतरिती** कहा जाएगा, जिस पद के अंतर्गत्, जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती भी सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*सरकारी कंपनी का नाम), (अधिनियम जिस के अधीन निगमित किया गया)* के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [*पता]* पर है (जिसे इसके पश्चात् **अंतरिती** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत् जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*निगम का नाम*), [निगम के क़ानून/विनियम अंत: स्थापित] के अधीन भारत में सम्यक् रूप से निगमित और इसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् **अंतरिती** में संदर्भित किया जाएगा, जिस पद के अंतर्गत् में जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे) दूसरे पक्ष के रूप में;

और

3. भारत के राष्ट्रपति, प्रशासनिक प्राधिकारी के माध्यम से कार्य करते हुए, (जिसे इसमें इसके पश्चात् **केंद्रीय सरकार** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत्, जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी सम्मिलित समझे जाएंगे) तीसरे पक्ष के रूप में।

यत:

क. अंतरक को केंद्रीय सरकार द्वारा संयुक्त अनुज्ञप्ति अनुरत्त की गई है जिसके संबंध में केंद्रीय सरकार और अंतरक ने संयुक्त अनुज्ञप्ति की खोज अनुज्ञप्ति विलेख तारीख [*तारीख*] को निष्पादित किया है और संयुक्त अनुज्ञप्ति के संबंध में [*पता]* के उप-रजिस्ट्रार कार्यालय में [*तारीख*] को सं. [*संख्या]* के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया है (सामूहिक रूप से **रियायत दस्तावेज**) और इसे ***उपाबंध क*** के रूप में संलग्न किया गया है ।

ख. रियायत दस्तावेजों के अनुसार, अंतरक रियायत दस्तावेजों की अनुसूचियों में वर्णित अपतट क्षेत्र में खोज संबंधी संक्रिया करने का हकदार है (विशेष रूप से ***उपाबंध ख में उपवार्णित***) (**अनुज्ञप्ति क्षेत्र**), किराए और स्वामिस्वों के भुगतान और अंतरक की प्रसंविदा और रियायत दस्तावेजों में निबंधनों के पालन और निष्पादन के अधीन है, जिसके अंतर्गत् लागू विधियों के उल्लंघन में संयुक्त अनुज्ञप्ति को अंतरिती न करने की प्रसंविदा भी है।

ग. अंतरक ने अपने तारीख [*तारीख*] के अंतरित आवेदन पत्र के अनुसरण में, अंतरिती को संयुक्त अनुज्ञप्ति के अंतरित के संबंध में अनुमोदन के लिए प्रशासनिक प्राधिकारी से अनुरोध किया है।

घ. प्रशासनिक प्राधिकारी ने अपने तारीख [*तारीख*] के पत्र के अनुसरण में, इस विलेख में अंतर्विष्ट निबंधनों और शर्तों के अंतरिती द्वारा अनुपालन के अंतरित आवेदन पर अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

अब यह विलेख निम्न प्रकार साक्षित करता है:

1. बड़े अक्षरों वाले पदों जो इस विलेख में प्रयुक्त किन्तु परिभाषित नहीं है, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, वही अर्थ होंगे जो यथास्थिति, रियायत दस्तावेजों या अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2002 (2003 का 17) (**अधिनियम**) और बनाए गए नियमों, में हैं।

2. अंतरिती केंद्रीय सरकार के साथ प्रंसविदा करता है कि संयुक्त अनुज्ञित के अंतरण और समनुदेशन से और उसके पश्चात् अंतरिती से प्रसंविदाओं के सभी उपबंधो, रियायत दस्तावेजों में अंतर्विष्ट अनुबंधों और शर्तों से उसी रीति में सभी आबद्ध होंगे, और उनका पालन संपादन करेंगे तथा सम्मत होंगे और उनके अध्यधीन होंगे, मानो संयुक्त अनुज्ञित तद्धीन पट्टेदार के रूप में अंतरिती को अनुदत की गई है और उसने मूलत: रियायत दस्तावेज उस रूप में निष्पादित किए थे ।

3. एक पक्षकर के रूप में अंतरक तथा दूसरे पक्षकार के रूप में अंतरिती द्वारा यह और करार किया जाता है, तथा घोषित किया जाता है कि:

3.1. अंतरिती और अंतरक यह घोषणा करते हैं कि अंतरिती उन सभी पात्रता शर्तों को पूरा करता है और पूरा करता रहेगा, जिन्हें संयुक्त अनुज्ञप्ति के अनुदान के लिए अंतरक द्वारा पूरा किया जाना अपेक्षित था।

3.2. अंतरक और अंतरिती यह घोषणा करते हैं कि उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया है कि उस अनुज्ञप्ति क्षेत्र जिसके लिए संयुक्त अनुज्ञप्ति की जा रही है, उस पर खनिज अधिकार केंद्रीय सरकार में निहित किए जा रहे हैं।

3.3. अंतरिती यह अभिस्वीकार करता है कि उसने रियायत दस्तावेजों की एक प्रति प्राप्त कर ली है और उसे पढ़ लिया है तथा समझ लिया है, एवं यह प्रसंविदा करार और पुष्टि करता है कि वह रियायत दस्तावेजों के सभी उपबंधों द्वारा आबद्ध होगा, यह उसका मूल पक्षकार हो।

3.4. अंतरक यह घोषणा करता है कि उसने अब अंतरित की जा रही संयुक्त अनुज्ञप्ति को समनुदेशित नहीं किया है या किसी अन्य रीति में अंतरित नहीं किया है तथा यह कि किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों का कोई अधिकार, हक या हित नहीं है जिसके अधीन वर्तमान में संयुक्त अनुज्ञप्ति को अंतरित किया जा रहा है।

3.5. अंतरिती यह घोषणा करता है कि उसने सभी शर्तों और दायित्वों को स्वीकार कर लिया है जिसको अंतरक ऐसे संयुक्त अनुज्ञप्ति के संबंध में रखता था।

3.6. अंतरिती यह भी घोषणा करता है कि वह या यह वित्तीय रुप से सक्षम है और खोज संबंधी संक्रिया सीधे तौर पर करेगा।

3.7. अंतरक ने अंतरिती को अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अभित्यज्ञित खुदाई के सभी मानचित्रों, खंडों और योजनाओं की मूल या प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध करा दी हैं।

3.8. इसके अतिरिक्त अंतरिती यह भी घोषणा करता है कि इस अंतरण के परिणामस्वरूप, संक्रिया संबंधी अधिकारों के अधीन उसके या इसके द्वारा धारित कुल क्षेत्रफल अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन नहीं हुआ।

3.9. अंतरक ने संयुक्त अनुज्ञप्ति के संबंध में केंद्रीय सरकार को आज की तारीख तक सभी किराये, स्वामिस्व और अन्य बकाया राशि संदत्त कर दी है।

साक्ष्य स्वरूप पक्षकारों ने सर्वप्रथम ऊपर लिखी तारीख और वर्ष को हस्ताक्षर कर दिए हैं।

केंद्रीय सरकार के लिए और उसकी ओर से:

नाम: _____

पदनाम: _____

अंतरक के लिए और उसकी ओर से:

नाम: _____

अंतरिती के लिए और उसकी ओर से:

नाम: _____

उपाबंध क :
रियायत दस्तावेजों की प्रति

उपाबंध ख :
संयुक्त अनुज्ञप्ति का अवस्थान और क्षेत्र

[*क्षेत्र की विशिष्टियां, जिसके अंतर्गत् भू-निर्देशांक, अक्षांश और देशांतर भी है उपबंधित किया जाना है।*]

भाग ख
उत्पादन पट्टे के लिए विलेख का रूपविधान

[नियम 19 (6) *देखिए]*

अंतरण विलेख (**विलेख**) इस [*दिन*] [*मास*], [*वर्ष*] के बीच बनाया जाता है:

1. (*सरकार का नाम),* जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् **अंतरक** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत्, जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उनके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती भी सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*सरकारी कंपनी का नाम), (जिस अधिनियम के* अधीन *निगमित किया गया)* के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् अंतरक कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत् जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*निगम का नाम*), [निगम के क़ानून/विनियम अंत: स्थापित को] के अधीन भारत में सम्यक रूप से निगमित और इसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् "**अंतरक**" रूप कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत् जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे) पहले पक्ष का;

और

2. (*सरकार का नाम*), जिसका कार्यालय [सरकार का पता] पर है (जिसे इसमें इसके पश्चात् अंतरिती कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत्, जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*सरकारी कंपनी का नाम), (जिस अधिनियम के अधीन निगमित किया गया)* के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [*पता*] पर है (जिसे इसमें इसके बाद **अंतरिती** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे); या

(*निगम का नाम*), [निगम के क़ानून/विनियम अंतस्थपित] के अधीन भारत में सम्यक रूप से निगमित और इसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय [पता] पर है (जिसे इसमें इसके बाद **अंतरिती** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत् जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती सम्मिलित समझे जाएंगे) दूसरे पक्ष का;

और

3. भारत के राष्ट्रपति, द्वारा प्रशासनिक प्राधिकारी के माध्यम से कार्य करते हुए, (जिसे इसमें इसके पश्चात् **केंद्रीय सरकार** कहा गया है, जिस पद के अंतर्गत्, जहां संदर्भ ऐसा स्वीकार करता है, उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी सम्मलित समझे जाएंगे) तीसरे पक्ष के रुप मे ।

जबकि:

क. अंतरक को केंद्रीय सरकार द्वारा उत्पादन पट्टा अनुदत्त किया गया है जिसके संबंध में केन्द्रीय सरकार और अंतरक ने निष्पादित किया है: (क) अपतट खनिज विकास और उत्पादन करार, तारीख [*तारीख*]; और (ख) उत्पादन पट्टे के संबंध में [पता] के [उप-रजिस्ट्रार] कार्यालय में [तारीख] को [संख्या] के रूप में रजिस्ट्रीकृत एक पट्टा विलेख (जिसे सामूहिक रूप से रियायती दस्तावेज कहा गया है) **और** इसे **उपाबंध *क*** के रूप में संलग्न किया गया है।

ख. रियायत दस्तावेजों के अनुसार, अंतरक रियायत दस्तावेजों की अनुसूचियों में वर्णित अपतट क्षेत्र (विशेष रूप से **उपाबंध *ख*** में उपवर्णित) (**पट्टा क्षेत्र) में (***खनिजों के नाम) के संबंध में अपतट खानों और खनिजों की खोज, अधिग्रहण और कार्य करने*** का हकदार है, जो कि किराए और स्वामिस्व के भुगतान और अंतरक के प्रसंविदा और रियायत दस्तावेजों में शर्तों के पालन और अभ्यर्पण के अधीन है, जिसमें लागू विधियों के उल्लंघन में उत्पादन पट्टे को अंतरित नहीं करने का प्रसंविदा भी है।

ग. अंतरक ने अपने तारीख [*तारीख*] के अंतरक आवेदन पत्र के अनुसरण में, अंतरिती को उत्पादन पट्टे के अंतरक के संबंध में प्रशासनिक प्राधिकारी से अनुमोदन के लिए अनुरोध किया है।

घ. प्रशासनिक प्राधिकारी ने अपने तारीख [*तारीख*] के पत्र के अनुसरण में इस विलेख में अंतर्विष्ट निबंधनों और शर्तो के अंतरिती द्वारा अनुपालन के अध्यधीन रहते हुए अंतरक के आवेदन पर अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

अब यह विलेख निम्न प्रकार साक्षित करता है:

